* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, मंगलवार 07 मई 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 14 , संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 2, अंक : 28

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




पेज 02

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 43.0 | 28.0 |
| जमशेदपुर | 41.0 | 27.4 |
| डालटनगंज | 41.4 | 24.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



## तीसरे चरण में 94 सीटों पर वोट आज



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को होगा. चुनाव आयोग की तरफ से इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. इस फेज में 10 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश की कुल 94 सीटों पर वोट डाले जाएंगे. तीसरे चरण में कुल 1351 उम्मीदवार मैदान मे हैं. भाजपा के 82, कांग्रेस के 68, समाजवादी पार्टी के 10, तृणमूल कांग्रेस के छह, शिवसेना (उद्धव गुट) पांच, राजद तीन, जेडीयू के तीन उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा. तीसरे चरण में असम की 4, बिहार की 5, छत्तीसगढ़ की 7, दादरा और नगर हवेली 01, दमन और दीव 01, गोवा 02, गुजरात 25, कर्नाटक 14, मध्य प्रदेश 8, महाराष्ट्र 11, यूपी 10 और बंगाल की चार सीटों पर मतदान संपन्न कराया जाएगा.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,500 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### एनडीए को 150 सीटें भी नहीं मिलेंगी: राहुल

**अलीराजपुर (मप्र)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार से जनता त्रस्त है.

#### सुनीता विलियम्स आज से फिर अंतरिक्ष की यात्रा पर

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 58 साल की उम्र में मंगलवार को बतौर पायलट तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं. पिछली बार अंतरिक्ष में गीता ग्रंथ लेकर जानेवाली सुनीता इस बार अपने साथ भगवान गणेश जी की प्रतिमा लेकर जाएंगी.

#### कोल इंडिया ने खजाने में दिए 60,140 करोड़

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) का सरकारी खजाने को योगदान वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत बढ़कर 60,140.31 करोड़ रुपए रहा है. यह योगदान रॉयल्टी समेत अन्य शुल्क के रूप में दिया गया.

## ईडी की बड़ी कार्रवाई

### आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के घर से मिले 40 करोड़

# फिर मिला नोटों का अंबार

- रांची में नौ ठिकानों पर एक साथ छापेमारी
- ईडी के ज्वॉइंट डायरेक्टर भी पहुंचे

**सौरभ सिंह/विनीत उपाध्याय।रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार की सुबह छह बजे राजधानी रांची में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल नौ ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी की. ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के हरमू रोड के गाड़ीखाना स्थित आवास से 40 करोड़ रुपए नकद बरामद किये हैं. इसके अलावा पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के फ्लैट से ईडी द्वारा तीन करोड़ रुपए बरामद किये जाने की सूचना है. मुन्ना सिंह मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के करीबी बताये जाते हैं.

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नौकर जहांगीर आलम ने ईडी की पूछताछ में बताया है कि सारे पैसे मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के हैं. मामले में ईडी की कार्रवाई जारी है. नोट बरामदगी के बाद ईडी के एडिशनल ज्वाइंट डायरेक्टर कपिल राज भी सोमवार शाम मामले की जांच के लिए जहांगीर आलम के गाड़ीखाना स्थित आवास पहुंचे. हालांकि नोट बरामदगी मामले में ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है. रेड के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं.

बताया जा रहा है कि ईडी ने 40 करोड़ रुपए से अधिक नकदी और कुछ जेवर बरामद किये हैं. बरामद नोट ज्यादातर 500 के हैं. इस बीच, चुनाव के दौरान इतनी रकम बरामद होने के बाद राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि इसकी गूंज झारखंड के चुनाव में दिखेगी. नोटों की गिनती कई मशीनों से की जा रही है.

### 10 हजार रुपये की रिश्वत की जांच से शुरू हुआ था मामला

दरअसल पूरा मामला 10 हजार रुपए की रिश्वत मामले की जांच से शुरू हुआ था. इस सिलसिले में पिछले साल मई में ईडी ने चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के यहां छापेमारी की थी. तब उन्होंने बयान दिया था कि रिश्वत की रकम मंत्री जी के यहां पहुंचाई जाती है. इसके बाद ही मंत्री आलमगीर आलम का नाम पहली बार सामने आया था. फिर ईडी की जांच आगे बढ़ती गई और कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए ईडी उनके सचिव संजीव लाल तक पहुंच गई. इसके बाद संजीव लाल और उनके नौकर सह सहायक जहांगीर के घर रेड की जा रही है.

-पेज 2 भी देखें

### गिनने के लिए मंगवानी पड़ी मशीनें



### कैश रखने के लिए 12 बक्से लाये गये



जहांगीर आलम के घर से बरामद हुए नोटों की गिनती का वीडियो भी सामने आ चुका है, जिसमें साफ- साफ देखा जा सकता है कि बैंक के कर्मचारी बरामद रुपयों की गिनती करने में जुटे हैं. नगद राशि इतनी अधिक है कि बैंक कर्मचारियों को उसे रखने के लिए छह अतिरिक्त बक्से लाने पड़े. कुल 12 बक्सों में बरामद रुपयों को रखा जाएगा.

### गिरफ्तार इंजीनियर वीरेंद्र राम के मामले में हो रही रेड

ईडी की ये रेड गिरफ्तार इंजीनियर बीरेंद्र राम के मामले में की हो रही है. ईडी ने ग्रामीण विकास के मुख्य अभियंता बीरेंद्र राम को फरवरी 2023 में अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था. ईडी ने बीते साल फरवरी में बीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर रेड मारी थी. रेड में मिले दस्तावेज के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था. इनके के ठिकानों से 30 लाख रुपए नकद के अलावा 1.50 करोड़ रुपए के जेवरात मिले थे. इसके अलावा ईडी को उनकी 100 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति का भी पता चला था.

### शहर में किन ठिकानों पर ईडी टीम ने की छापेमारी

- मेन रोड पर पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में रहनेवाले बिल्डर मुन्ना सिंह के फ्लैट में
- **गाड़ीखाना चौक स्थित संजीव लाल के नौकर सह सहायक जहांगीर आलम के सैयद रेजीडेंसी स्थित आवास में**
- दीनदयाल नगर और कांके रोड स्थित आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल का घर पर.
- **सेल सिटी स्थित पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के घर पर.**
- बोड़ेया रोड के चिरौंदी में इंजीनियर कुलदीप मिंज के घर. कुलदीप लोहरदगा में इंजीनियर हैं.

### पूजा सिंघल के ठिकाने से मिले थे 19.31 करोड़

दो साल पूर्व 6 मई 2022 को आईएएस पूजा सिंघल के ठिकाने से ईडी ने 19.31 करोड़ बरामद किये थे. ईडी ने ये रुपए पूजा के करीबी सीए सुमन कुमार के फ्लैट से बरामद किया था. ईडी ने उस वक्त पूजा सिंघल व उनसे जुड़े लोगों के 18 ठिकानों पर छापेमारी की थी.

### टीवी पर आप लोग जो देख रहे हैं, हम भी वही देख रहे हैं

अपने पीएस संजीव लाल के ठिकाने से 40 करोड़ रुपए बरामद होने के मामले में मंत्री आलमगीर आलम की भी प्रतिक्रिया आयी है. उन्होंने कहा कि वह इससे पहले दो-दो मंत्री का पीएस रह चुका है.



हमें कुछ भी मालूम नहीं है. टीवी में आप लोग जो देख रहे हैं, हम भी वही देख रहे हैं. अब ईडी का क्या निष्कर्ष आएगा, बाद में बताया जाएगा. मेरा पीएस है, विभागीय है और वो सरकारी मुजालिम है. हमलोग जिस पीएस को रखते हैं, उसके अनुभव को देखकर ही रखते हैं. संजीव इससे पहले भी एक नहीं दो -दो मंत्री के पीएस रह चुका था. उसी आधार पर हमलोग उसे लाये थे. अब बाकी जो चर्चा चल रही है, जबतक उसका निष्कर्ष नहीं आएगा, तब तक उसपर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं है. ईडी की जांच में जो बातें सामने आएंगी, उसपर हम लोग बात करेंगे.

## भ्रष्टाचार का नया चेहरा आलमगीर आलम !

**सुरजीत सिंह**

**त्वरित टिप्पणी**

**क्या** यह महज संयोग है कि कांग्रेस के धीरज साहू के ठिकानों से 351 करोड़ रुपए से अधिक की बरामदगी के कुछ महीने बाद ही मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से 40 करोड़ रुपए से अधिक मिला है. क्या कांग्रेस-झामुमो अब भी ईडी की इस कार्रवाई को सत्ता पक्ष के लोग ईडी के गलत इस्तेमाल की बात कह कर आम लोगों की आंख में धूल झोंक पाएंगे. बिल्कुल नहीं. पीएस के नौकर के घर से इतनी बड़ी राशि की बरामदगी विशुद्ध रूप से आलमगीर आलम व उनके विभाग में भ्रष्टाचार से जुड़ा माना जाएगा. आलमगीर आलम कांग्रेस से विधायक हैं और झारखंड सरकार में मंत्री हैं, ग्रामीण विकास विभाग जैसे भारी-भरकम बजट वाला विभाग उनके पास है. भ्रष्टाचार के तमाम अवसर उपलब्ध हैं. इतनी बड़ी राशि की बरामदगी यह बताने के लिए काफी है कि मंत्री आलमगीर आलम के विभाग में क्या कुछ चल रहा था. भ्रष्टाचार किस ऊंचाई तक पहुंचा हुआ है?

एक बात यह भी है कि आलमगीर आलम उस कांग्रेस पार्टी के कोटे से मंत्री हैं, जिसके नेता पैसे की कमी के कारण ठीक से चुनाव प्रचार नहीं करने की बात कहते रहे हैं. विज्ञापन, होर्डिंग लगाने तक के पैसे नहीं हैं. लेकिन उनकी ही पार्टी के एक मंत्री के पीएस के नौकर के घर से करोड़ों रुपए मिल रहे. इससे यह भी स्पष्ट होता है कि कांग्रेसी सिर्फ अपना घर भरने में भरोसा रखते हैं. इस घटना ने कांग्रेस के उन विधायकों के आरोपों को भी सही साबित कर दिया है, जो अपने मंत्रियों के भ्रष्टाचार की बात कहत रहे हैं. जो विधायक दिल्ली तक जाकर पार्टी के मंत्रियों को बदलने की मांग कर रहे थे.

मंत्री आलमगीर आलम यह कह रहे हैं कि पैसे कहां से आए, यह वह नहीं जानते. उनका पीएस पहले भी दो मंत्रियों का पीएस रह चुका है. अनुभव को देख करके ही हम लोग पीएस रखते हैं. लेकिन क्या मंत्री आलम यह बता पाएंगे कि जितनी रकम की बरामदगी हुई है, वह जायज कमाई का हिस्सा हो सकती है. अगर नहीं तो उनके विभाग में भ्रष्टाचार कैसे होता रहा. फलता-फूलता रहा.

बहरहाल, धीरज साहू के बाद मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के घर से रुपए की बरामदगी की घटना ने झारखंड ही नहीं देश भर में भाजपा को राज्य सरकार और इंडिया गठबंधन पर एक और हमले का बड़ा मौका बैठे-बिठाये दे दिया है. झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा और ज्यादा आक्रामक होगी. और चुनाव में इसका फायदा भाजपा प्रत्याशियों को मिलेगा. दूसरी तरफ कांग्रेस-झामुमो के प्रत्याशियों को बड़ा नुकसान. सरकार के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन समेत उनके कई करीबी पहले से ही भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं. अब इस पैसे की बरामदगी ईडी के उन आरोपों को और मजबूत करती है, जिसमें कहा जा रहा है झामुमो-कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है. आम लोगों में यही संदेश जाएगा वर्तमान सरकार में मंत्री-अधिकारी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं. कुल मिलाकर बीच लोकसभा चुनाव में सरकार के मंत्री आलमगीर आलम





### ओडिशा के नवरंगपुर की रैली में बोले पीएम मोदी

## घर जाकर, टीवी पर देखना बड़ा माल पकड़ रहा है मोदी



**नवरंगपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के नवरंगपुर में रैली के दौरान झारखंड में कैश मिलने पर कहा, मैं रुपया भेजूंगा, तो खाने नहीं दूंगा. जो खाएगा वो जेल में खाना खाएगा. जेल की रोटी चबाएगा. घर जाओगे, तो टीवी पर देखना पड़ोस में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं. मोदी माल पकड़ रहा है. वहां चोरी बंद की है. इनकी लूट बंद कर दी. अब मोदी को गाली देंगे कि नहीं.

### बाबूलाल मरांडी का आरोप

## नोटों की गड्डी में मिला सीएस को ईडी का लिखा गोपनीय पत्र



**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर बड़ा आरोप लगाया है. लिखा है- ईडी ने सीएस को गोपनीय पत्र लिखकर कार्रवाई करने को कहा था. सीएस ने इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया. कार्रवाई नहीं हुई. उल्टे वही पत्र जहांगीर के घर से मिला. मरांडी ने सीएम से मामले में केस दर्ज कर सीबीआई जांच की मांग की है, ताकि पता चले कि चिट्ठी किन-किन लोगों के पास से होती हुई नोटों के बंडल के बीच पहुंच गई.

# हेमंत सोरेन का दिखा गुरुजी लुक

**संवाददाता।रांची**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने नये अंदाज में अपना लुक बदल लिया है. उनकी जो नई तस्वीरें सामने आईं,उनमें वह अपने पिता गुरुजी शिबू सोरेन की तरह दिख रहे हैं. गिरफ्तारी के बाद से पहली बार सोमवार को हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकले. हेमंत को इसी साल 31 जनवरी की रात ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था. तब से वह जेल में बंद हैं.

हाईकोर्ट की अनुमति से वह अपने ताऊजी के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए बाहर निकले. ताऊ राजाराम सोरेन के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए पुलिस कस्टडी में पैतृक गांव नेमरा रवाना हुए. हेमंत सोरेन का गुरुजी लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. हेमंत सफेद दाढ़ी, बड़ी-बड़ी मूंछे और लंबे बाल में नजर आये. हेमंत सोरेन के एक्स हैंडल पर भी चार तस्वीरें पोस्ट की गयी हैं. फोटो के साथ कैप्शन लिखा है-उसे गुमां है कि मेरी उड़ान कुछ कम है. मुझे यकीं है कि ये आसमान कुछ कम है...



### मीडिया से बातचीत पर रही पाबंदी

हेमंत ने हाईकोर्ट में प्रोविजनल बेल के लिए याचिका दाखिल की थी. 3 मई को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने प्रोविजनल बेल देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी. हालांकि कोर्ट ने उन्हें अपने ताऊ के श्राद्ध कर्म में कुछ देर के लिए शामिल होने की अनुमति दे दी. सुनवाई में कोर्ट ने सख्त निर्देश भी दिया था कि श्राद्ध कर्म में शामिल होने के दौरान हेमंत मीडिया से कोई बात नहीं करेंगे और ना ही कोई राजनीतिक चर्चा करेंगे.

### गिरफ्तारी के बाद पहली बार जेल से निकले बाहर

- सफेद दाढ़ी, लंबे बाल और मूंछ में नजर आये पूर्व सीएम



### दिशोम गुरु का पैर छूकर लिया आशीर्वाद

एक्स पर हेमंत की चार तस्वीरें हैं. पहली तस्वीर हेमंत की है, जिसमें वो पोज दे रहे हैं. दूसरी में हेमंत सोरेन अपने पिता व दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पैर छूकर आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं. तीसरी तस्वीर में हेमंत सोरेन अपनी मां रूपी सोरेन से मिल रहे हैं. इतने दिनों के बाद अपने बेटे से मिलकर रूपी सोरेन भावुक हो गयीं. वहीं चौथी तस्वीर में हेमंत सोरेन अपनी पत्नी व गांडेय विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी कल्पना सोरेन के साथ नजर आ रहे हैं. तस्वीर में कल्पना अपने पति के साथ कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं. कुछ घंटों के लिए ही अपने पति का साथ पाकर कल्पना सोरेन में कॉन्फिडेंस नजर आया.

### याचिका खारिज होने के खिलाफ हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट रुख किया

**रांची।** हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली याचिका हाईकोर्ट द्वारा खारिज किए जाने के बाद सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. सोरेन की ओर से अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और उसे सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया. सिब्बल ने कहा, झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए वोट 13 मई को शुरू होगा और सोरेन को उनकी पार्टी के लिए प्रचार की अनुमति मिलनी चाहिए. उन्होंने कहा, संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत हमने कोर्ट का रुख किया और पिछले सप्ताह नोटिस जारी किया गया. नोटिस जारी होने के बाद हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज किए जाने का फैसला सुनाया. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरीके से अधिकारों का दुरूपयोग हो रहा है. पीठ ने कहा, वह अनुरोध पर विचार करेगी और यह भी कहा कि सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका सात मई को सुनवाई के लिए आनी है.

# सीआईएससीई 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित, ज्यादा बच्चे हुए पास

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

सीआईएससीई की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सोमवार को घोषित नतीजों में लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी है, जबकि दोनों कक्षाओं के लिए पास प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गयी. बोर्ड ने छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया इस साल से बंद कर दी है. एक अधिकारी ने बताया कि 99.47% छात्रों ने 10वीं की परीक्षा में सफलता हासिल की, जबकि 98.19% छात्रों ने 12वीं की परीक्षा पास की.

पिछले साल 10वीं कक्षा के लिए पास प्रतिशत 98.94% और 12वीं के लिए 96.93% दर्ज किया गया था. मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुअल ने कहा, 10वीं कक्षा में 99.31% लड़के पास हुए, जबकि 99.65% लड़कियां पास हुईं. इसी तरह, 12वीं में लड़कों का पास प्रतिशत 97.53 रहा, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 98.92 रहा. उन्होंने कहा, हमने बोर्ड परीक्षाओं के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया भी अब बंद कर दी है. जो छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे वे परिणाम आधिकारिक वेबसाइट cisce.org पर जाकर देख सकते हैं.

### लड़कियों ने मारी बाजी



**99.47%** छात्र 10वीं कक्षा की परीक्षा में सफल रहे

**98.19%** छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की.

- 10वीं कक्षा की परीक्षा में 2 .43 लाख से अधिक उम्मीदवार बैठे थे, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99,901 छात्र बैठे थे.

**विदेशी बच्चों का उम्दा प्रदर्शन :** 10वीं कक्षा में इंडोनेशिया, सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जहां पास होने का प्रतिशत 100 रहा. 12वीं कक्षा में सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया. आईसीएसई परीक्षा 60 लिखित विषयों में करायी गयी थी, जिनमें से 20 भाषाओं, 13 विदेशी भाषाओं और एक शास्त्रीय भाषा में थी.

▼ ब्रीफ खबरें

## हाईकोर्ट में 25 मई को अवकाश घोषित

**रांची।** रांची लोकसभा सीट पर मतदान के दिन यानी 25 मई को झारखंड हाईकोर्ट में अवकाश रहेगा. हाईकोर्ट की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है. 25 अप्रैल यानी मतदान के दिन अवकाश इसलिए रखा गया है, ताकि हाईकोर्ट के न्यायाधीश, रजिस्ट्री से जुड़े कर्मचारी और हाईकोर्ट के अधिवक्ता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित न हो. 25 अप्रैल को घोषित अवकाश की जानकारी हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को भी दे दी गयी है.

## तीसरे केस में बाबूलाल को हाईकोर्ट से राहत

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ बयानबाजी से जुड़े तीसरे मामले में भी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को हाईकोर्ट से राहत मिल गयी है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई. बाबूलाल की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने बहस की. हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ अगली सुनवाई तक किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है.यह मामला देवघर जिला के मधुपुर थाना में दर्ज हुआ था, जिसके खिलाफ ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी. दरअसल बाबूलाल मरांडी पर एक यूट्यूब चैनल में दिए बयान पर आपत्ति जताते हुए छह अलग-अलग जिलों में बाबूलाल को आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है. पूर्व में सिमडेगा थाना में दर्ज कांड संख्या 104/2023 में बाबूलाल को हाईकोर्ट से राहत मिल चुकी है.

## जयराम की अग्रिम बेल पर सुनवाई आज

**रांची।** जेबीकेएसएस अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा सीट से उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सिविल कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी. जयराम महतो ने रांची सिविल कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है, जो अपर न्यायायुक्त प्रथम की कोर्ट में सूचीबद्ध हुआ है.

**जयराम पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार :** बता दें कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48 में वारंट लिया था. इसके बाद रांची पुलिस ने गिरिडीह में जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी. लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया. फिलहाल उसपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है.

## पलामू में आठ मई को तेजस्वी की दो सभा

**रांची।** बिहार में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव आठ मई को पलामू आएंगे. उक्त जानकारी देते हुए राजद प्रदेश महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि तेजस्वी यादव आठ मई को पलामू लोकसभा में भवनाथपुर और छतरपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. मालूम हो कि पलामू से इंडिया गठबंधन की ओर से राजद की ममता भुईयां पार्टी प्रत्याशी हैं. झारखंड में राजद को केवल एक सीट पलामू मिली है.

## हर साख पर बैठा है एक आलमगीर: चुग

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में चतुर्थ चरण में होने वाले चुनाव को लेकर पलामू, सिंहभूम, खूंटी व लोहरदगा के लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक एवं जिलाध्यक्ष के साथ बैठक की. इस दौरान लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई. चुग ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गई है. अब तो मंत्री और कांग्रेस पार्टी विधायक दल के नेता के घर से ईडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये नकद बरामद हो रहे हैं. झारखंड के हर साख पर एक आलमगीर बैठा है, ऐसे में ठगबंधन की सरकार में अंजाम-ए-झारखंड क्या होगा? राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ये पैसे किनके हैं?

---

**केंद्रीय मंत्री ने किया दावा-** अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने आदिवासियों के कल्याण में सबसे पहले रुचि ली

# कांग्रेस ने आदिवासियों को वोट बैंक समझा, मोदी ने सम्मान दिया: अर्जुन मुंडा

नमिता तिवारी। रांची/खूंटी

**साक्षात्कार**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन ने आदिवासियों को महज वोट बैंक बना दिया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने यह सुनिश्चित किया कि इन लोगों को उचित सम्मान मिले. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि पार्टी का मानना था कि जंगलों में रहने वाले आदिवासी स्वभाव से अपराधी थे और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने सबसे पहले उनके कल्याण में रुचि ली.

मुंडा ने एक साक्षात्कार में कहा कि कांग्रेस ने 60 साल के अपने शासन में आदिवासियों को केवल वोट बैंक के रूप में देखा, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उन्हें उचित पहचान और सम्मान मिले. यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों) के लिए 24,000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं की शुरुआत के लिए खूंटी को चुना. बता दें कि केंद्रीय मंत्री मुंडा खूंटी आरक्षित सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं. वर्ष 2019 में मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट पर 1,445 वोट के मामूली अंतर से जीत हासिल की थी और एक बार फिर उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा से है.

अर्जुन मुंडा ने दावा किया कि यह सच है कि आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया. उनके लिए कोई योजना नहीं थी, कोई नीति नहीं थी. बाद में भी जब उनके अधिकारों को मान्यता दी गई, तो कांग्रेस ने यह सुनिश्चित किया कि आदिवासी मुद्दे गृह विभाग के अंतर्गत आएं. मुंडा ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिवासी समाज के कल्याण में रुचि ली और बाद में मोदी ने उनके लिए न्याय सुनिश्चित किया.



### कांग्रेस का खेल समझ चुके हैं आदिवासी, भाजपा को देंगे वोट

अर्जुन मुंडा ने दावा किया कि आदिवासी समाज कांग्रेस के इस 'खेल' को समझ गया है कि वह उनकी सरलता का फायदा उठाकर उन्हें विकास से दूर रखना चाहती है. उन्होंने कहा कि आदिवासी अब अपने अधिकारों के बारे में जागरूक हैं और समझ गए हैं कि उनके लिए कौन काम कर रहा है. तीन बार मुख्यमंत्री रहे मुंडा ने दावा किया कि जनजाति समुदाय पीएम मोदी जैसे ऊर्जावान और दूरदर्शी नेता के नेतृत्व में भाजपा को वोट देंगे. हमें इस बार 400 का आंकड़ा पार करने का विश्वास है और झारखंड में हम आदिवासी या गैर आदिवासी समेत सभी 14 लोकसभा सीट जीतेंगे.

### खूंटी की लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ाया, फिर उन्हें रोजगार से जोड़ा

एक सवाल के जवाब में अर्जुन मुंडा ने कहा कि मैंने यहां लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ाने और रोजगार प्रदान करने के लिए अभिनव कदम उठाया है. मैंने आदिवासी लड़कियों को रोजगार सुनिश्चित करने के लिए एक कार्यक्रम-कमाई के साथ-साथ सीखो- जैसे कदम भी उठाए हैं. उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि एक अनूठा प्रयोग सफल हो रहा है, क्योंकि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने हजारों लड़कियों को प्रशिक्षित किया है. अब एप्पल के मोबाइल फोन के कल-पुर्जे खूंटी की लड़कियां बना रही हैं. ये लड़कियां कुशल हो गई हैं. बता दें कि खूटी लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होगा.

---

आलमगीर के पीएस के करीबी के आवास से **करोड़ों की बरामदगी पर भाजपा की चुटकी**

# कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से मिला नोटों का पहाड़

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के करीबी के आवास से 25 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी मामले में प्रदेश भाजपा ने चुटकी ली है. राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि ठगबंधन सरकार ने झारखंड को लूटखंड बनाने का काम किया है. एक बार फिर कांग्रेस के मंत्री के भ्रष्टाचार से बना नोटों का पहाड़ सामने आया है, जो अब तक 25 करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है.

भाजपा सांसद ने आगे कहा कि झारखंड के गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ों के विकास के पैसों को इन्होंने लूट रखा है. उन्होंने कहा है कि झारखंड में फिर से एक बार कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से नोटों का पहाड़ मिला है. कांग्रेस के मंत्री के करीबियों के घर से बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार का धन छापेमारी में पकड़ाया.

### जगजाहिर हो चुकी है राज्य सरकार की संगठित लूट : बाबूलाल



*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 'एक्स' पर लिखा है कि झारखंड सरकार के कांग्रेसी मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से ईडी ने लगभग 25 करोड़ रुपये बरामद किए हैं. दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस 'लूट मॉडल' की बात कर रहे थे, उसे इन रुपयों ने सत्यापित कर दिया है. लगता है कि गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के हक मार कर लूटे हुए इन्हीं पैसों से कांग्रेस अपने शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने का सपना देख रही है. ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग की दुहाई देने वाली झामुमो-कांग्रेस जनता के सामने अब कौन सा नया बहाना बनाएगी? धीरज साहू से लेकर आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा से लेकर पूजा सिंघल तक के ठिकानों से जिस प्रकार अथाह काले धन बरामद हुए हैं, उससे पिछले पांच सालों के दौरान राज्य सरकार द्वारा की गई संगठित लूट जगजाहिर हो चुकी है.*

#### भारत निर्वाचन आयोग से अविलंब कार्रवाई की मांग

*बाबूलाल ने कहा कि कल्पना सोरेन अब घड़ियाली आंसू बहाना बंद करेंगी. यह कहना भी बंद कर देंगी कि हेमंत सोरेन का अपराध क्या है. इन सभी पैसों का दुरूपयोग कर आम चुनाव को प्रभावित करने की प्रबल संभावना है. केंद्रीय निर्वाचन आयोग अविलंब राज्य के महाभ्रष्ट मंत्रियों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुनाव में काले धन का दुरुपयोग रोके और कठोर कार्रवाई करे.*

#### यह प्रदीप यादव की पार्टी की कहानी: निशिकांत



गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा कि 30 करोड़ रुपये से अधिक और काउंटिंग जारी है. आज ईडी की कार्रवाई में कांग्रेस विधायक दल के नेता व झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार शिरोमणि हेमंत सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेट्री संजीव लाल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई. संजीव लाल के आवास पर ईडी को 30 करोड़ से अधिक कैश मिले हैं. यह प्रदीप यादव (कांग्रेस विधायक) के पार्टी की कहानी है.

#### साढ़े चार साल में झारखंड को सिर्फ लूटा: बाउरी



झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि आज फिर एक बार कांग्रेस के भ्रष्टाचार से नोटों का पहाड़ बरामद हुआ है. यह कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के करीबियों के ठिकानों से मिला है. कांग्रेस ने साढ़े चार साल में भ्रष्टाचार कर झारखंड को सिर्फ लूटा है. वही पैसा आज चुनाव में भी उपयोग करने का काम किया जा रहा है. राज्य की जनता अब झामुमो- कांग्रेस की लूट की गाथा जान चुकी है.

## भ्रष्टाचार के हमाम में सभी नंगे: माकपा

**रांची।** सीपीआइ (एम) के राज्य सचिव प्रकाश विपल्व ने कहा है कि राज्य सरकार के एक मंत्री के निजी सहायक के घरेलू कामगार के यहां से छापेमारी में करोड़ों रुपये की बरामदगी, इस तथ्य को सही साबित करती है कि राजनीतिक भ्रष्टाचार के हमाम में सभी नंगे हैं. एक ओर भाजपा ने इलेक्टोरल बांड से अवैध रूप से हजारों करोड़ की राशि का जुगाड़ किया और दूसरी ओर विपक्ष के कुछ गैर वामपंथी दलों के नेताओं और उनके संपर्कों के यहां से करोड़ों रुपये की अवैध राशि का मिलना लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है.

### विपक्ष के भ्रष्ट नेताओं के यहां से अवैध धन की बरामदगी उचित नहीं

विप्लव ने कहा कि यह सही है कि केंद्रीय सरकार की एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग (आईटी) और सीबीआई अब निष्पक्षता से अपना काम नहीं कर केंद्र के सत्तारुढ़ दल के इशारे पर विपक्ष को अपना निशाना बना रही है, लेकिन विपक्ष के भी कुछ भ्रष्ट नेताओं के यहां से भारी मात्रा में अवैध धन की बरामदगी को उचित नहीं ठहराया जा सकता है. देश में एकमात्र वामपंथी दल सीपीआई (एम) ही है, जो इतने दिनों तक पहले प.बंगाल और त्रिपुरा में तीन दशकों तक और वर्तमान में केरल में सरकार चलाने के बावजूद उसपर विरोधियों की भी हिम्मत नहीं हुई कि पार्टी पर किसी तरह के भ्रष्टाचार का आरोप लगाए. सीपीआई (एम) एक मात्र पार्टी है, जो अपने विचारधारा के आधार पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर सार्वजनिक जीवन में कड़े अनुशासन को लागू करती है. कोई इस अनुशासन को भंग करता है तो उसे पार्टी तुरंत बाहर का रास्ता दिखा देती है.यह देश के राजनीतिक परिदृश्य में एक सटीक उदाहरण है. सीपीआई (एम) ही एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसने इलेक्टोरल बांड से चंदा उगाही का केवल विरोध ही नहीं किया बल्कि सुप्रीम कोर्ट तक इस मामले को ले गयी.

### जहां मिले करोड़ों कैश, क्या कहते हैं वहां के लोग

# स्कूटी से आता था, किसी को भनक तक लगने नहीं दी कि इतना कैश रखा है

विनीत आभा उपाध्याय/सौरभ सिंह। रांची

झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के सहायक जहांगीर और उसके करीबी मुन्ना सिंह के ठिकानों पर ईडी की रेड जारी है. सोमवार की सुबह शुरू हुई इस रेड में अब तक दो जगहों से 30 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हो चुके हैं. नोटों की गिनती जारी है और ईडी की कार्रवाई भी. सबसे ज्यादा कैश संजीव लाल के सहायक जहांगीर के गाड़ीखाना चौक स्थित आवास से बरामद हुआ है.

ईडी की रेड के दौरान जब हमने जहांगीर के पड़ोसियों और आस पास रहने वाले लोगों से बातचीत की, तो उन्होंने नाम नहीं लिखने की शर्त पर कई जानकारियां दी. ईडी ने जहां रेड कर करोड़ों रुपये बरामद किए हैं, वह कोई रिहायशी इलाका नहीं है. सड़क की एक तरफ चार तल्ला बिल्डिंग के दो ब्लॉक हैं और दूसरी तरफ एस्बेस्टस से बने हुए कच्चे मकान. जहांगीर का ठिकाना इसी बिल्डिंग के एक ब्लॉक में दूसरे तल्ले पर है. बिल्डिंग का नाम है सर सैयद रेसिडेंसी. लोग बताते हैं कि जहांगीर ज्यादातर समय स्कूटी से ही आता था. अपनी गाड़ी नीचे लगाकर सीधे अपने फ्लैट में जाता था और कुछ देर बाद निकल जाता था.





#### गलत तरीके से कमाया हुआ पैसा ईडी की टीम ले गई

लोगों ने बताया कि कई बार रात के समय बड़ी गाड़ियां और अच्छे लिबास में नए-नए चेहरे जहांगीर से मिलने आते थे, लेकिन न तो जहांगीर किसी से ज्यादा बात करता था और न ही उससे मिलने आने वाले लोग. जब ईडी की रेड पड़ी और करोड़ों रुपये कैश निकलने लगे, तो किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि जो व्यक्ति स्कूटी से चलता था, उसके पास इतना पैसा रखा हुआ है. आसपास रहने वाले लोग कहते हैं कि गलत तरीके से कमाया हुआ पैसा ईडी ले गई. अगर कुछ पैसा हमलोगों को दे देता, तो क्या जाता?

## आलम के पीएस की ठसक ऐसी कि अफसर भी होते थे नतमस्तक

प्रवीण कुमार। रांची

- *आचार संहिता लागू होने से पहले निकाले थे 60-60 करोड़ के चार टेंडर*
- *संजीव लाल की लॉबी में शामिल थे चुनिंदा अफसर और इंजीनियर*
- *सुबह से सचिवालय में होती रही चर्चा, अफसर भी लेते रहे फीड बैक*

मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की ठसक गजब की थी. ऐसी कि आईएएस तक नतमस्तक होते थे. इसकी बड़ी वजह यह थी कि संजीव लाल एक ऐसे अधिकारी हैं, जो भाजपा की सरकार में भी और झामुमो-कांग्रेस की सरकार में भी मंत्री के पीएस रहे. भाजपा सरकार में नीलकंठ सिंह मुंडा व सीपी सिंह के पीएस रह चुके हैं. आज की तारीख में संजीव लाल की सरकार के तीन विभागों ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज्य विभाग में तूती बोलती थी.

सोमवार को जो कुछ हुआ वह सबके सामने है. नोटों की गिनती जारी है. आंकड़ा कहां पहुंचेगा, यह तो गिनती के बाद ही पता चल पाएगा. विभागों में संजीव लाल की ठसक की बात करें, तो आचार संहिता के लागू होने से चंद दिन पहले ग्रामीण कार्य विभाग में 60-60 करोड़ के चार से पांच टेंडर निकालवा दिया. संजीव लाल ने विभाग के अभियंता प्रमुख जेपी सिंह, मुख्य अभियंता प्रमोद सिंह, विकास कुमार जैसे कई लोगो का कुनबा बना रखा था. इसी तरह ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज विभाग में भी संजीव लाल का कुनबा बना हुआ था.

**आईएएस ने सवाल उठाया, तो हो गया तबादला :** संजीव लाल की कार्यशैली को लेकर एक आईएएस अफसर ने भी सवाल उठाया था. कहा था कि यह काम नियम के विरूद्ध हो रहा है. लेकिन संजीव लाल की ठसक ऐसी थी कि सवाल उठाने वाले आईएएस अधिकारी को ही चलता कर दिया गया. सचिवालय में इस बात की भी चर्चा हो रही है कि विभाग में जो कुछ होता है, इसकी जनकारी मंत्री को न हो, यह संभव नही है.

### टेंडर मैनेज करने में माहिर हैं संजीव लाल

संजीव लाल को टेंडर मैनेज करने में भी माहिर माना जाता है. विभाग के लोग बताते हैं कि ग्रामीण विकास, आरईओ, स्पेशल डिविजन के टेंडर को मैनेज करने का काम बखूबी करता था. मामला सिर्फ संजीव लाल तक ही नहीं था. वह सरकार के एक बड़े राजनेता के यहां ये पैसे पहुंचाने का काम भी करते रहे. आरईओ के विभिन्न पैकेज के सभी टेंडर में ठेकेदारों को मैनेज कर, उसका पर्सेंटेज तय करना इनका काम था. विभाग में यह चर्चा आम है कि ट्रांसफर पोस्टिंग से भी बड़े पैमाने पर राशि एकत्र किया जाते थे. राज्य में 263 प्रखंड है इन सभी प्रखंडों में एक से अधिक बार प्रखंड विकास अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है. लोगों को मनचाही पोस्टिंग दिलाने में संजीव लाल की भूमिका अहम होती थी.

## आलमगीर आलम को बर्खास्त करें मुख्यमंत्री चंपाई: भाकपा

मुख्य संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- मंत्री आलमगीर आलम के विभाग की पूरी तरह जांच हो
- कांग्रेस के मंत्री जनता को जवाब दें- रुपये कहां से आये

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने बयान जारी कर कहा कि झारखंड में कांग्रेस समर्थित चंपाई सोरेन सरकार में कांग्रेस के मंत्री द्वारा झारखंड में भयंकर लूट मची हुई है. मंत्री के निजी सचिव के नौकर के पास से करोड़ों करोड़ की बरामदगी जाहिर करता है कि किस तरह से झारखंड को गठबंधन की सरकार दोनों हाथों से लूटने में लगी है.

मुख्यमंत्री को आलमगीर आलम के विभाग की पूरी तरह से जांच करानी चाहिए और आलमगीर को तत्काल प्रभाव से मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए. आखिर ये पैसे कहां से आए, कांग्रेस पार्टी और उनके मंत्री जनता को जवाब दें. कहीं ये राशि लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए तो नहीं थे. मंत्री आलमगीर आलम के विभाग के एक इंजीनियर वीरेंद्र राम के घर पर भी ईडी को अकूत संपत्ति मिली थी. यानी उनका विभाग पूरी तरह लूट में संलिप्त है और विभागीय लूट के सरगनाओं को आलमगीर आलम संरक्षण प्रदान कर रहे थे. महेंद्र पाठक ने यह भी कहा कि कांग्रेसी मंत्री के इस कृत्य ने गठबंधन को कमजोर करने के साथ भाजपा के लोगों को भी आवाज उठाने का मौका दिया है.

---

**रिपोर्ट कार्ड** झारखंड में सभी 14 सांसदों को मिली थी 136.51 करोड़ की राशि, 124.68 करोड़ रुपये किये खर्च

# चुनाव लड़ रहे सात सांसदों का उपयोगिता प्रमाण पत्र ही लंबित

रवि भारती। रांची

झारखंड में चुनाव लड़ रहे सात सांसदों को लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम के तहत मिली राशि का अब तक उपयोगिता प्रमाण पत्र और ऑडिटेड सर्टिफिकेट लंबित है. इसमें छह लोकसभा सभा के और एक राज्यसभा के सांसद हैं. इन सांसदों का औसतन दो वित्तीय वर्ष 2022-2023 और 2023-24 का उपयोगिता प्रमाण पत्र और ऑडिटेड सर्टिफिकेट लंबित है. वहीं खूंटी से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का भी प्रमाण पत्र अब तक जमा नहीं हुआ है. उनका प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया चल रही है.

- औसतन दो वित्तीय वर्ष का ऑडिटेड सर्टिफिकेट अब तक जमा नहीं हुआ
- छह लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद का प्रमाण पत्र लंबित
- लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम के तहत केंद्र सरकार से मिली थी राशि




### इन सांसदों का उपयोगिता प्रमाण पत्र है लंबित

| सांसद | वित्तीय वर्ष | क्या है लंबित |
|---|---|---|
| निशिकांत दुबे | 2019-20, 2021-22, 2022-23, 2023-24 | उपयोगिता प्रमाण |
| अर्जुन मुंडा | 2022-23, 2023-24 | प्रक्रियाधीन |
| विद्युत वरण महतो | 2022-23, 2023-24 | ऑडिटेड और उपयोगिता प्रमाण पत्र |
| जयंत सिन्हा | 2022-23, 2023-24 | ऑडिटेड और उपयोगिता प्रमाण पत्र |
| विजय हांसदा | 2018-19, 2022-23,2023-24 | ऑडिटेड और उपयोगिता प्रमाण पत्र |
| वीडी राम | 2022-23, 2023-24 | ऑडिटेड और उपयोगिता प्रमाण पत्र |
| सीपी चौधरी | 2022-23, 2023-24 | प्रोविजनल उपयोगिता प्रमाण पत्र |
| समीर उरांव | 2022-23, 2023-24 | ऑडिटेड और उपयोगिता प्रमाण पत्र |

**खर्च नहीं हो पाए 16.53 करोड़ रुपये**

झारखंड के 14 सांसदों को लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम के तहत भारत सरकार से 136.51 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी. इसमें से 124.68 करोड़ रुपये खर्च किये गये, जबकि 16.53 करोड़ रुपये खर्च नहीं हो पाए. कुल खर्च का प्रतिशत 98.96 फीसदी रहा. सबसे अधिक राजमहल सांसद विजय हांसदा ने 122.38 फीसदी राशि खर्च की.

### किस सांसद ने कितनी फीसदी राशि खर्च की

| सांसद | खर्च का % |
|---|---|
| संजय सेठ | 115.90 |
| पीएन सिंह | 99.52 |
| अर्जुन मुंडा | 100.51 |
| बीडी राम | 90.68 |
| अन्नपूर्णा देवी | 79.35 |
| निशिकांत दुबे | 00.00 |
| गीता कोड़ा | 87.57 |
| सुदर्शन भगत | 97.72 |
| सुनील सोरेन | 114.68 |
| सुनील सिंह | 107,78 |
| जयंत सिन्हा | 90.34 |
| विजय हांसदा | 122.38 |
| विद्युत वरण महतो | 95.05 |
| सीपी चौधरी | 88.45 |

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 07 मई 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 14 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 28 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### ढुल्लू विरोधी वोट बिखराव रोकने के लिए सरयू राय नहीं लड़ेंगे चुनाव, कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का समर्थन, कहा-

# मोदी जी गांरटी दें कि किसानों की हड़पी जमीन ढुल्लू से वापस करा देंगे

**विशेष संवाददाता। धनबाद/रांची**

झारखंड के राजनीति में चाणक्य कहे जाने वाले और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा से मुखर रहे निर्दलीय विधायक सरयू राय धनबाद से चुनाव नहीं लड़ेंगे. उन्होंने यह ऐलान एक सोशल मीडिया पर किया है. उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते हैं कि ढुल्लू विरोधी वोट का धनबाद में बिखराव हो और ढुल्लू महतो जीत जाएं. इसलिए उन्होंने यह फैसला लिया है.

सरयू राय ने लगे हाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी लपेटा. कहा कि ढुल्लू महतो ने किसानों की 200 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है. पीएम बहुत गारंटी देते फिर रहे हैं. वह यह गारंटी दे दें कि ढुल्लू महतो किसानों की हड़पी जमीन वापस कर देंगे. उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो को टिकट मिलने के बाद कृष्णा अग्रवाल ने बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखा. मगर इस पर कोई संज्ञान लेने के बजाए ढुल्लू महतो कृष्णा अग्रवाल को हड़काने और धमकाने लगे. इससे समझा जा सकता है कि ढुल्लू महतो किस प्रवृति के व्यक्ति हैं. एक अपराधी जो दुबई से बैठ कर मारवाड़ी समाज, व्यवसायियों से रंगदारी मांगता है, नहीं देने पर उसे धमकी देता है, जान से मार देता है. मैंने तो बस इतना ही कहा था कि प्रशासन की मदद करने के लिए मैं तैयार हूं. मगर, वह मुझे ही धमकी देने लगा.



**मैफिया का विकल्प, माफिया नहीं हो सकता है**

सरयू ने यह भी कहा कि धनबाद में तरह-तरह के माफिया पैदा हुए. मगर वर्तमान में एक नया माफिया का उदय हुआ है. धनबाद में एक माफिया का विकल्प, दूसरा माफिया नहीं हो सकता है. मैंने कहा था कि बीसीसीएल के एरिया एक से पांच तक 1800 रुपये रंगदारी दिये बिना ट्रक पर कोयला लोड होकर बाहर जा ही नहीं सकता है. भाजपा के शीर्ष नेता गारंटी दे दें कि एक से पांच एरिया की रंगदारी बंद करा देंगे और किसानों की जमीन वापस करा देंगे.

### *लगाया आरोप- प्रिंस खान से जेल में बने रिश्ते को निभा रहे ढुल्लू महतो*

*सरयू राय ने कहा कि जब ढुल्लू महतो जेल में थे, तो हो सकता है कि प्रिंस खान का संबंध उनसे बन गया हो. मगर जेल से निकलने के बाद वे संबंध को इस हद तक निभाएंगे कि उसके खिलाफ आवाज उठाने पर ही गाज गिरेगी. हमलोग तो सहमति के पैरवीकार रहे हैं. अगर मुझसे असहमत हैं, तो आपको असहमति व्यक्त करने का अधिकार है. तब मैंने कहा था कि इंडिया गठबंधन एक सशक्त उम्मीदवार खड़ा करे. उसे लगता है कि कोई सशक्त नहीं, तो मैं देंखूंगा. मैंने कभी नहीं कहा था कि मैं चुनाव लड़ूंगा. अब कांग्रेस ने काफी दिनों तक विचार किया और प्रत्याशी खड़ा कर दिया. अब मैं नहीं चाहता हूं कि मेरे खड़े होने से वोट का बिखराव हो.*

### योगी जी बुल्डोजर लाएं और चहारदीवारी गिरा दें

सरयू राय ने कहा कि मैं भाजपा नेताओं से यह गारंटी चाहता हूं कि वे यह गारंटी दें कि चुनाव जीतने के बाद किसानों की हड़पी जमीन वह वापस करा देंगे. योगी जी भी आए थे. मैं उनसे भी अपील करता हूं कि यूपी में बहुत बुल्डोजर चलावाते हैं. वही बुल्डोजर लेकर आएं और चहारदीवारी को गिरवा दें.

### एक बहु व बेटी के रूप में अनुपमा को आशीर्वाद

अनुपमा सिंह को समर्थन देने की बात पर सरयू राय ने कहा कि टिकट मिलने के बाद अनुपमा और उनके पति मेरे पास आए थे. मैंने उस समय भी कहा था कि एक बहु और बेटी के रूप में हमेशा आपको आशीर्वाद है. अभी तक हमलोगों ने सोचा नहीं है कि हमलोग कांग्रेस का समर्थन करेंगे. कांग्रेस को समर्थन करना संभव नहीं है. मैं मौन नहीं रहूंगा. आप अपनी अंतरआत्मा की आवाज पर वोट करें. अब इसे जिसे जिस रूप में लेना चाहें, ले सकते हैं.

---

## ब्रीफ खबरें

### स्वर्णरेखा नदी में डूबने से किशोर की मौत

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत गौड़ बस्ती के पास स्वर्णरेखा नदी में डूबने से 10 वर्षीय पेलू गोप की मौत हो गई. रविवार रात पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से पेलू का शव नदी से बाहर निकाला. इधर, सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पेलू अपनी मां के साथ कपाली में रहता था. पेलू के पिता की मौत हो गई. वह घर पर अपने सौतेले भाई के साथ रहता था. परिजनों ने बताया कि पेलू की दिमागी हालत ठीक नहीं थी. वह रविवार को बाल कटवाने के बाद नहाने के लिए गौड़ बस्ती गया था, जहां नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया.

### पीएम मोदी अब 11 मई को आएंगे झारखंड

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले 12 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे, लेकिन अब वे 11 मई को ही आएंगे. पीएम चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे. यह जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यालय ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी.

### भेल खराब होने से नहीं मिला पानी

**मैथन।** चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना का नेहरू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी केंद्र के समीप भेल खराब हो जाने के कारण चिरकुंडा नगर के चार वार्डों को सोमवार को पानी नहीं मिला. इसके कारण इस भीषण गर्मी में करीब आठ हजार की आबादी पानी के लिए दिनभर परेशान रही. नगर परिषद कार्यालय के जलमीनार से चिरकुंडा नगर के चार वार्ड 18, 19, 20 व 21 में जलापूर्ति की जाती है. इस संबंध में सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि भेल में आई खराबी को मिस्त्री द्वारा ठीक कराया जा रहा है. मंगलवार सुबह से लोगों को पानी सुचारू रूप से मिलने लगेगा.

---

### रील्स बनाने के चक्कर में मेमको मोड़ आठ लेन सड़क पर भीषण हादसा

# बेलगाम स्कार्पियो ने दो बहनों की जिंदगी छीनी







**संवाददाता। धनबाद**

मेमको मोड़ आठ लेन सड़क पर असर्फी अस्पताल और बिरसा मुंडा पार्क के बीच सोमवार को सड़क हादसे में दो सगी बहनों की दर्दनाक मौत हो गई. दोनों बहनें स्कूटी पर सवार होकर स्कूल से घर लौट रही थी, तभी अनियंत्रित स्कॉर्पियो (जेएच 10 सीयू 7836) की चपेट में आ गई. स्कूटी को चपेट में लेने के बाद स्कॉर्पियो पलट गई. इधर दोनों बहनों के क्षतविक्षत शव को देखकर स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा.

लोगों ने पहले स्कॉर्पियो सवार युवकों को वाहन से निकाल कर पिटाई शुरू कर दी, लेकिन कुछ समझदार लोगों ने उन्हें भीड़ से बचा कर एक दुकान में छिपा दिया और पुलिस के पहुंचने के बाद उन्हें सौंप दिया. स्कॉर्पियो में सवार दोनों युवक कम उम्र के हैं. वारदात के बाबत लोग बता रहे हैं कि ये लोग तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चला कर मोबाइल पर रील्स बना रहे थे, इसी क्रम में वाहन से नियंत्रण खो गया और हादसा हो गया. स्कॉर्पियो सवार युवकों में धनसार का रहने वाला प्रदीप मंडल और राजवी कुमार भारती शामिल है. दोनों कम उम्र के हैं. इधर, पुलिस ने दोनों बहनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

**रफ्तार का कहर**

- स्कूल से लौट रही दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत
- उग्र लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी
- झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव जय होरो की थी दोनों बेटियां, शिक्षक समुदाय में भी शोक की लहर

### छोटी बहन को स्कूल से लेकर लौट रही थी बड़ी बहन

तोपचांची के रहने वाले जय होरो, जो फिलहाल चनचनी कॉलोनी में रहते हैं, उनकी बेटी जिया सोरेन होरो भूली स्थित डीनोबिली स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा है. उसे स्कूल से लाने के लिए बड़ी बहन इशिका होरो स्कूटी (जेएच 10 सीडी 5211) से गई थी. वापस लाने के क्रम अशरफी अस्पताल और बिरसा मुंडा पार्क के बीच स्कूटी को स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी. चश्मदीद के मुताबिक, स्कॉर्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह फर्स्ट लेन की डिवाइडर को लांघते हुए दूसरे लेन में चढ़ गई और उस लेन में स्कूटी से आ रही दोनों बहनों को चपेट में ले लिया और फिर तीसरी लेन में जाकर पलटी मार गई.

### पुलिस को आक्रोश का करना पड़ा सामना

दुर्घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस को भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा. गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया और किसी भी लेन पर वाहनों के आवागमन को रोक दिया. लोगों का कहना था कि इस मार्ग पर कोई नियम नहीं है, जिसे जिधर से मर्जी है, उधर से आना जाना करता है. इसी कारण इस मार्ग पर अक्सर दुर्घटनाएं हो रही हैं. लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की. हालांकि डीएसपी और थानेदार के साथ पुलिस बल ने मौके की नजाकत को देखते हुए सब्र से काम लिया और लोगों को भावनाओं में बहने से रोके रखा.

### स्कॉर्पियो सवार दोनों युवक हिरासत में

पुलिस ने स्कॉर्पियो पर सवार दोनों युवक प्रदीप और राजीव को हिरासत में ले लिया है. दोनों ने पहले पुलिस को बरगलाने का काम किया. बताया कि उनका ड्राइवर गाड़ी चला रहा था, स्टीयरिंग फेल होने के कारण हादसा हो गया.

### पिता बोले- पल भर में मेरी दुनिया ही उजाड़ दी



*दुर्घटना की सूचना पाकर बदहवाश परिजन घटनास्थल पर पहुंचे. इशिका और जिया की मां और पिता बदहवाश हो गए थे. जय होरो ने दोनों लड़कों को देखकर कहा कि तुम लोगों ने मेरी दुनिया ही उजाड़ दी. एक छोटे से पाला था, पढ़ाया-लिखाया, अब क्या करें, कैसे जीएंगे हम लोग. बिलखते हुए कहा कि क्यों इतनी तेज गाड़ी चला रहे थे. ये देखकर वहां मौजूद लोगों की भी आंखें नम हो गईं. मां के तो आंसू तो रुकने का नाम नहीं ले रहे थे. वो बार-बार बच्चियों को देखने की बात कह रही थीं. जय होरो मालकेरा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं और झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव भी हैं. इस कारण जिला शिक्षा अधीक्षक समेत जिले के काफी शिक्षक भी मौके पर पहुंचे थे.*

---

### हत्या का योजना बना रहे अपराधियों को पुलिस टीम ने दबोचा

# हथियार के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

**संवाददाता। जमशेदपुर**



जमशेदपुर की बागबेड़ा पुलिस ने केंद्रीय विद्यालय के पास छापेमारी कर तीन बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में हरिजन बस्ती निवासी अजय वाल्मीकि, रेलवे कॉलोनी निवासी विजय मुखी और गांधी नगर निवासी बजरंगी झा शामिल है. इनकी निशानदेही पर पुलिस ने दो कट्टा, तीन गोली और तीन मोबाइल भी बरामद किया है.

मामले का खुलासा करते हुए सोमवार को सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ अपराधी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं. सूचना पर विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया. टीम ने छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. सिटी एसपी ने बताया कि अजय वाल्मीकि का साथी दिल्ली में रह कर काम करता है. उसका साथी कभी-कभी अपनी प्रेमिका से मिलने शहर आया करता है. उसके साथी को शक है कि उसकी प्रेमिका किसी और से बात करती है. इसी मामले को लेकर सभी किसी की हत्या की योजना बना रहे थे. हालांकि, इससे पहले ही पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया. तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

**खास बातें**

- निशानदेही पर दो कट्टा और तीन गोली बरामद
- प्रेम प्रसंग में किसी की हत्या की बनाई थी योजना

## बंद भूमिगत खदान से साढ़े चार लाख का केबल ले भागे चोर



**खास बातें**

- एसडीएल का 200 व पंप का 150 मीटर केबल काटा
- केलशलपुर कोलियरी के दो नंबर भूमिगत खदान की घटना

**संवाददाता। कतरास**

बीसीसीएल एरिया चार के एके डब्लू एमसी केशलपुर कोलियरी के दो नंबर भूमिगत खदान से रविवार की देर रात अपराधियों ने 350 सौ मीटर तांबा केबल चोरी कर ली. चोरी किये गये तार की कीमत साढ़े चार लाख रुपये आंकी जा रही है. इस घटना से कॉलोनी में जलापूर्ति बाधित है. जानकारी के मुताबिक, रविवार की रात्रि पाली में जब कर्मी ड्यूटी पहुंचे, तो देखा कोलियरी व खदान का लाइट कटा हुआ है.

शंका होने पर कर्मियों ने खदान के अंदर जाकर देखा, तो एसडीएल में लगा करीब 200 मीटर केबल तथा पंप में लगा डेढ़ सौ मीटर केबल कटा हुआ है. इसके बाद कर्मियों ने घटना की सूचना प्रबंधन को दी. फिर प्रबंधक ने रामकनाली ओपी पुलिस तथा सीआईएसएफ को जानकारी दी. खबर पाकर ओपी पुलिस व सीआईएफ जवान कोलियरी पहुंचे और कर्मियों से घटना की जानकारी लेकर इधर-उधर चोरों की खोजबीन की. लेकिन कुछ पता नहीं चला. इधर कोलियरी प्रबंधन ने साढ़े चार लाख रुपये के तांबा केबल की चोरी होने की लिखित शिकायत पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है. मामले को लेकर ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस रात में पहुंची थी. प्रबंधक की लिखित शिकायत पर जांच की जा रही है.

### रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डीसी अवस्थी की अदालत ने रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया. वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं हुए. अभियोजन ने गवाह पेश करने के लिए समय की याचना की है. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की. रूना सिंह ऊर्फ मामा आठ अगस्त से जेल मे बंद है. पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी. जबकि चंदन शर्माव हरेन्द्र सिंह के विरुद्ध अनुसंधान जारी रखा है. बता दें कि 29 जनवरी 2017 की शाम करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की गोलियों से भून कर हत्या कर दी गई थी.

---

**लोस चुनाव** छठे चरण के लिए गिरिडीह से सीट से एनडीए व इंडिया के प्रत्याशी समेत कुल पांच ने भरा पर्चा

# गिरिडीह सीट से चंद्रप्रकाश चौधरी व मथुरा महतो ने किया नामांकन

**संवाददाता। गिरिडीह/रांची**

- आजसू प्रत्याशी ने रजरप्पा मंदिर में की पूजा-अर्चना
- दोनों नेताओं ने विशाल जनसभा को किया संबोधित

छठे चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह सीट से सोमवार को पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया. इनमें मुख्य रूप से एनडीए की तरफ से आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो ने निर्वाची पदाधिकारी (छह) विजया जाधव के समक्ष अपना पर्चा भरा. नामांकन दाखिल करने से पहले चंद्रप्रकाश चौधरी ने रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की.

उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमलोग निश्चित रूप से विजय हासिल करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे. पिछली बार से अधिक वोट से इस बार एनडीए जीत हासिल करेगी. नामांकन के दौरान चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बिहार के डिप्टी सीएम व बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत कई नेता मौजूद रहे. नामांकन के बाद बांधडीह हाई स्कूल मैदान में जन आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया. बता दें कि गिरिडीह में चंद्रप्रकाश चौधरी का सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो से है.





### झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो ने किया नामांकन

गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी (छह) विजया जाधव के समक्ष झामुमो सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने सोमवार को दो सेटों में नामांकन दाखिल किया. नामांकन में इंडिया गठबंधन दलों के कई बड़े नेता मंत्री मौजूद रहे. इस दौरान झारखंड सरकार में मंत्री बेबी देवी समेत कई नेता व मंत्री मौजूद थे. नामांकन के बाद बोकारो के सेक्टर पांच स्थित पुस्तकालय मैदान में झामुमो की ओर से एक विशाल जनसभा का भी आयोजन किया गया है. इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कमल प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी राकेश रोशन घोष व निर्दलीय प्रत्याशी उषा देवी ने भी ने भी सोमवार को गिरिडीह सीट से नामांकन पर्चा दाखिल किया.



### यशस्विनी सहाय ने किया नामांकन

**रांची।** इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया. इस दौरान यशस्विनी सहाय के साथ उनके पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी मौजूद रहीं. इसके बाद रांची के मोरहाबादी मैदान में यशस्विनी सहाय ने एक जनसभा को संबोधित किया.

# राहुल आज झारखंड में, चाईबासा गुमला में करेंगे चुनावी सभा

**विशेष संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी के स्टार प्रचारक राहुल गांधी सात मई को झारखंड आएंगे. राहुल गांधी सबसे पहले टाटा कॉलेज चाईबासा में झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में सुबह 11:30 बजे तथा लोहरदगा उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में 2 बजे गुमला जिला के बसिया के कोनवीर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे.



राहुल गांधी की सभा को लेकर कांग्रेस का एक दल बसिया पहुंचा और तैयारियों का जायजा लिया. इस क्रम में उस जिले और प्रखंड से आने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से भी कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया और भारी से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और नेताओं की भागीदारी जनसभा में सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया. इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, मानस सिन्हा, रवींद्र सिंह, सतीश पॉल मुंजनी, मदन मोहन शर्मा, सुखेर भगत, चैतू उरांव, भानु प्रताप बड़ाइक आदि शामिल थे.

### सामान्य प्रेक्षक पहुंचे लातेहार, तैयारियों को लेकर अधिकारियों संग बैठक की

# सामग्री कोषांग का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता। लातेहार

चतरा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल सोमवार को लातेहार पहुंचे. उन्होने समाहरणालय के सभागार में लोकसभा चुनाव को ले कर गठित सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारी व माइक्रो आब्जर्वर के साथ एक समीक्षा बैठक की. बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने सामान्य प्रेक्षक को लातेहार तथा मनिका विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के निमित्त सभी कोषांगों के द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी दी. श्री निर्मल ने कोषांगो द्वारा किये जा रहे कार्यों की क्रमवार से समीक्षा की और सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया. उन्होने स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियों को कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया. कहा कि सभी कोषांग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की दरकार है. उन्होने उपलब्ध इवीएम व वीवीपैट की संख्या, सी- विजिल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, एफएसटी, वीएसटी व वीवीटी की संख्या की जानकारी ली. उन्होने मतदान केंद्रों पर एएमएफ व व्हीलचेयर की उपलब्धता, प्रशिक्षण व वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता, सामग्री व आइटी कोषांग की गयी तैयारियों की अद्यतन जानकारी ली. उन्होंने आदर्श आचार संहिता की निगरानी, मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा व्यय पर सतर्कता आदि पर भी चर्चा की. बै्रठक के बाद उन्होने सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया. बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई समेंत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे.



### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्या

**लातेहार ।** शुक्रवारीय जनता दरतार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह ने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि हर शिकायत की जांच करा कर निराकरण किया जायेगा. जनता दरबार में कुल 13 आवेदन आये. इनमें मुख्य रूप से विद्यालय में नामांकन, नियोजन, जमीन रसीद व चापानल अधिग्रहण के मामले शामिल है.

# सुदूर क्षेत्र के ग्रामीणों को नहीं पता कौन सा चुनाव है

संवाददाता। चंदवा (लातेहार)



आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां के ग्रामीणों को यह नही पता कि यह कौन सा चुनाव है. इस चुनाव से प्रधानमंत्री बनेगें या मुख्यमंत्री. उन्हें बताया गया है कि 20 मई को चुनाव है और चुनाव करने जाने है. सीधे तौर पर कहें तो आज भी गांव- देहात में ऐसे लोग हैं जिनको वोट की जानकारी नहीं है. बिचौलियों की बातों में आ कर अपना बहुमूल्य मत किसी को भी दे देते हैं. शुभम संदेश ने ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों से इसे ले कर बात कही. राजदेव उरांव एक 65 वर्षीय बुजुर्ग हैं. प्रखंड के गुरीटांड़ में रहते हैं. जब भी चुनाव का समय आया है, उन्होने वोट दिया है.

**शुभम संदेश ने उनसे बात की**

सवाल- सांसद को आपने देखा है.
जवाब- नहीं
सवाल- पिछले सांसद ने क्षेत्र में काम किया.
जवाब- कोई कार्य नजर नहीं आया.
सवाल-इस वार कैसे उम्मीदवार को वोट करेंगे.
जवाब- देखेंगे किसे वोट करते हैं कौन क्या करता है, क्या नहीं.

राजदेव उरांव इतने सीधे हैं कि उन्हें यह भी नहीं पता कि क्या चीज का चुनाव हो रहा है. इस पर उन्हें बताया गया कि इस चुनाव में जीत कर लोग सांसद बनते हैं. दिल्ली जा कर देश के लिए नीति निर्धारण में शामिल हो कर अपने क्षेत्र के विषय में अपने बात को रखते हैं. इसी चुनाव से देश को प्रधानमंत्री मिलता है.

### 12 वैकल्पिक दस्तावेज में से कोई एक दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं

# बगैर वोटर आईकार्ड के भी कर सकेंगे मतदान

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होना है. इसे लेकर जिले के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण कर रहे हैं. इस पर्ची पर मतदान स्थल,मतदान की तिथि व समय आदि का उल्लेख है ताकि 13 मई को मतदाताओं को बूथ पर जाने के बाद उन्हें वोट डालने में किसी तरह की कोई समस्या ना हो. इधर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से 13 मई को अनिवार्य रूप से मतदान की अपील करते हुए कहा कि किसी कारणवश अगर कोई मतदाता के पास वोटर आईकार्ड नहीं है लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है ऐसी स्थिति में संबंधित मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निम्न 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं. 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, बैंक या डाकघर से जारी पासबुक(फोटो सहित), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड शामिल है. इनमें से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है.

### मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा।** स्वीप कोषांग गढ़वा द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए समाहरणालय परिसर में सोमवार को मतदाता जागरूकता सह नैतिक मतदान विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज, सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, तेतरी चंद्रवंशी बीएड कॉलेज, इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज एवं एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. सभी ने मतदाता जागरूकता विषय पर आकर्षक, मनमोहक एवं संदेशात्मक रंगोली बनाई. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने सभी प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए रंगोली का निरीक्षण किया. श्री जमुआर ने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए रंगोली की सराहना की. ज्ञात हो कि सभी



प्रतिभागियों ने पहले कॉलेज स्तर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था.
वहां से सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था.
प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए रंगोली का अंतिम निरीक्षण के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सात मई को जिला स्तर पर डीसी के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा. मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुमार कुशवाहा, परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह एवं नेहा नूतन लकड़ा उपस्थित थे.

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने निकाली जागरूकता रैली

**मेदिनीनगर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई. रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने अभियान के तहत नवाहाता मोहल्ला में धोबी मोहल्ला, सेवा सदन रोड, नदी किनारे, शिवाला रोड में घर घर पहुंच कर लोगों से पहले मतदान फिर जलपान व हम वोट देने जाएंगे चुनाव का पर्व मनाएंगे का नारा देते हुए 13 मई को मतदान की अपील की. जागरूकता रैली में रेड क्रॉस पलामू के सचिव डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता, संयोजक सुधीर कुमार, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, सदस्य आलोक वर्मा, कमल जैन, उदय शंकर दुबे, रंजित मिश्रा, विश्वजीत गुप्ता, जितेंद्र सिंह, निलेश चंद्रा, जितेंद्र कुमार, रविन्द्र सिंह, प्रसेनजीत दास गुप्ता, विजय कुमार सिन्हा, मनोहर कुमार लाली, प्रदीप कुमार अकेला, विशाल महलका, नवनीत कुमार, प्रवीण रंजन, संजय केजरीवाल, मनोहर कुमार आदि शामिल थे.



### बीएस कॉलेज के छात्रों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

**लातेहार ।** बनवारी साहू महाविद्यालय (बीएल कॉलेज) के छात्र व छात्राओं ने प्राचार्य प्रो पीके तिवारी के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया. इस दौरान छाक्ष-छात्राओं ने कॉलेज परिसर से लेकर बानपुर ग्राम तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर का नारा देते हुए सोशल मीडिया कैंपेन चलाया. मौके पर प्राचार्य पीके तिवारी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है. उन्होंने लोगों से इस महापर्व में अपनी आहुति मतदान के रूप में देने की अपील की. कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है. सरकार व प्रशासन अपने स्तर से हर प्रयास कर रही है. लेकिन बिना सामुहिक भागीदारी के इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता है. उन्होंने खास कर युवा व नये मतदाताओं से मतदान के लिए अपने घरों से निकल कर मतदान करने की अपील की. कॉलेज के इलेक्शन नोडल पदाधिकारी प्रो बैद्यनाथ महतो ने भी लोगों से मतदान की अपील की. एनएसएस के नोडल अधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि युवाओं से वोट करने की अपील करते हुए कहा कि उनको अपनी उर्जा सकारात्मक दिशा में लगानी चाहिए. मौके पर कॉलेज के कई व्याख्याता और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

# हाइवा में ट्रक ने मारी टक्कर चालक-खलासी की हुई मौत



संवाददाता। मेदिनीनगर

जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब कला गांव में डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच 98 फोरलेन पर सोमवार दोपहर खड़े हाइवा में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रक के चालक और सह चालक की मौत हो गयी. इस घटना में ट्रक पर सवार एक फल व्यापारी गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे हरिहरगंज सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया. ट्रक और हाइवा के बीच फंसे शवों को गैस कटर से काटकर निकाला गया. बताया जाता है कि महाराष्ट्र के नासिक से अंगूर लेकर एक ट्रक डालटनगंज की ओर से हरिहरगंज की ओर जा रहा था. हरिहरगंज के ढाबकला कला गांव के पास पिछले 24 घंटे से खराब होकर एक हाइवा (बीआर 24एल 3996) एनएच के किनारे पर खड़ा था. इस बीच पीछे से आए ट्रक ने हाइवा में जोरदार टक्कर मार दी. घटना में ट्रक के चालक और खलासी दब गए जबकि फल व्यापारी महाराष्ट्र के वैभव लक्ष्मी सीटी के रहने वाले रौशन शर्मा (38) वाहन से नीचे गिर गए.सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों एवं हरिहरगंज थाना पुलिस ने जख्मी फल व्यापारी को हरिहरगंज सीएचसी में भेजा. साथ ही जेसीबी और लोडर लगाकर वाहनों को हटाने की कोशिश की लेकिन शवों के फंसे होने के कारण तत्काल सफलता नहीं मिली.

### राष्ट्रीय लोक अदालत में एमएसीटी के मामलों का करायें निस्तारण: पीडीजे

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में 13 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर सोमवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने एमएसीटी केस के अधिवक्ता व बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य है. मामले निस्तारण में अधिवक्ता जितना दिलचस्पी दिखाएंगे उतना अधिक मामले निपटेंगे. उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मामले निस्तारण में अधिवक्ता की भूमिका अहम होता है.अधिवक्ता गण अपने मुव्वकिल को मामले निस्तारण के प्रति जागरूक करे ताकि अधिक से अधिक मामले लोक अदालत में निपटाए जा सके. बैठक में एडीजे विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, राज कुमार मिश्रा, स्वेता ढिंगरा व आयशा खान, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, निबंधक कमल प्रकाश के अलावा बीमा कम्पनी के अधिवक्ता युधिष्ठिर गिरी, सुदेव कुमार दता, अधिवक्ता सीके मिश्रा, राजीव रंजन, शलभ कुमार आदि उपस्थित थे.

# आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही भाजपा : अनुपमा भगत



संवाददाता। लोहरदगा

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने को लेकर झामुमो ने सोमवार को सुदूर जंगलवर्ती पेशरार प्रखंड के ग्राम पंचायत सीरम सहित विभिन्न गांवों में बैठक एवं जनसंपर्क अभियान चलाया . मौके पर झामुमो जिला सचिव अनिल उरांव, दिनू भगत मुजीबुर्रहमान बबलू, रोशन ठाकुर, मुखिया भागवत खेरवार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, कुरशीला कुजूर, बिमला मिंज आदि मुख्य रूप से शामिल थे. कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव उरांव कि अर्धांगिनी सह पूर्व नप अध्यक्ष अनुपमा भगत बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थी. मौके पर अनुपमा भगत ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को बढ़ाया है. साथ ही देश की संपत्तियों को पूंजीपतियों के हाथों बेच दी है. एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है. यह चुनाव नहीं जंग है. देश की लोकतंत्र और बाबा साहेब के संविधान को बचाने की जंग है. उन्होंने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है.

**समस्या** तीन माह से खराब है जलमीनार, पानी के लिए लोग हैंडपंप के भरोसे

# भंडरा में जलमीनार खराब, पेयजल के लिए लोग परेशान

संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा

झारखंड के लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा प्रखंड के बलसोता गांव में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सोलर सिस्टम जलमीनार का निर्माण कार्य कराया गया था, जो महज तीन माह बाद ही खराब हो गया. इधर लंबे समय से खराब पड़े जलमीनार की ओर न तो स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और न ही संबंधित विभाग का ध्यान है. जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है.

यहां पर बता दें कि भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलसोता के अलावा अन्य पंचायत क्षेत्रों में निर्मित जलमीनार इस बार की तपती गर्मी में



अभी से ही दम तोड दिया है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि क्षेत्र में निर्मित की गई जलमीनार आधे से अधिक खराब पड़ा हुआ है.

इस बीच शुभम संदेश के प्रतिनिधि से खास बातचीत में ग्रामीणों ने बताया कि बलसोता में निर्माण की गई जलमीनार विगत तीन महीना से खराब पड़ा हुआ है.

लेकिन किसी ने दुरूस्त कराए जाने की दिशा में अभी तक ध्यान नहीं दिया है. बताया कि खराब होने की शिकायत पेयजल विभाग से कई बार की गई है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुआ है. ग्रामीणों के मुताबिक गांव में पीने के पानी का एकमात्र साधन उक्त सोलर जलमीनार ही है. इसके खराब हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों के अलावा उक्त रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है.

गांव वालों के अनुसार उक्त जलमीनार से दर्जनों घरों के लोग पीने की पानी ले जाते थे,लेकिन जलमीनार खराब हो जाने से लोगों को बड़ी चुनौतियों से गुजरना पड़ रहा है. ज्ञात हो कि बलसोता के ग्रामीणों ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग से खराब पड़े जलमीनार को यथाशीघ्र मरम्मत कार्य कराकर चालू कराने की कई बार मांग किया पर कोई सुनवाई नही हुआ है. इस संदर्भ में मिस्त्री ने बताया कि मशीन का पावर कम हो जाने के कारण पानी खींच नहीं पाता है. गांव वाले विभाग से तंग आकर ग्रामीण ने जलमीनार का सोलर उतारकर जमीन में गड्ढा खोदकर सोलर लगा दिया. जिसके बाद भी चुल्लू भर पानी हलक भिगोने में कामयाबी हासिल नहीं हो पा रही है.

## ब्रीफ खबरें

### राहुल गांधी आज कोनबीर में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

**बसिया ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को गुमला आएंगे. गुमला के एनएचपीसी मैदान कोनबीर में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. चुनावी सभा को लेकर कोनबीर के एनएचपीसी मैदान में सभा स्थल और मंच निर्माण का काम चल रहा है. पुलिस के वरीय अधिकारी भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेरेकेटिंग का काम करा रहे हैं. लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के बसिया स्थित एनएचपीसी मैदान कोनबीर में कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी मंगलवार को दिन के एक बजे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे.

### निश्चित विज़न के बिना मिशन पूरा नहीं हो सकता: शिव कुमार

**महुआडांड़ (लातेहार)।** संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ के भागार में छात्र व व्याख्याताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संत जेवियर्स कॉलेज के वास्तुकार व वास्तुविद् (आर्किटेक्ट) फादर बॉब स्लैटरी तथा ऑस्ट्रेलिया निवासी सह प्रसिद्ध वक्ता शिव कुमार उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से किया गया. कॉलेज प्राचार्य डॉ फादर एमके जोश व उप प्राचार्य डॉ फादर समीर टोप्पो ने अतिथियों को सम्मानित किया. शिव कुमार ने कहा कि कैपेसिटी बिल्डिंग का अभिप्राय यह है कि आप अपने अंदर कि क्षमताओं का विकास करके ना सिर्फ़ अपने लिए बल्कि समाज के विकास में भी अतुलनीय योगदान दें.

### टेम्पो और बाइक की टक्कर में तीन घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के अधौरा चार मुहान पर बरडीहा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही टेम्पो ने पृथ्वीपुर की ओर जा रहे मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारते हुए मेन रोड पर ही पलट गई. इस दुर्घटना में अपने ससुराल पृथ्वीपुर आ रहे मोटरसाइकिल सवार खरसोता गांव निवासी स्व. बनारसी राम का पुत्र श्याम देव राम गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं टेम्पो सवार घुरुआ गांव निवासी शेख माजिद के 37 वर्षीय पुत्र शेख ईल्फाज एवं ग्राम अधौरा निवासी 60 वर्षीय सरजू राम सहित कई अन्य लोग घायल हो गए.

### विधायक पूर्व सीएम के चाचा के ब्रह्मभोज में शामिल हुए


**लातेहार।** स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के चाचा के ब्रह्मभोज में भाग लेने के लिए गोला के नेमरा गांव पहुंचे. उन्होने वहां उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी. मौके पर श्री राम ने ब्रह्मभोज में पहुंचे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से भी मुलाकत की और उनका कुशलक्षेम पूछा. मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला सचिव शमशुल होद्दा, युवा नेता अंकित पांडेय, दीपक कुमार व रंजीत कुमार मौजूद थे. बाद में शुभम संदेश से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि जिस प्रकार केंद्र की सरकार के द्वारा हेमंत सोरेन व उनके परिवार को परेशान किया जा रहा है,

### रोड नहीं तो वोट नहीं ग्रामीणों में दिखा आक्रोश

**घाघरा।** गांव की जनता देर से ही भले लेकिन जगने लगे हैं. जन सुविधा की बहाली के लिए गोल बंद होने लगे हैं. 13 मई को लोक सभा का चुनाव होने वाला है. चुनाव से पहले राजनीतिक दल के नेता गांवों में वोट मांगने पहुंचते हैं. घाघरा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत जिलिंगसिरा में नेता के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश है. इसका कारण यह है कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है. राज्य व केंद्र की सरकार विकास का डंका बजा रहे हैं और घाघरा बिशुनपुर मुख्य पथ से जिलिंगसिरा गांव पहुंचने के लिए सड़क नहीं है.

## न्यूज अपडेट

### मनिका पुलिस ने तीन आरोपियों के घरों पर चिपकाये इश्तेहार



**लातेहार ।** न्यायालय के आदेश के बाद मनिका पुलिस ने थाना क्षेत्र के जान्हो पंचायत के पटना गांव में तीन वर्षों से फरार चल रहे तीन आरोपियों के घरों में इश्तेहार चिपकाये हैं. इनमें ब्रह्मदेव सिंह, विनोद सिंह और उपेंद्र सिंह का नाम शामिल है. मनिका थाना सब इंस्पेक्टर अनुराग कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने इश्तेहार चिपकाये हैं. सब इंस्पेक्टर अनुराग कुमार ने बताया कि उक्त आरोपियों पर मनिका थाना में कांड संख्या 32/21 भादवि की धारा 18 (सी), 28/29 एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज है. सभी पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं. उन्हें कई बार पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन हर बार वे फरार हो जा रहे हैं. उन्होने बताया कि अगर आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमपर्ण नहीं किया तो उनके खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी.

### राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने कई गांवों में किया जनसंपर्क



**पाटन/ पलामू ।** राजद प्रत्याशी ममता भुइया पाटन प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया. उन्होंने लालटेन छाप में वोट देने की अपील की. बता दें कि पलामू संसदीय सीट से महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में ममता भुइया ने नामांकन किया है. राजद प्रत्याशी ममता भुइया को झामुमो, कांग्रेस और वामपंथी दलों का समर्थन प्राप्त है. मौके पर जेएमएम के पाटन प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र विजय राम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजद शिव प्रसाद मेहता, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजद धनवंत चौधरी, प्रकाश राम समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### ग्रामीणों ने गार्डवाल निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप



**बरवाडीह(लातेहार)।** प्रखंड के मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम के धड़धडी नदी पुल पर गार्डवाल का निर्माण कराया जा रहा है. गार्डवाल में नदी से लाये मृत एवं घटिया पत्थर का उपयोग करने के आरोप में सोमवार को ग्रामीण निर्माण स्थल पहुंचे और इसका विरोध किया. ग्रामीण बनवारी सिंह व मृत्युंजय सिंह समेत अन्य ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण में ठेकेदार के द्वारा शुरू से ही मनमानी की जा रही हैं. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया की पुल निर्माण कार्य के दौरान बिना जानकारी के ठेकेदार के द्वारा ब्लास्ट कर के कई घरों नुकसान पहुंचाया गया था.

### नेतरहाट में पारंपरिक तरीके से मनाया गया गांव सरहुल



**लातेहार ।** जिले के नेतरहाट पंचायत में रविवार को गांव सरहुल पारंपरिक तरीके से मनाया गया. इस दौरान बैगा रंजीत बृजिया ने जंगल वारफेयर स्कूल पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में पेड़ की पूजा की. केंद्र में ही कार्यक्रम में शामिल लोगों के लिए खिचड़ी, शरबत और पानी की व्यवस्था की गयी. स कार्यक्रम में वारफेयर स्कूल पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के वैभव कुमार, मनोज कुमार, अशोक सिंह, शमीम अख्तर, भुवनेश्वर गोप, गणेश चंद्र नायक, विमल सूब्बा, निरंजन राम, मो. इम्तियाज अहमद, लखी नारायण मुंडा और संतोष महतो मौजूद रहे. इसके अलावा जिप सदस्य स्तेला नगेसिया, पसेरी पाठ और बरटोली समिति सहित कई गांव के लोग मौजूद रहे.

### पाइप लाइन से जलापूर्ति होने से खेती को मिलेगा बल:उप मुखिया

किस्को/लोहरदगा। किस्को प्रखंड के पंचायत परहेपाट के होंदगा गांव में चौरा दोन में नदी से पानी चढ़ाने को लेकर ग्राम पंचायत परहेपाट के उप मुखिया लाल सुधीर नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में समिति का गठन किया गया. जिसमें सचिव सुरेश भगत, कोषाध्यक्ष प्रवेज अंसारी को बनाया गया. मौके पर कहा गया कि आप सभी किसानों यह जानकर प्रसन्नता होगी कि आपके किस्को दो के तीन पंचायत के सात गांव में कृषि सिंचाई पाइप लाइन बिछाने का प्रयास किया जा रहा है. इस सिंचाई पाइप लाइन से किसानों को खेती के लिए 12 महीने पानी उपलब्ध कराया जाएगा. इससे किसानों का आमदनी बढ़ेगी और किसान आत्मनिर्भर होंगे. उमौके पर उप मुखिया लाल सुधीर नाथ शाहदेव, इक़बाल अंसारी, कलीम अंसारी, कलाम अंसारी, निझर कुजूर, सेराज अंसारी, बीनू राम, हफीज अंसारी, रामदेव उरांव, बालेश्वर ठाकुर, राजेश ठाकुर समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान वर्ग मौजूद थे.

### किड्स एथलेटिक्स डे पर प्रतियोगिता का आयोजन



**गढ़वा।** किड्स एथलेटिक्स डे पर गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में सात मई को स्थानीय रामासाहू स्टेडियम में शाम चार बजे से किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में किसी भी सरकारी और निजी विद्यालय के अंडर 12 और अंडर 14 वर्ग के छात्र-छात्रा भाग ले सकते है. अंडर 12 आयु वर्ग में जिसकी जन्म तिथि अप्रैल 2012 के बाद का हो तथा अंडर 14 आयु वर्ग जिसकी जन्म तिथि अप्रैल 2010 के बाद का हो वह प्रतियोगिता में भाग ले सकता है. गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव आलोक मिश्र ने बताया कि झारखंड एथलेटिक्स संघ और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार पूरे भारत में किड्स एथलेटिक्स डे पर किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है.

### बीआरएमजीएसएस धनबाद के अध्यक्ष बने राकेश



**मेदिनीनगर।** मजदूर नेता राकेश सिंह को भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ द्वारा धनबाद रेलवे डिवीजन अध्यक्ष मनोनीत किया गया है. संघ के झारखंड प्रदेश प्रभारी राजकुमार पासवान व झारखंड सचिव महेश पासवान ने मेदिनीनगर रेल हेड परिसर में इसकी घोषणा की. मौके पर डाल्टनगंज इकाई को भंग करते हुए श्रमिक सरदार शंभू प्रसाद को संयोजक एवं देवेंद्र ठाकुर, अमारीक यादव, मनोज प्रसाद, संजय सिंह,बाबूलाल यादव को सहसंयोजक नियुक्त किया गया. नवमनोनीत अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि रेल हेड में कार्यरत श्रमिक भाइयों का हम पर इतना विश्वास है कि उन्होंने मजदूरों के भविष्य एवं हित में कार्य करने का मौका दिया है.

### विधायक ने किया भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



**मेदिनीनगर।** पूरे देश में भाजपा के पक्ष में हवा चल रही है भाजपा के 400 पर का नारा सप्लाई भूत होने जा रहा है पलामू की जनता भी तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जीतने के लिए तैयार है . उक्त बातें विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पत्र में भाजपा कार्यालय के उद्घाटन मौके पर कहीं. विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि हर तरफ अलग-अलग प्रत्याशियों की चर्चा है परंतु देश के प्रधानमंत्री के रूप में फिर से नरेंद्र मोदी की चर्चा घर-घर में है. पलामू से एनडीए के प्रत्याशी के तौर पर भाजपा के पूर्व सांसद को फिर से तीसरी बार टिकट दे कर पलामू लोकसभा क्षेत्र का उम्मीदवार बनाया है .

### नावा बाजार में भाजपा का चुनाव कार्यालय खुला

**नावा बाजार (पलामू)।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित सुरेश प्रसाद गुप्ता के मकान में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन हुआ. उद्घाटन इटको पंचायत पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता व पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि राष्ट्र को अग्रसर व विकसित बनाने के लिए नावा बाजार प्रखंड की जनता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन कर रही है.

**जन्मदिन की बधाई**



**अनिकेत कुमार**

तुम्हारे जन्मदिन पर बाबा-दादी, नाना-नानी, फुआ-फूफा एवं मम्मी-पापा के तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद।

## ब्रीफ खबरें

### बादल व ठंडी हवा से तापमान में गिरावट

**किरीबुरु।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु व सारंडा क्षेत्र में आसमान में काले बादलों ने डाला डेरा. बादल के साथ-साथ तेज चल रही ठंडी हवाओं की वजह से मौसम हुआ सुहाना. लोगों को मिली भीषण गर्मी व लू से भारी राहत. बीती रात से हीं बादलों ने डेरा डाल रखा है. आज शहर का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री व अधिकतम 34 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है. आगे कुछ दिनों तक शहर का मौसम ऐसा हीं रहने तथा तापमान में और गिरावट की संभावना जताई जा रही है. आज चल रही ठंडी हवाओं की वजह से पूरा शहर वातानुकूलित शहर के रुप में तब्दिल हो गया है. चुनावी माहौल में पार्टी प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं को जनसम्पर्क अभियान चलाने में काफी राहत मिलेगी.

### हेमंत सोरेन से मिले बीस सूत्री अध्यक्ष भगत बास्के

**डुमरिया।** प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष झामुमो नेता भगत बास्के सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिले. रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा गांव में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन अपने चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए प्रोविजनल बेल पर नेमरा गांव पहुंचे थे. विगत दिनों उनके चाचा राजाराम सोरेन का निधन हो गया था. हाइकोर्ट ने उन्हें श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए प्रोविजनल बेल दिया है. बीस सूत्री अध्यक्ष भगत बास्के ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय उपचुनाव के प्रत्याशी कल्पना सोरेन से भी मिले.

### सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें : बीडीओ

**घाटशिला।** घाटशिला कालेज में इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य एवं विज्ञान में टॉप थ्री टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया. उक्त समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने की. प्रतिभा सम्मान समारोह में कला में टॉप थ्री स्थान पाने वाले विद्यार्थियों में अनीता मुंडा प्रथम, मुजब्बीर रहमान द्वितीय एवं सभापति हेम्ब्रम तृतीय, वाणिज्य में प्रतिमा शाव प्रथम, मोहम्मद फैयाज द्वितीय एवं खुशी गुप्ता तृतीय तथा विज्ञान में हेमंत कस्तूरी सोरेन प्रथम, गरबा कर्मकार व सानिया गोराइ द्वितीय आदि शामिल थे.

### केवी ने संत जेवियर्स बालक उच्च विद्यालय को हराया

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे 13वीं ज्ञान चंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर ने संत जेवियर्स बालक उच्च विद्यालय चाईबासा को मात्र एक विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की. आज की जीत के साथ हलांकि केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर ने चार अंक हासिल कर लिए परंतु सुपर डिवीजन में क्वालीफाई करने से वंचित रह गयी. मैच समाप्ति के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव एवं अपने समय के मशहूर क्रिकेटर रहे .

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**नोवामुंडी।** गुवा थाना क्षेत्र के नानक नगर के रहने वाले 30 वर्षीय युवक मंटू ग्रांट सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने घटना के संबंध में बताया कि 30 वर्षीय युवक मंटू ग्रांट अपनी मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार के घर हिरजीहाटिंग गया हुआ था. वहां से रात 9:00 बजे अपने घर नानक नगर लौट रहा था. लालजी हाटिंग पहुंचने पर अचानक से बाइक से उसका संतुलन खो दिया, जिससे मोटरसाइकिल सहित वह मुख्य सड़क पर गिर पड़ा. मोटरसाइकिल से गिरने से उसके सर में एवं उसके चेहरे पर काफी चोटें आई है.

---

### उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कपाली के विद्यार्थियों ने निकाली रैली, लगाये नारे

# आन, बान और शान से, सरकार बनाओ मतदान से

**संवाददाता। चांडिल**



लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जहां सरकार की ओर विभिन्न प्रकार के मुहिम चलाया जा रहा है. वहीं इस मुहिम में छात्र-छात्राएं भी पीछे नहीं है. उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कपाली की ओर से सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई. रैली में विद्यालय के सभी विद्यार्थी और शिक्षक व शिक्षिकाएं शामिल हुए. इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के संदेश के माध्यम से लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया. विद्यार्थी और शिक्षकों के द्वारा ग्रामीणों को मतदान के अधिकार और उसके महत्व की जानकारी दिया. पोस्टर के माध्यम से भी लोगों को मतदान के साथ लोकतंत्र में अपने अधिकारों के बारे में संदेश दिए गए. इस दौरान विद्यार्थियों ने लोगों के पास पहुंचकर उन्हें मतदान करने का संकल्प भी दिलाया.

**विद्यालय परिसर से शुरू हुआ रैली :** रैली की शुरूआत विद्यालय परिसर से बैंड बाजा के साथ हुई. रैली में छात्र-छात्राएं हाथों में संदेश लिखे तख्तियां लिए जोश के साथ शामिल हुए. विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सपना मिश्रा के नेतृत्व में विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं और विद्यार्थी शामिल हुए. रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर केंदडीह, कपाली, हांसाडुंगरी, डांगरडीह समेत विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर वापस विद्यालय परिसर पहुंचा. रैली के दौरान विद्यार्थी नारा भी लगा रहे थे. विद्यार्थियों ने आन, बान और शान से, सरकार बनाओ मतदान से, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हम सब मतदान आदि नारा लगाकर लोगों को मतदान करने के प्रति प्रोत्साहित किया. इस दौरान शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भी लोगों से मतदान कर अच्छी सरकार चुनने और देश के विकास में भागीदार बनने की अपील किया. रैली के आयोजन में शिक्षिका रूबी तरन्नुम का सराहनीय योगदान रहा.

**खास बातें**

- रैली में विद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए
- रैली के दौरान विद्यार्थी नारे लगा कर लोगों को जागरुक कर रहे थे

---

### मझगांव से महागठबंधन से जुड़े हजारों कार्यकर्ता कार्यक्रम में होंगे शामिल

# चाईबासा में राहुल गांधी की जनसभा होगी एतिहासिक भीड़ : निरल पूर्ति

**संवाददाता। मझगांव**



झामुमो के मझगांव प्रखंड पार्टी कार्यालय में सोमवार को मझगांव विधायक निरल पूर्ति गठबंधन पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा किया . विधायक ने कहा कि सात मई को महागठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान आ रहे हैं. राहुल गांधी के सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए मझगांव प्रखंड से हजारों महागठबंधन दल के पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचकर उनकी बातों को सुनेंगे और अधिक से अधिक मतदाताओं को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनाने के लिए मतदाताओं तक पहुंच बनाकर राज्य सरकार द्वारा की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बताएं और हमारे प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने का अपील करें. इस बार मझगांव विधानसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक मत हमारे लोकसभा प्रत्याशी को मिलने जा रही है. विधायक ने कहा कि राहुल गांधी का जनसभा कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी . महा गठबंधन के एक-एक कार्यकर्ता तन मन धन से लगकर कार्य कर रही है. मौके पर दिलवर हुसैन, गोकुल पोलाई, मो. फैयाज, मो. आमिर, सुभाष चातार, सरस्वती सिंकु, शब्बीर अहमद, मो. रसद, शकील अहमद, मोहम्मद सिकंदर, मो इमरान, आदिल अंसारी, जोदु हेंब्रम, अहमद हुसैन,बेरेल, आदि उपस्थित थे.

### आदिवासियों को सुरक्षा प्रदान में असफल झामुमो : चंद्रमोहन बारी



**चाईबासा।** सदर प्रखंड, तुईबिर पंचायत के ग्राम कुईदबुसुः, सोसोंहातु में ईचा खरकई बांध विरोधी संघ, कोल्हान के द्वारा जन जागरण सह जनांदोलन चलाया गया. जिसकी अध्यक्षता चंद्रमोहन बारी ने की. संघ के अध्यक्ष बिर सिंह बुड़ीउली और सचिव सुरेश सोय के नेतृत्व में यह अभियान सदर प्रखंड के ईचा डैम से प्रभावित होने वाले 13 गांवों में चलाया जा रहा है. क्रांतिकारी अगुवा चंदमोहन बारी ने अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि झामुमो विस्थापितों से किया वादा पूरा करे. जल,जंगल और जमीन से जुड़ी हुई पार्टी आज आदिवासियों सुरक्षा प्रदान करने में असफल रही है. भाजपा और झामुमो महागठबंधन में कोई अंतर नही रहा. अपने सपने समय में दोनो ने अपना स्वार्थ मात्र सदा है. झामुमो अपने मुख्य चुनावी मांग पत्र में ईचा डैम को रख कर इसे रद्द करने से मुकर क्यों रहा है जवाब देना होगा. संघ अब कानूनी और सामाजिक लड़ाई संगठन के बाल पर कर लड़ेगी. जन जागरण अभियान में मुख्य रूप से चंद्रमोहन बारी,रमाय बारी उर्फ बांडिया,बिरेंद्र बारी, दयामानी बारी,अंजनी बारी,पूनम बारी,फुलमनी बारी, राजलक्ष्मी बारी, बिरेंग टोपनो, मीना बारी,मधुवा बारी,अर्जुन बारी, आंदोलनकारी और ग्रामीण उपस्थित थे.

---

### मोबाइल का इस्तेमाल शिक्षण कार्य करने के लिए दें

# सोशल मीडिया व मोबाइल से बच्चों को दूर रखें : डॉ आशीष

**संवाददाता। किरीबुरु**

केन्द्रीय विद्यालय, मेघाहातुबुरु के प्राचार्य डॉ आशीष कुमार एवं उप प्राचार्य रविशंकर चौधरी की देखरेख में अभिभावक-शिक्षक की बैठक आयोजित किया गया. यह बैठक 10 वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं की शिक्षा से जुड़ी एक माह की प्रगति की समीक्षा को ध्यान में रखते हुये आयोजित किया गया. अगले वर्ष इन छात्र-छात्राओं को 10 वीं बोर्ड की परीक्षा होनी है. इस लिये विद्यालय प्रबंधन बेहतर रिजल्ट हेतु अभी से हीं बच्चों के बेहतर शिक्षा व इसमें उनके अभिभावकों को जोड़ने हेतु यह प्रयास तेज किया है.

विद्यालय के प्राचार्य व उप प्राचार्य ने कई बच्चों की अनुपस्थिति को चिंता का विषय बताया. उन्होंने कहा कि सारंडा जैसे रिमोट क्षेत्र में स्थित इस स्कूल के बाहर अतिरिक्त शिक्षा का बेहतर व वैकल्पिक सुविधा नहीं है. ऐसे में बच्चे स्कूल से गायब रहेंगे तो उनका शिक्षा प्रभावित होगा. कुछ बच्चे परीक्षा बीच में छोड़ अभिभावक के साथ शादी या अन्य कार्यक्रम में चले गये जो चिंता का विषय है. जो बच्चे परीक्षा में शामिल नहीं हुये हैं उनका री-टेस्ट होगा. बच्चों का हर माह टेस्ट लिया जायेगा. पिछले 4-5 वर्षों में बोर्ड परीक्षा में पूछे गये सवालों पर भी विशेष फोकस कर उसपर बच्चे काम करें. आने वाले वर्ष में बोर्ड की परीक्षा में हमारे स्कूल के सारे बच्चे बेहतर करें. बच्चों व अभिभावक पढाई के दौरान स्वंय को मोबाइल से दूर रखे. बच्चों के साथ बैठकर उसे पढाई कराए. सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखें. मोबाइल का प्रयोग अपनी शिक्षा से जुड़ी कार्यों से हो. रात में सोते समय बच्चों के पास से मोबाइल अपने पास अभिभावक रखे.

### जोबा मांझी के लिए कांग्रेसियों ने मझगांव में घर-घर वोट मांगे

**मझगांव।** महागठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में कांग्रेसियों ने डोर टू डोर अभियान चलाकर जोबा माझी के पक्ष में मतदान करने की अपील की. मझगांव प्रखंड अंतर्गत पडसा, अधिकारी, बलियापोसी, अंगरपदा आदि पंचायत क्षेत्र में सोमवार को आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह मझगांव विधानसभा प्रभारी देवराज चातार ने सिंहभूम लोकसभा महागठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में डोर टू डोर अभियान चलाया. देवराज चातार ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन दल के पार्टी कार्यकर्ताओं ने खून पसीना बहाकर गीता कोड़ा को सांसद बनाने का कार्य किया था. लेकिन गीता कोडा ने डर और प्रलोभन में आकर भाजपा में चली गई.

### गांवों तक पहुंच पथ नहीं होने का जिम्मेदार कौन : बारला

**किरीबुरु।** सिंहभूम संसदीय सीट अन्तर्गत गुदड़ी प्रखंड का अति पिछड़ा एवं अंतिम सीमा पर बसा बान्दु पंचायत का सघन दौरा आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक सुशील बारला ने कर ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्याओं को जाना. दौरा के उपरांत पीडिंग में वह ग्रामीणों साथ बैठक किया. बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय गुदड़ी जाना भी मुश्किल है.

---

**परेशानी** मत पर्ची का वितरण भी समुचित ढंग से नहीं किया गया

# मतदान केंद्र बदलने से मतदाताओं की बढ़ी परेशानी

**संवाददाता। आदित्यपुर**



आदित्यपुर में मतदाताओं की संख्या बढ़ने से किये गए मतदाता विभाजन की वजह से सैकड़ों मतदाता इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान करने से वंचित रह जाएंगे. नए मतदाता सूची में कई खामियों मतदाता बता रहे हैं. ऐसे में मतदान केंद्र बदलने से कई मतदाता वोट नहीं दे पाएंगे. मतदाताओं की छंटनी करने वालों ने कुछ ऐसा मतदाताओं का विभाजन किया है कि पति का किसी और मतदान केंद्र पर तो पत्नी का किसी और केंद्र पर नाम सूची में डाल दिया गया है. जिससे मतदाताओं में संशय हो रहा है. मतदाताओं में इस बात को लेकर रोष भी है. उनके केंद्र जो पिछली चुनाव में सपरिवार का एक साथ था वो इस बार की मतदाता सूची में बिखर गई है. इतना ही नहीं मतदाताओं के पास मत पर्ची का वितरण भी प्रॉपर नहीं हुआ है. उदाहरण स्वरूप आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल के सैकड़ों मतदाताओं का नाम वर्तमान सूची में वार्ड 19 के प्राथमिक विद्यालय लाइन पार स्कूल में हो गया है. वितरण भी ऐसा कि पति का नाम सेंट्रल पब्लिक स्कूल तो पत्नी का नाम प्राथमिक विद्यालय लाइन पार में हो गया है, इतना ही नहीं उनके बेटा बहु का नाम किसी अन्य मतदान केंद्र पर हो गया है. इस अव्यवस्थित मतदाता सूची के बारे में वार्ड 17 की पूर्व पार्षद नीतू शर्मा कहती हैं उन्होंने वर्ष 2022 में ही जब मतदाता पुनरीक्षण के समय यह विभाजन हो रहा था तब इस बात का विरोध किया था लेकिन उस समय के तत्कालीन एसडीओ ने उनकी एक नहीं सुनी और मतदाताओं का बेतरतीब ढंग से विभाजन कर दिया जिससे पति पत्नी, बेटा बहु का नाम अन्य केंद्रों पर हो गया है. उन्होंने बताया कि कई मतदाता तो हाईवे पार कर आधा किलोमीटर दूर जाकर मतदान नहीं करने की बात उनसे कह रहे हैं.

**खास बातें**

- पति का कहीं तो पत्नी का केंद्र कहीं,मतदाताओं में रोष
- पिछले चुनाव में सपरिवार एकसाथ था, इस बार सूची में बिखर गया

---

## न्यूज अपडेट

### चंद्रशेखर 96.4 प्रतिशत अंक लाकर बने टॉपर




**घाटशिला।** इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा सोमवार को दसवीं तथा 12वीं का जारी किया गया परीक्षा परिणाम में संत जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल कशीदा का दबदबा रहा. कॉन्वेंट स्कूल कसीदा के चंद्रशेखर पाणिग्रही ने 96.4 प्रतिशत अंक लाकर मैट्रिक में विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है. जबकि प्रिया साव 94.8 एवं ऋषभ दास ने 94.8 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से सेकंड टॉपर बना. जबकि सप्तऋषि चौधरी 94.6 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे.

### बड़ाजामदा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**नोवामुंडी ।** आज बड़ाजामदा में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक की. बैठक की अध्यक्षता नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य सुश्री देवकी कुमारी ने की. बैठक को संबोधित करते हुए जिप सदस्य देवकी कुमारी ने कहा कि आगामी 13 मई को मतदान है. भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई. इस दौरान मौके पर सुकेश सिंह, मोनू साहू, नसीब खान, बलदेव खंडाइत, सुखलाल सामंत, सचिन बेहरा, बिट्टू सामंत, विजय बोदरा, सूरज चाम्पिया, मनोज गुप्ता, टिंकू निषाद, कृष्णा दास, पप्पू सिंह, रामनाथ मुखी, बब्लू यादव, प्रदीप गोप, कपिल केरकेट्टा, पवन आपट, भट्टीसाई, फुटबॉल मैदान, हॉस्पिटल चौक, गांवगुटु, बोकना, बलजुड़ी, टांकुरा, सिन्दूरगुई, के कार्यकर्ता शामिल थे.

### मैं भी इलेक्शन अंबेसडर अभियान में बच्चों ने हिस्सा लिया



**आदित्यपुर।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल (सीपीएस) आदित्यपुर के विद्यार्थियों ने झारखंड सरकार मंत्रिमंडल (निर्वाचन) तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर अभियान' में भाग लिया. इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्लेकार्ड मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, कविता लेखन, ड्राइंग प्रतियोगिता आदि में भाग लिया. छात्रों ने स्कूल के आसपास रहने वाले लोगों के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए एक रैली में भी हिस्सा लिया.

### संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत



**चाईबासा।** आईसीएससी तथा आईएससी बोर्ड परीक्षा में संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल एण्ड जूनियर कॉलेज चाईबासा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा. आईसीएसई 2023-24 बोर्ड परीक्षा में मनीष महतो 98.8%. अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया. जबकि चन्द्रशेखर दास 97.8% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा आर्यन गुजा- 97.6% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर है. आईएससी 2023-24 बोर्ड परीक्षा में भी विज्ञाम-विभाग से देशराज अनी 96% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान और रोहित देव वर्णन 91% अंक प्राप्त किया. हनी गुप्ता 87.3% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर है. वाणिज्य विभाग से अनुश्री 80.25% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर, रिमिल पत्र पिंगुवा 78.25% अंक प्राप्त करके व्दितीय स्थान पर तथा भूमिका सुंडी 69% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थम पर है.

### संत जोसेफ कॉन्वेंट परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**घाटशिला,** इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट बोर्ड द्वारा सोमवार को जारी 12वीं के परीक्षा फल में संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल मुसाबनी के विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा . विद्यालय के वाणिज्य संकाय में अंगद कुमार ने 93. 2.5 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना. वही कनक अग्रवाल एवं सूर्य प्रकाश शर्मा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के द्वितीय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है. जबकि क्रांइस तेजस लिंकन ने 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे.दूसरी तरफ विज्ञान संकाय में वानिया हबिबा ने 93.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर का गौरव हासिल की है . जबकि आदित्य कुमार श्रीवास्तव ने 90.5 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर रहे एवं श्वेता महतो ने 90.2.5 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रही.

### रामकृष्ण विवेकानंद शारदा विद्यापीठ का परीक्षाफल शत प्रतिशत

**घाटशिला।** इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा सोमवार को जारी परीक्षा फल में रामकृष्ण विवेकानंद शारदा विद्यापीठ फूलपाल का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा. विद्यालय से कुल 132 विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए. परीक्षा फल के संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के सचिव स्वामी सूतापानंद महाराज ने बताया कि शिवेंदु गोराई ने 90.20 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है जबकि निर्मल मंडल ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है. वही दीपाली महतो ने 86.80 अंक प्राप्त की है.

### हाटगम्हारिया में झामुमो ने रैली निकाला, मांगा वोट

**चाईबासा।** झामुमो पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को चाईबासा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में हाटगम्हारिया में रैली निकालते हुए जनता से समर्थन मांगा. रैली हाटगम्हरिया प्रखंड झामुमो कार्यालय से निकल कर सरकारी तालाब, मुख्य बाजार, फॉरेस्ट कॉलोनी, शिव मंदिर होते हुए मेन रोड, पुराना स्टेट बैंक, थाना परिसर होते हुए पुनः झामुमो कार्यालय वापस लौटे. इस दौरान हजारों की संख्या में शामिल झामुमो कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने जोबा मांझी जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, इंडिया गठबंधन जिंदाबाद आदि के जोरदार नारे लगाए.

# रैफ परिसर में मेरी लाइफ मासिक कार्यक्रम का आयोजन

**जमशेदपुर। संवाददाता**



रैपिड एक्शन फोर्स की 106वीं बटालियन सुंदरनगर में उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार ₹मेरी लाइफ₹ मासिक कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसके तहत सोमवार को पर्यावरण व प्राकृतिक समस्याओं के निदान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया. इस कार्यक्रम में वाहिनी के सभी कार्मिकों ने मिलकर कैंप एरिया में साफ-सफाई की. इसके माध्यम से सामाजिक जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा दिया गया और वर्तमान चुनौतियों को समझने और उनका समाधान करने के लिए एक मार्गदर्शन प्राप्त किया.वाहिनी में जवानों के मेंटल हेल्थ तथा खुशी को ध्यान में रखते हुए एमआईटी पुणे से मास्टर इन आर्ट अनुश्री भारगवा (आर्ट थेरेपिस्ट, विजुअल आर्टिस्ट तथा ऑथर) ने एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया. इसमें मानसिक स्थिति को बनाए रखते हुए खुशी से जीने की तरकीबों को साझा किया. हम सभी एक स्वच्छ, स्वस्थ, और सुरक्षित पर्यावरण का समर्थन करते हुए एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा रहे हैं.

**Formate C- 1**

*(For candidate to publish in Newspaper , TV)*

**Desclaration about Criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors Vs. Union Of India & Anr.)

Name and address of candidate:- **MADHAV CHANDRA KUNKAL, VILL- BUNUMLATA P.O- GITILPEE P.S-MANJHARI, DIST- WEST SINGHBHUM ,JHARKHAND**

Name of Political party :- **INDEPENDENT**

(Independent candidate should write "Independent" here)Name of Election: **Lok Sabha Election 2024**

Name of Constituency : **10 – Singhbhum(S.T) Parliament Constituency**

I **MADHAV CHANDRA KUNKAL** (name of candidate ) a candidate for the abovementioned election ,declare for public information details about my criminal antecedents.

**(A) Pending criminal cases**

| SL. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status ofCase(s) | Section (s) of Acts concerned and briefdescription of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | CJM | MANJHARI PS CASE - 20/2022 ,GR-197/2023 | EVIDENCE | 147,149,353 IPC, CRINIMAL FORCE TO DETER PUBLIC SERVANT FROM DISCHARGE FORM HIS DUTY |
| 02 | CJM | SADAR PSCASE 111/2019 ,GR-464/2019 | EVIDENCE | 153A,295A,505(2)IPC, PHOTO SHARE IN SOCIALMEDIA OF GODESS DURGA |
| 03 | ACJM | MUFFASIL PS CASE 87/2023 | CHARGE SHEET NOTFILLED | 144/188/189/353/504 IPC OBSTRUCTION INGOVERNMENT WORK. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| SL. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s)& punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 01 | NA | NA | NA |
| 02 | NA | NA | NA |

***In the case election to council of states or election to Legislative council by MLAs, mention the electionconcerned in place of name of constituency.**

**MADHAV CHANDRA KUNKAL**

## ब्रीफ खबरें

### प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का आवंटन किया

**हजारीबाग।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर अभ्यर्थियों के नाम वापसी और प्रतिक चिन्ह आवंटन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 26 अप्रैल से 3 मई तक अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन दाखिल करने एवं 4 मई को स्क्रूटनी की प्रक्रिया के उपरांत 17 अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन प्रपत्र में स्वीकृति प्रदान की गईं है एवं उन अभ्यर्थियों को प्रतिक चिन्ह आवंटित किए गए हैं. इनमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अलावा सीपीआई के अनिरुद्ध कुमार को बाल और हंसिया, लोकहित अधिकार पार्टी के कुंज बिहारी कुमार को सेव, अखिल भारतीय परिवार पार्टी की छठी देवी को केतली, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के निशांत कुमार सिन्हा को फलों से युक्त टोकरी, भारतीय आजाद सेना के प्रकाश सोनी को बांसुरी, समता पार्टी के भुनेश्वर बेदिया को बैटरी टॉर्च, झारखंड पार्टी के राज कुमार को एयर कंडीशनर और भागीदारी पार्टी (पी) के श्याम बिहारी प्रजापति अलमारी प्रतीक चिह्न आवंटित किया गया है.

### नौ दिनी शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ का समापन

**केरेडारी।** केरेडारी के जोरदाग गांव में श्री श्री 1008 नौ दिवसीय शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ संपन्न हुआ. वैदिक मंत्रों के साथ आचार्य यज्ञाचार्य पंडित सत्येंद्र कुमार पांडेय, विजय कुमार पांडेय, प्रकाश शास्त्री, अमित शास्त्री, बब्लू शास्त्री, राजेश पांडेय ने महायज्ञ संपन्न कराया. वहीं रात में भक्ति जागरण का कार्यक्रम रखा गया, जिसका मेला में आए तमाम श्रद्धालुओं ने लुफ्त उठाया.

### छात्राओं ने मतदान के लिए जागरूक किया

**बड़कागांव।** कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्राओं द्वारा वार्डेन लीलावती कुमारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता, मतदाता पेंटिंग एवं अभिभावकों के साथ सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. छात्राओं ने अपने-अपने अभिभावकों के साथ सेल्फी लेते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की. इसके अलावा विद्यालय के पड़ोसियों के साथ भी सेल्फी लेकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया.

### आठ मई से पोस्टल बैलेट से होंगे मतदान

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु निम्न सुविधा केंद्र बनाए गए हैं. संसदीय क्षेत्र सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू के मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है वे 8 मई से 10 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा की केंद्र संख्या 1 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते हैं. वहीं संसदीय क्षेत्र गिरिडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर के मतदाता, जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है, वे 14 मई से 17 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा की केंद्र संख्या 2 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते हैं. संसदीय क्षेत्र राजमहल, दुमका, गोड्डा के मतदाता, जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है, वे 24 मई से 25 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा की केंद्र संख्या 3 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते हैं.

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ने अब तक 500 पंचायतों के 1200 से अधिक गांवों तक बनायी पहुंच

# मिशन मोड में मनीष : बिना रुके-थके अनवरत दिन-रात कर रहे जनसंपर्क

**संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल का भाजपा ने 2 मार्च की शाम को टिकट कंफर्म किया, जिसके बाद 3 मार्च से ही उन्होंने क्षेत्र के पतरातू से जनता के बीच जुड़ना शुरू किया. पूरे लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख स्थलों की जनता के बीच महज 4- 5 दिनों में तूफानी दौरा कर टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं और जनता का आभार जताया. इसके बाद उन्होंने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 34 भाजपा मंडलों के कार्यकर्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक की. एक भाजपा मंडल में एक दिन का ग्राम भ्रमण कार्यक्रम शुरू किया. इसके तहत उन्होंने प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायतों के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंवाद कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की. गांवों में पदयात्रा कर, घरों में दस्तक देकर और चौपाल के माध्यम से खोरठा भाषा में संवाद, खटिया पर आराम और गांवों में लोगों के घरों पर चाय - पानी और नाश्ता करके उन्हें अपनापन का एहसास कराया.

जायसवाल ने पिछले करीब 64 दिनों से अनवरत बिना रुके, बिना थके, आंधी, तूफान, बारिश और 42- 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनसंपर्क कर रहे हैं. जनसंपर्क के बाद देर रात्रि तक क्षेत्र के धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हो रहे हैं. पिछले करीब 65 दिनों से जायसवाल की दिनचर्या पूरी तरह जनता को समर्पित है. वे इस दौरान महज़ 3- 4 घंटे की ही नींद ले पाते हैं. बाकी के 20- 21 घंटे जनता के बीच दे रहे हैं. क्षेत्र भ्रमण के दौरान मनीष जायसवाल लोगों के बीच लोगों के द्वारा उपलब्ध कराए गए सत्तू, गुड का शर्बत, नींबू पानी, खीरा, तरबूज, चाय- पकौड़ा और दोपहर का भोजन उनके साथ ही करते हैं. जायसवाल विधानसभा चुनाव की तर्ज पर जनसंपर्क कर रहे हैं. वह प्रतिदिन अपनी गाड़ी से 250 किलोमीटर चलते हैं और जनसंपर्क के दौरान गांव में प्रतिदिन 10- 12 किलोमीटर पैदल चल रहे हैं.

### लोगों में खुशी देखकर मिट जाती है थकान : मनीष

जायसवाल ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान उन्हें जनता का बेशुमार प्यार, आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है. वे घर से अकेले निकलते हैं लेकिन रास्ते में लोग जुड़ते जाते हैं और एनडीए के कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर होता है. गांव में जब हमारा कारवां पहुंचता है तो लोगों के चेहरे की खुशी देख हमारी थकान मिट जाती है और क्षेत्र में बने रहने और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है. मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता पीएम पद के लिए नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार देखना चाहती है.

### रजरप्पा पहुंचे मनीष जायसवाल, किया जनसंवाद

**रामगढ़।** मनीष जायसवाल सोमवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के नामांकन सभा में शामिल होने बोकारो जिले के जरीडीह पहुंचे. बोकारो से लौटकर रामगढ़ जिला अंतर्गत प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका आशीर्वाद प्राप्त किया. मंदिर परिसर के दुकानदार संघ एवं मंदिर समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया. जायसवाल ने यहां दुकानदारों, पंडा समाज एवं आसपास के लोगों से जनसंवाद कर अभियान चलाकर आगामी 20 में को होने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की.

---

मनीष व पटेल के सामने नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की चुनौती

# महंगी पड़ सकती है पुराने कार्यकर्ताओं की नाराजगी

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**





लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, प्रचार अभियान जोर पकड़ते जा रहा है. प्रत्याशी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिये दिन-रात जनसंपर्क और जनसंवाद कर रहे हैं. मतदाताओं का विश्वास जीतने के लिये उनकी हर मांग को पूरा करने का आश्वासन दे रहे हैं. हालांकि दोनों प्रमुख दलों भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की नाराजगी भी सामने आ रही है, जो मनीष जायसवाल और जय प्रकाश भाई पटेल को महंगी पड़ सकती है. ऐसे में दोनों प्रत्याशियों के सामने अपनी-अपनी पार्टी के नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की चुनौती है. कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता नाराज दिखाई दे रहे हैं, लेकिन वह पार्टी के नाम पर खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं. हालांकि दबी जुबान में वे इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव प्रबंधन पर सवाल उठा रहे हैं. नाम नहीं छापने की शर्त पर कई पुराने और युवा कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रत्याशी का कौन सलाहकार है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है, लेकिन जो भी उन्हें सलाह दे रहा है वह गलत कर रहा है. उन्हें छोटे-छोटे और पुराने कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करना महंगा पड़ सकता है और उनकी हार का कारण उनके सलाहकार बन सकते हैं. हालांकि हम लोग तो कांग्रेसी हैं अपने बूथ से अपनी पार्टी के उम्मीदवार को लीड तो करेंगे ही.

### कांग्रेस प्रत्याशी पटेल के रवैये से नाराजगी

कांग्रेसियों ने यह भी बताया कि स्क्रूटनी के समय एक बैंक्वेट हॉल में हुई मीटिंग में पुराने कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं पहुंचे और उस वक्त भी बैठक में प्रत्याशी द्वारा बोला जा रहा था कि पिछले तीन चुनाव में कांग्रेस हार चुकी है. इस बार चुनाव हम खुद अपने दम पर जीतेंगे, मुझे किसी की सलाह की आवश्यकता नहीं है, हम अपने जाति समीकरण से ही चुनाव जीत कर दिखाएंगे. उस बैठक में एक वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे और स्क्रूटनी के बाद प्रत्याशी को अलर्ट रहने का सुझाव दिया था. इस पर प्रत्याशी ने आग बबूला होते हुये तुरंत जवाब दिया कि जहां से आप कांग्रेसी लोग सोचना बंद कर देते हैं हम वहां से सोचना शुरू करते हैं. कांग्रेसियों ने यह भी कहा कि कांग्रेस ऑफिस अंग्रेजों के समय का है लेकिन जब चुनाव आया तो कांग्रेस ऑफिस में चार महीने से रिपेयरिंग का काम चल रहा है.

### भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह का त्यागपत्र

इधर, भाजपा की बात करें तो यहां भी कुछ पुराने भाजपाइयों में खूब नाराजगी देखी जा रही है. कई भाजपा छोड़कर इंडिया गठबंधन का सहयोग कर रहे हैं, जबकि रविवार को राज्य सभा सदस्य दीपक प्रकाश पुराने भाजपाइयों को मनाने में लगे थे, लेकिन अभी भी कई भाजपाई पार्टी में रहने के बावजूद वे पार्टी प्रत्याशी का समर्थन नहीं कर रहे हैं. सोमवार को सुरेंद्र सिंह ने भाजपा से त्यागपत्र दे दिया है. वह जेपी आंदोलन में भी भाग ले चुके हैं और वह पूर्व सांसद जसवंत सिंह और जयंत सिन्हा के सांसद प्रतिनिधि भी रह चुके हैं.

### जेपी के सलाहकार पर उठाए जा हैं रहे सवाल

कई कांग्रेसियों ने यह भी कहा कि पार्टी प्रत्याशी का सलाहकार खुद प्रत्याशी के साथ खेल कर रहा है. वह एक ठेकेदार है, जो कभी जात वाले के वोट का दावा कर रहा है, तो कभी सुप्रीमो के सामने अपना चेहरा चमका रहा है. उसने एक बिजनेसमैन से लगभग 50 लाख रुपये का सामान उधार लिया और उसे पैसा नहीं दे रहा है. बदले में अब विधानसभा में टिकट दिलाने की बात कह रहा है. ऐसे नेता हमारे प्रत्याशी को सलाह दे रहा है. यह चुनाव एकजुट होकर लड़ने की जरूरत थी और जीत हासिल करना मकसद था. अगर इस चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी की जीत होती है तो इसमें मुन्ना सिंह, अंबा प्रसाद, अकेला यादव के अलावे कुछ नेता की अहम भूमिका रहेगी. वह दिल से प्रत्याशी को मदद कर रहे हैं.

---

समर्थकों ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में विभिन्न गांवों का किया दौरा

## जेपी पटेल के समर्थन में किया जनसंवाद

**संवाददाता। कटकमसाडी**



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में सोमवार को कटकमसांडी की विभिन्न पंचायतों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया. झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा के नेतृत्व में चले सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान ढौठवा, आराभुसाई, रेबर, डांटों, झरदाग, गुरी, कठौतिया, मनार, माड़ीगढ़ा, अमझर, बचरा, कटकमसांडी आदि दर्जनों गांवों के ग्रामीण मतदाताओं से संवाद कर प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में मतदान की अपील की गई. मौके पर उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मतदान करें. बेरोजगारी व मंहगाई को दूर करने के लिए आप जेपी पटेल के पक्ष में मतदान करें. मौके पर कांग्रेस गारंटी कार्ड का वितरण किया गया.

जनसंपर्क में प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, राजकिशोर सिंह, मुखिया जयप्रकाश केसरी, अजय राणा, शंभू यादव कुवांरी बखला, रंजीत यादव, मोनिका देवी रमेश महतो, रहमत अली, रमाकांत सिंह विनोद यादव, रहमत अंसारी, रिंकू यादव, इंद्रदेव यादव, कपूर देवी, चंद्रदेव ठाकुर, राम किशोर साव, मो. रियाजुद्दीन, रामकुमार पटेल, संदीप यादव, उपेंद्र कुमार, मनोज भुईयां, किशुन कुजुर, दीपक रजक, सीताराम यादव आदि शामिल थे.

### निर्वाचन क्षेत्र के लिए समान पर्यवेक्षक की हुई नियुक्ति

**हजारीबाग।** भारत निर्वाचन आयोग ने हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की है. बरही व बड़कागांव के लिए सामान्य प्रेक्षक आईएएस अफसर चंद्रमौली शुक्ला को बनाया गया है, जिनका मोबाइल नं. 8987796320 है. रामगढ़, मांडू एवं हजारीबाग के लिए आईपीएस अफसर नेल्ली कुमार सुब्रमन्यम को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है. उनका मोबाइल नंबर 8987796321 है. सभी सामान्य नागरिक एवं सभी राजनैतिक दल संबंधित विधानसभावार प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक से अपनी शिकायतें एवं समस्या के निवारण हेतु व्यक्तिगत रूप से मिलकर या अंकित मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं. सामान्य प्रेक्षक से मिलने का समय 5 बजे से 6 बजे अपराह्न तथा स्थान परिसदन भवन है.

## डाक विभाग ने 3392 वोटर आईडी कार्ड वितरित किये

**संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग डाक प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग, चतरा व कोडरमा लोकसभा चुनाव 20 मई को है. इसको लेकर नये मतदाता भी चिह्नित किये गये हैं. साथ ही पुराने वोटर आइडी कार्ड में सुधार भी किया गया है. ऐसे मतदाताओं तक उनका नया वोटर आइडी पहुंचाने की जिम्मेदारी डाक विभाग को सौंपी गयी है. मतदाताओं तक वोटर आइडी पहुंचे, इसके लिए रविवार को भी डाकघर खुले रहे. सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान ने बताया कि डाक विभाग ने डाककर्मी, डाकिया और जीडीएस कर्मियों की मदद से बचे हुए सभी 3392 वोटर आइडी कार्ड का वितरण शनिवार व रविवार को कर दिया और आने वाले सभी मतदाता पहचान पत्र को समय पर मतदाताओं तक पहुंचने के लिए संकल्पित है. सहायक डाक अधीक्षक ने कहा कि चुनाव महापर्व को सफल बनाने के लिए डाक विभाग अपना योगदान दे रहा है. आने वाले चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसके लिए समय पर मतदाता पहचान पत्र वितरण पूरी तत्परता से किया जा रहा है. मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डाक विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं.

---

## उपायुक्त ने किया प्याऊ का उद्घाटन

**संवाददाता। रामगढ़**



**खास बातें**

- झारखंड सेवा समिति की पहल की सराहना की
- कहा-राहगीरों को मिल सकेगा शीतल पेयजल

झारखंड सेवा समिति की ओर से सोमवार को सुभाष चौक के निकट बढ़ती गर्मी को देखते हुए एवं आम लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए प्याउ का उद्घाटन किया गया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने की एवं इसका संचालन उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता व सह सचिव मनोज मंडल ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार मौजूद थे. उन्होंने प्याउ का उद्घाटन करते हुए झारखंड सेवा समिति की सराहना की. कहा कि इस प्याउ के आरंभ होने से बढ़ती गर्मी में यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा. कहा कि झारखंड सेवा समिति द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है जो सराहनीय है. कहा वर्तमान समय में ऐसी ही पहल की जरूरत है क्योंकि इससे देश का लोकतंत्र मजबूत होगा. वहीं झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा की गर्मी के मौसम में हमारी संस्था प्याउ का उद्घाटन प्रत्येक वर्ष करती है. मौके पर विनोद साव, राजेश प्रसाद, अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, सरेंद्र ठाकुर, विजय मेवाड़, जीतू अग्रवाल, मानू चतुर्वेदी, इंद्रपाल सिंह सैनी, अनूप कुमार बाबू साहब, श्याम सुंदर अग्रवाल, मनन साव, कैसर अली आदि मौजूद थे.

### सड़क हादसे में पत्रकार के पिता की मौत, मां घायल

**बरकट्ठा।** गोरहर और बगोदर थाने की सीमा पर स्थित तारा पंजाब होटल के समीप जीटी रोड पर हुए सड़क हादसे में स्थानीय पत्रकार साहेबराम सोरेन के पिता रामेश्वर मांझी (56), ग्राम घंघरी निवासी की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटना स्थल पर हो गई. वहीं मां सबिता देवी घायल हो गई. गोरहर और बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया. वहीं घायल महिला का इलाज अस्पताल में किया गया. मृतक अपनी पत्नी के साथ घंघरी से अटका स्थित महुआटांड जा रहे थे. इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. प्रेस क्लब बरकट्ठा ईकाई के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार रियाज खां, उपाध्यक्ष ईश्वर यादव, सचिव रामकृष्ण पांडेय, कोषाध्यक्ष अनिल वर्णवाल, पंकज मोदी, उपसचिव अजीत मोदी शोक व्यक्त किया है.

---

पुलिस ने अनुमंडल क्षेत्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाया अभियान

## तीन गिरफ्तार, 354 बोतल शराब बरामद

**संवाददाता। रामगढ़**



एसपी डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर रामगढ़ पुलिस ने अनुमंडल क्षेत्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर 354 बोतल अवैध शराब जब्त की. साथ ही 92 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद हुई. इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है.

एसपी ने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा नीचे धौड़ा में छापेमारी के दौरान राजेश सागर के घर से 10 बोतल अंग्रेजी शराब और 85 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई. गोबरदहा चौक के स्थित आर्यन लाइन होटल से 41 बोतल शराब मिली है. रजरप्पा थाना क्षेत्र में राजू महतो के घर और दुकान से 37 बोतल अंग्रेजी शराब, कुजू ओपी क्षेत्र के बरमसिया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार महतो की पान दुकान से 147 बोतल अवैध शराब जब्त की गई है. इसी तरह वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के केदला गांव में विनोद केसरी की दुकान से 68 बोतल अंग्रेजी शराब, सूरज गुप्ता के घर से 51 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई है. बरलंगा थाना के हारुबेड़ा गांव निवासी मोहनलाल बेदिया के होटल से चार लीटर देसी महुआ शराब, सिल्ली मोड़ स्थित रुसनी देवी के होटल से तीन लीटर देसी महुआ शराब जब्त की गई है.

### गिरफ्तार आरोपितों में ये लोग हैं शामिल

एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान गिरफ्तार आरोपितों में रामगढ़ थाने के कैथा, सवैयागढ़ा निवासी नरेश साव, कुजू ओपी के बरमसिया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार महतो और बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के केदला निवासी विनोद कुमार केसरी शामिल हैं. छापेमारी दल में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी फौजन अहमद, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार शामिल थे.

---

**कार्यक्रम** तोपा डीएवी पब्लिक स्कूल व श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय में खुशी क्लास का आयोजन

# असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी : मुकेश सिंह चौहान

**संवाददाता। कुजू (रामगढ़)**



**खास बातें**

- सकारात्मकता से जिंदगी बदलने की कहानी सुनाई
- कहा-दिमाग को स्वच्छ रखने के लिए बौद्धिक स्नान जरुरी

खुशी मिशन के तहत तोपा डीएवी पब्लिक स्कूल और श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय में खुशी क्लास का आयोजन किया गया. लाइफ केयर अस्पताल रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है. इसलिए असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि इसपर पैर रखकर सफलता की मंजिल तक पहुंच जाना है. सकारात्मकता कैसे जिंदगी बदलती है इससे संबंधित चौहान ने कई कहानी भी सुनाई. उन्होंने बच्चों को बौद्धिक स्नान कर अपने दिमाग से नकारात्मक चीज निकल कर सकारात्मक चीजों को ग्रहण करने के उपाय बताएं. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तन को स्वच्छ रहने के लिए नहाना जरूरी है. उसी प्रकार दिमाग को स्वच्छ रखने के लिए बौद्धिक स्नान जरूरी है. उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में तनाव न लाते हुए मिसाइल मैन के रूप में विख्यात हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी और बल्ब के आविष्कारक महान अमेरिकी वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन के जीवनी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया. उन्होंने बच्चों को अंक के तनाव से मुक्त होकर एक बेहतर इंसान बनने की सीख दी.

### परीक्षा में कम अंक आने पर गलत कदम न उठाएं

परीक्षा में कम अंक आने पर बच्चे तनाव में आत्महत्या जैसे गलत कदम उठाने को सिरे से खारिज करते हुए सकारात्मक सोच के साथ खुशी के माहौल को अपने जीवन में ढालने की सीख दी. उन्होंने कहा कि तनाव आजकल हर घर में महामारी के रूप में फैल रहा है, जिससे हम सभी को बाहर निकलना होगा. तनाव और डिप्रेशन से इंसान गलत कदम उठा रहे हैं, जिन्हें रोकने के लिए इंसान को सकारात्मक सोच के साथ चलना होगा. उन्होंने बच्चों को परिणाम की चिंता छोड़ जीवन को खुशी के साथ जीने की प्रेरणा देकर बच्चों से हरदम खुशी के साथ अपने जीवन को बिताने की प्रतिज्ञा ली. कार्यक्रम के अंत में चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से संबंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें, नि:शुल्क हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी. इससे पूर्व विद्यालय प्रबंधन द्वारा खुशी मिशन के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान और लाइफ केयर अस्पताल से आये संदीप साह का स्वागत किया गया.

## कल लगेगी जिला जज की विशेष लोक अदालत

**संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा की देखरेख में एक विशेष लोक अदालत का आयोजन 8 जून को किया जाएगा. इस बाबत सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्याय सदन भवन में सोमवार को एक बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान जिला जज ने की. बैठक में एमवीएसीटी के न्यायिक पदाधिकारी दीपक मल्लिक, सिविल कोर्ट निबंधक दिव्यम चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि और संबंधित अधिवक्ता मौजूद थे. बैठक में इस बात पर विचार किया गया कि किस प्रकार से सभी के बीच समन्वय स्थापित कर मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिनियम के अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जाए ताकि दावाकर्ता को जल्द से जल्द दावा राशि का लाभ मिल सके. जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि 6 मई से लेकर 2 जून तक एमवीएसीटी के लंबित मामलों को चिन्हित किया जाएगा. उसके बाद संबंधित पक्षकारों को नोटिस किया जाएगा. इसके बाद 3 जून से लेकर 7 जून तक एक प्री-लोक अदालत की बैठक की जाएगी. इसमें पक्षकारों के बीच बातचीत कर मामलों को निष्पादन के लिए तैयार किया जाएगा.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** मन में भटकाव उत्पन्न हो सकता है. किसी से बहस हो सकता है. पर कोई धन फंसा हो तो प्रयास करें. वरिष्ठों से संबंध मधुर होंगे, परन्तु सहकर्मियों से मनमुटाव व टकराहट हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें.

**वृषभ** बाहरी आवरण से लाभ होगा. खर्च में वृद्धि होगा पर बाहर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. आपकी सृजनात्मकता आपको अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है. जल और मिठाई का दान करें

**मिथुन** आय के लिए किया गया सार्थक प्रयास लाभ देगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी, वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार ना दें. गणेश जी का ध्यान पूजन करें.

**कर्क** धन के आगमन से मन खुश होगा. समय लाभ का मौका देगा. बस कर्म पर ध्यान दें. समाज में मान-सम्मान मिलेगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत भी सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में ना पडें.

**सिंह** भाग्य का साथ मिलेगा. धार्मिक यात्रा सुखद और मनोरंजक होगी. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. क्या न करें- आज कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य ना करें. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** समय पक्ष में नही है. किसी से विवाद होगा. दिल के बदले दिमाग से कार्य करें. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास ना करें. अन्न और जल का दान करें.

**तुला** जीवनसाथी के साथ घूमने का योग है. व्यापार में नया कार्य का योग है. किसी नए शौक की तरफ रुझान रहेगा, जबकि स्पोटर्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं, अतः सतर्क रहें.

**वृश्चिक** मौसमी रोग से बचाव जरूरी है. ॠण लेने की नौबत आएगी. आपको एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें.

**धनु** कार्य सिद्धि नहीं होने से क्रोध बढ़ेगा. प्रेम में धोखा मिलेगा. गलतफहमियां दूर कर सकेंगे और नए वादे किए जाएंगे. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस ना खोएं. शिवजी का पूजन ध्यान करें.

**मकर** माता से मतभेद होने की संभावना है. विदेशी कारोबार से जुड़े लोगो को अच्छे लाभ का योग है. पिता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भरी पड़ सकता है. शनि को खुश करें.

**कुंभ** भाई के लिए दिन अच्छा है. आपके परिश्रम को उचित सम्मान मिलेगा एवं नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही ना बरतें. काला वस्तु का दान करें.

**मीन** पिता और पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें. अन्न और जल का दान करें.

### जमानत पर कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नेमरा गांव लाया गया

# चाचा राजाराम सोरेन के श्राद्ध में पहुंचे हेमंत

संवाददाता ।गोला

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमानत पर सोमवार को बाहर निकले. उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच गोला प्रखंड के नेमरा गांव लाया गया. यहां हेमंत अपने चाचा राजाराम सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए. नेमरा गांव में इसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी. एक दिन पूर्व ही झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन नेमरा गांव पहुंच गए थे. श्राद्ध कार्यक्रम संथाली रीति रिवाज के साथ किया गया. हर कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री ने शामिल होकर अपने पारिवारिक कर्तव्यों का निर्वहन किया. घर के सभी सदस्यों ने हेमंत का स्वागत लोटा पानी के साथ किया. जवाब में हेमंत ने अपने पिता शिबू सोरेन और मां रूपी सोरेन का पैर छूकर आशीर्वाद लिया. जेल से नेमरा पहुंचे हेमंत का लुक बदला-बदला दिखा. लंबे-लंबे बाल के साथ बड़ी-बड़ी दाढ़ी रखे हुए थे. पहनावा में भी काफी बदलाव दिखाई दिया. इस दौरान हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना. उनके साथ पूर्व की भांति घर के आंगन में बैठकर कई जानकारी ली. हेमंत सोरेन भीषण गर्मी में भी कूल-कूल दिख रहे थे. उनके चेहरे पर कोई शिकन नहीं था. कोर्ट के आदेश का अनुपालन हेमंत ने किया. उन्होंने मीडियाकर्मियों से कोई बात नहीं की.

श्राद्ध कार्यक्रम के बाद पुनः हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया. बता दें कि लैंड स्कैम के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा प्रोविजनल बेल के लिए दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई थी. इस दौरान अदालत ने हेमंत सोरेन को प्रोविजनल बेल देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज किया था. हालांकि कोर्ट ने उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में कुछ देर के लिए शामिल होने की अनुमति दी थी. अदालत ने यह सख्त निर्देश दिया था कि 6 मई को होने वाले श्राद्ध कर्म में शामिल होने के दौरान हेमंत सोरेन मीडिया से कोई बातचीत नहीं करेंगे और ना ही कोई राजनीतिक चर्चा करेंगे. 30 अप्रैल को रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने हेमंत सोरेन को प्रोविजनल बेल देने से इनकार कर दिया था. कोर्ट के इस आदेश को हेमंत सोरेन ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की थी. उन्होंने अपनी अपील में हाईकोर्ट से तीन दिनों की प्रोविजनल बेल मांगी थी. याचिका में उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया था कि उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने की अनुमति दी जाये. उल्लेखनीय है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का निधन हो गया था. उम्र के आखिरी पड़ाव में बीमारी से लड़ते हुए उनकी मृत्यु हो गयी थी. राजाराम सोरेन रांची में ही रहते थे.







**नेमरा गांव**

- गर्मी में दिखे कूल, संथाली रीति रिवाज से हुआ श्राद्ध कार्यक्रम
- शिबू सोरेन एक दिन पहले ही नेमरा गांव पहुंच गये थे
- घर के लोगों ने हेमंत का स्वागत लोटा पानी के साथ किया



# यूएनआई न्यूज चैनल की ग्रांड ओपनिंग





संवाददाता ।धनबाद

धर्मतला के पियरलेस इन में सोमवार को यूएनआई न्यूज चैनल का भव्य उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नेता संतोष पाठक, अनवर खान और अमिताभ चक्रवर्ती ने शिरकत की. इस चैनल के मालिक ललित शर्मा हैं. उनके जन्मदिन के अवसर पर उक्त यूएनआई चैनल का उद्घाटन किया गया है. कार्यक्रम में चरणजीत, अभिनेत्री पायल मुखर्जी, राजोश्री दे,

**झारखंड, बंगाल समेत पांच राज्यों में एक साथ शुरू**

मेट्रो रेलवे के डीजीएम प्रत्युष घोष, सौमया सहिल, टालीवुड अभिनेता आदित्य रॉय, यासिर हैदर, बाजार कोलकाता के हेड उमेश शर्मा, व्यवसायी शिवकांत शर्मा, सीसीएल बंगाल टाइगर सौम्योदीप जैम्मी, हिना अहमद, माउंट एवरेस्ट क्लाइंबर पियाली बसक, सम्पा गुहा महिला थाना प्रभारी लाल बाजार उपस्थित थीं.

इस दौरान चैनल मालिक ललित शर्मा ने कहा कि न्यूज चैनल का काम आमलोगों को सच से रूबरू कराना है, जो हमारा चैनल बिना किसी लागलपेट के करेगा. जनता के हर मुद्दे को पूरी दिलेरी से उठाकर रखने का काम किया जाएगा. ये चैनल पांच राज्यों में एकसाथ शुरू किया गया है. इनमें झारखंड, बिहार, ओडिशा, त्रिपुरा और पश्विम बंगाल शामिल है. इसके साथ ये जीओ टीवी, एयरटेल (ब्लैक बॉक्स) और टाटा स्काई पर शीघ्र ही देखने को मिलेगा.

# कभी दो दिग्गजों का था दबदबा

**रांची लोस सीट**

दिलीप कुमार ।चांडिल



रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की राजनीति वर्ष 1989 से 2014 तक हुए चुनाव में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के ईर्द-गिर्द ही घूमती रही. इस दौरान रामटहल चौधरी पांच और सुबोधकांत सहाय तीन बार सांसद निर्वाचित हुए. सुबोधकांत सहाय एक बार जनता दल से और दो बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुने गए और तीनों बार केंद्र में मंत्री बने. वहीं रामटहल चौधरी पांच बार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद एक बार भी मंत्री नहीं बनाए गए. पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय वर्ष 1989, 2004 और 2009 में रांची से सांसद चुने गए थे. वहीं रामटहल चौधरी 1991, 1996, 1998 और 1999 में चार बार लगातार सांसद निर्वाचित हुए. वहीं उन्होंने वर्ष 2014 के चुनाव में भी दमदार जीत दर्ज किया था. इतने लंबे अरसे तक रांची की राजनीति में इन दोनों नेताओं का दबदबा बना रहा. वहीं इस बार हो रहे लोकसभा चुनाव में रांची के चुनावी मैदान से दोनों दिग्गज नेता गायब हैं. बीते चुनाव में रामटहल चौधरी ने भाजपा से अलग होकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमाया था. वर्ष 2019 में हुए संसदीय चुनाव में भाजपा ने अपना प्रत्याशी बदलते हुए रांची निर्वाचन क्षेत्र से संजय सेठ को उतारा. देश में चल रही मोदी लहर में संजय सेठ पहली बार लड़ रहे चुनाव में ही संसद भवन तक का सफर तय किए. उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज नेता सुबोधकांत सहाय को पराजित किया था. वहीं इस बार हो रहे संसदीय निर्वाचन में कांग्रेस ने भी अपना प्रत्याशी बदलते हुए सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को अपना उम्मीदवार बनाया है. पिता की विरासत संभालने चुनावी मैदान में उतरी यशस्विनी सहाय भी अपने प्रतिद्वंदी को कड़ा मुकाबला दे रही है.

बीते चुनावों में दो ध्रुव रहने वाले परंपरागत प्रतिद्वंदी रामटहल चौधरी और सुबोधकांत सहाय इस चुनाव में एक मंच पर हैं. हालांकि दोनों इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं. इसका भी लाभ यशस्विनी सहाय को मिलने की बात बताई जा रही है. वर्ष 1952 में अस्तित्व में आए रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शुरूआती दौर में रांची लोकसभा सीट पर कांग्रेस का दबदबा था. बाद में धीरे-धीरे भाजपा ने इस सीट को अपने पाले में करने में सफल रहा. बहरहाल, आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में सरगर्मी बढ़ गई है. अब रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सियासी हलचल उफान पर है. इसका कारण आने वाले कुछ हफ्तों में होने वाली चुनाव हैं. एक ओर जहां अपनी जीत पक्की करने के लिए उम्मीदवार हर संभव कोशिश कर रहे हैं.

# राहुल गांधी की आम सभा ऐतिहासिक होगी : महागठबंधन

**चाईबासा** । सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के कांग्रेस भवन चाईबासा में राहुल गांधी की मंगलवार को होने वाली इंडिया गठबंधन की आम सभा को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया था. टाटा कॉलेज मैदान में प्रोग्राम आयोजित किया गया है. बैठक में बूथ लेबल कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश लेबल के सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 07 मई मंगलवार को 10.30 होने वाली इंडिया गठबंधन की आम सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस लें. क्योंकि यह लड़ाई बीजेपी आम आदमी की लड़ाई है. बैठक में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आज देश के हर वर्ग महंगाई और बेरोज़गारी से त्रस्त एवं त्राहिमाम है. इसका संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिक से अधिक लोगों का हुजूम को आम सभा में लाना सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी होनी चाहिए. इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध तरीके से जिम्मेदारियां सौंपी गई. इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी जोश एवं उत्साह देखने को मिल रहा है. तैयारी बैठक को डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, देवेंद्र नाथ चांपिया, विधायक सोना राम सिंकु, विजय खां, जिलाअध्यक्ष चन्द्रशेखर दास व नितीमा बारी आदि ने संबोधित किया.

सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास ने किया. बैठक में मुख्य रूप से डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, देवेंद्र नाथ चांपिया, विधायक सोना राम सिंकु, विजय खां, जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास,नितीमा बारी, अशरफुल होदा, रंजन बोईपाई, अंबुराय चौधरी कृष्णा सोय, लक्ष्मण हासदा, सौरभ अग्रवाल प्रीतम बंकीरा, जगदीश सुन्डी, लक्ष्मण हासदा, दीनबंधु बोयपाई, विवेक विशाल प्रधान सुमित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# गर्मी से मिली निजात, बदला मौसम का मिजाज

- बारिश के साथ वज्रपात की आशंका, येलो अलर्ट जारी

संवाददाता।रांची

झारखंड में चुभती गर्मी से निजात मिली है. राजधानी रांची में मौसम काफी हद तक सुहाना हो गया है. मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है. इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है. 10 मई तक राज्य के विभिन्न जिलों में गरज के साथ तेज हवाएं चलेंगी. पाकुड़, दुमका, गोड्डा में भी बारिश की संभावना जताई गई है. इस दौरान वज्रपात के साथ तेज हवाएं भी चल सकती है. इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है.



**गिरिडीह और कोडरमा में भी हो सकती है बारिश**

मौसम विभाग ने गिरिडीह और कोडरमा में भी गरज के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है. इन जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है. 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की आशंका जताई गई है. इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

**पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में भी बारिश की संभावना**

पूर्वी सिंहभूम व सरायकेला-खरसावां जिले में भी गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. वज्रपात की भी आशंका है. मौसम विभाग ने इसको लेकर भी येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि रांची व खूंटी जिले के कुछ हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना है. इस दौरान वज्रपात की आशंका जतायी गयी है. इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है.

# मंत्री जी के संरक्षण प्राप्त लोग भी अब ईडी के रडार पर

विनीत आभा उपाध्याय/सौर सिंह।रांची

झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) संजीव लाल के सहायक और उसके करीबियों के ठिकानों पर ईडी की रेड जारी है. सोमवार की सुबह शुरू हुई इस रेड में अब तक 40 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हो चुका है.

जैसे-जैसे रेड आगे बढ़ रही है, कई चौंकाने वाले खुलासे भी हो रहे हैं. इस रेड के बाद संताल इलाके के एक बड़े पत्थर कारोबारी और सैकड़ों हाइवा के मालिक का नाम तेजी से हर किसी की जुबान पर आने लगा है. यह कारोबारी वर्ष 2019 में विस्फोटक रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था. लेकिन जैसे ही सरकार बदली वह मौजूदा सरकार के ताकतवर मंत्री का खासम खास हो गया.

विस्फोटक से जुड़े मामले को सीआईडी ने भी टेकओवर किया था.सीआईडी जांच से बचने के लिए उसने कई झूठे तथ्य पेश किए थे. जैसे-जैसे मंत्री जी की ताकत बढ़ती गई, उस व्यवसाई का कद और रुतबा दोनों बढ़ता चला गया. इससे उसकी भी ताकत बढ़ती गई. उसकी हनक इतनी है कि वह थानेदार और डीएसपी को हटवाने की धमकी दे चुका है. लोग बताते हैं कि मंत्री जी का हाथ सर पर पड़ते ही वह खुद को अकबर जैसा बादशाह समझने लगा.

**गोलीकांड** आइओ और सूचक का बयान कोर्ट में दर्ज हुए बिना गवाही बंद कर दी गई

# बड़कागांव के चर्चित ढेंगा गोलीकांड में केस दर्ज हुआ था

विनीत आभा उपाध्याय।रांची

एक तरफ हाईकोर्ट से बार-बार एमपी/एमएलए से जुड़े मुकदमों से संबंधित सरकारी/निजी गवाहों को कोर्ट में पेश कर ट्रायल जल्द पूरा करने का निर्देश दिया जा रहा है. वहीं दूसरी ओर चर्चित मामलों में बिना केस आइओ और सूचक का बयान कोर्ट में दर्ज करवाए ही गवाही बंद करवा दी जा रही है. हज़ारीबाग जिला के बड़कागांव के ढेंगा में 14 अगस्त 2015 को हुई चर्चित गोलीकांड के मामले में रांची सिविल कोर्ट के एडीजे सात विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने गवाही बंद कर दिया है. मामले को लेकर बड़कागांव थाना कांड संख्या 167/15 दर्ज किया गया था. जिसमें पूर्व विधायक योगेंद्र साव,निर्मला देवी सहित अन्य दर्जनों लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था. सरकार इस मामले में पार्टी है और सरकार केस के सूचक तत्कालीन एसडीओ अनुज प्रसाद,अनुसंधानकर्ता इंस्पेक्टर अवधेश सिंह और चिकित्सक के साथ तत्कालीन थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा की गवाही नहीं करा पाई. कोर्ट के बार-बार बुलाने के बावजूद गवाह पेश नहीं हुए, जिसके बाद कोर्ट ने गवाही बंद कर आगे की कार्यवाई करते हुए आरोपियों के बयान दर्ज करने का आदेश दे दिया है. कांड के सूचक अनुज प्रसाद,रामदयाल मुंडा अभी नौकरी में हैं. वहीं कांड के अनुसंधानकर्ता अवधेश सिंह सेवानिवृत्त होकर हज़ारीबाग जिला के केरेडारी में एक कंपनी में सुरक्षा सलाहकार की नौकरी कर रहे हैं.



किसान अधिकार महारैली के दौरान पुलिस-पब्लिक के बीच हुई झड़प में छह लोग गन शॉट इंज्युरी से घायल हुए थे. पुलिस की चार्जशीट में किसी के घायल होने का जिक्र नहीं किया गया था. जिसे लेकर हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दायर किया गया था. हाईकोर्ट में सरकार की तरफ से शपथ दायर कर बड़कागांव थाना कांड संख्या 167/2015 की घटना में लोगों के घायल होने की बात स्वीकार करते हुए सीआईडी से जांच कराने की बात कही थी. वहीं ट्रायल कोर्ट ने जब सरकार द्वारा सीआईडी जांच के आदेश और हाईकोर्ट के आदेश पर सहायक लोक अभियोजक से जवाब मांगा तो चार महीने बाद कोर्ट में यह जवाब दिया गया कि हाईकोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है.

## गोड्डा में दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**गोड्डा** । अनुसूचित जाति से आने वाली युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. मामले के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते मार्च महीने में पीड़िता के साथ हुई घटना के बाद पीड़िता ने ठाकुरगंगटी थाना में आवेदन दिया था. जिस पर कांड संख्या 10 /24 आरोपी युवक कपिलदेव महतो पिता सुरेंद्र महतो ग्राम कुरपट्टी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था. दुष्कर्म करने एवं अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपी युवक घटना के बाद से ही फरार चल रहा था. इस मामले में ठाकुरगंगटी पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया.

# देवघर के सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में निकली है बंपर वैकेंसी

संवाददाता।रांची

**सुनहरा मौका**

- 500 से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार
- सात मई को होगा भर्ती कैंप का आयोजन

देवघर के सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में बीपीओ सेंटर खोला जा रहा है. इसके लिए सात मई को भर्ती कैंप लगाया जाएगा. यह कैंप देवघर के एस कॉलेज एवं विरोय मॉल के सेकंड फ्लोर स्मार्ट बाजार में लगेगा. इस भर्ती कैंप में 500 से अधिक युवक-युवतियों को रोजगार दिए जाएंगे. बीपीओ सेंटर में कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव एवं अन्य पदों पर नियुक्ति की जाएगी.

जानकारी के अनुसार, चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार रुपये प्रति माह वेतन दिया जाएगा. भर्ती कैंप में 12वीं और ग्रेजुएट पास अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर है. इसमें कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव पद के लिए 12वीं की मार्कशीट सहित सभी प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र ले जाना आवश्यक है. वहीं अन्य पदों के लिए ग्रेजुएशन के सभी प्रमाण पत्र साथ ले जाना आवश्यक है. इसके साथ ही अभ्यर्थी को अपना आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो और रिज्यूम ले जाना भी जरुरी है.

## समावेशी विकास बड़ा मुद्दा

सऊदी अरब की राजधानी रियाद में दुनिया की बड़ी कंपनियों, सरकारों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के लगभग 1000 प्रतिनिधियों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया. बैठक में मुख्य रूप से तीन मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें पहला था समावेशी विकास के लिए समझौता. इस विषय की जरूरत बताते हुए बैठक के एजेंडे में कहा गया, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में तीव्र गति से सुधार से लेकर औद्योगित नीतियों, आविष्कार के हालिया रुझानों और आर्थिक नीति, मानव विकास में लंबे समय से जरूरत से कम निवेश आदि के कारण वैश्विक गैर-बराबरी बढ़ने का खतरा पैदा हुआ है और गुजरे दशकों में गरीबी के खिलाफ संघर्ष में जो प्रगति हुई थी, वह खतरे में पड़ रही है. बाकी दो विषय थे ऊर्जा के क्षेत्र में पहल को गति देना और वैश्विक सहयोग में फिर से जान फूंकना. यह दिलचस्प है कि अब विश्व बैंक और आईएमएफ जैसी संस्थाएं उन नीतियों के गंभीर दुष्परिणामों को स्वीकार कर उनका समाधान ढूंढ रही हैं, जिन्हें पिछले चार-पांच दशकों में उन्होंने आक्रामक अंदाज में दुनिया भर में फैलाया है. आईएमएफ की निदेशक क्रिस्टीलिना जियोर्गियेवा ऐसी नीतियों की जरूरत बताने खुद वहां गईं, जिनसे वैश्विक सहयोग बढ़े और आर्थिक गैर-बराबरी कम की जा सके. इस सिलसिले में यह याद करना उचित होगा कि

> पहला कार्यकाल खत्म होने के साथ जब उन्होंने फिर से अपनी दावेदारी पेश की तो उसी समय उन्होंने इस कार्यकाल के लिए अपना एजेंडा घोषित किया था.

जियोर्गियेवा हाल ही में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए आईएमएफ की प्रबंध निदेशक चुनी गई हैं. पहला कार्यकाल खत्म होने के साथ जब उन्होंने फिर से अपनी दावेदारी पेश की तो उसी समय उन्होंने इस कार्यकाल के लिए अपना एजेंडा घोषित किया था. इसमें उन्होंने एलान किया था कि नए कार्यकाल में दुनिया में गैर-बराबरी घटाना उनका प्रमुख मकसद होगा. इस मौके पर लिखे अपने ब्लॉग में उन्होंने कहा है-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर घट रही है और वास्तविक जीडीपी की वृद्धि निम्न बनी हुई है. इसकी वजह धन और आय की बढ़ती गैर-बराबरी है. नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री एंगस डिटॉन अब गैर-बराबरी का अध्ययन करने के लिए मशहूर हैं. इस विषय पर उन्होंने किताबों के साथ-साथ महत्त्वपूर्ण शोध पत्र भी लिखे हैं. लेकिन डिटॉन की दिलचस्पी हमेशा से इस विषय में नहीं थी. पहले वे मुख्यधारा के अर्थशास्त्री थे- यह इस बात से भी जाहिर है कि उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला. उन्हीं डिटॉन के एक महत्त्वपूर्ण लेख को हाल में आईएमएफ ने अपने मंचों पर प्रचारित किया. आईएमएफ विभिन्न देशों पर कमखर्ची की नीतियां थोपने के लिए कुख्यात रहा है. इन नीतियों ने गैर-बराबरी बढ़ाने में संभवतः सबसे बड़ा योगदान किया है. गैर-सरकारी संस्था ऑक्सफेम ने अपनी एक रिपोर्ट में 17 देशों में इन नीतियों के परिणाम का वर्णन किया है. उसने बताया है कि उन देशों में सामाजिक सुरक्षा के कार्यक्रमों पर जितनी रकम खर्च करने के लिए आईएमएफ ने वहां की सरकारों को प्रोत्साहित किया, राजकोषीय खर्च में उससे चार गुना ज्यादा रकम कटौती के लिए उसने दबाव डाला. यानी अगर आईएमएफ के प्रोत्साहन से किसी देश की सरकार ने सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं पर एक रुपया खर्च किया तो उसके दबाव में उसे चार रुपये की खर्च कटौती करनी पड़ी. नतीजा, वहां आम जन की बढ़ी मुसीबतों के रूप में सामने आया.

### सुभाषित

**शान्तितुल्यं तपो नास्ति तोषान्न परमं सुखम्।**
**नास्ति तृष्णापरो व्याधिर्न च धर्मो दयापरः॥**

शान्ति जैसा कोई तप (यहां तप का अर्थ उपलब्धि समझना चाहिए) नहीं है, सन्तोष जैसा कोई सुख नहीं है (कहा भी गया है संतोषी सदा सुखी), कामना जैसी कोई व्याधि नहीं है और दया जैसा कोई धर्म नहीं है. जहां शांति और संतोष है, वहीं सही मायने में सुख होता है.

# चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर संदेह

**लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता की जिस तरह खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और अपारदर्शी तरीके से चुनाव प्रक्रिया संचालित की जा रही है। वह चिंता में डालने वाली है. जिस संस्था पर मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट को सख्ती से लागू करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है, वह अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करती नहीं दिख रही है. देश ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है. ऐसे में जरूरी है कि भारत निर्वाचन आयोग अपने 'नियोक्ता' के किसी भी दबाव से मुक्त होने का साहस दिखाए और अपनी गतिविधियों को पारदर्शी करे.**



• देश-काल



आलोक रंजन झा 'दिनकर'

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव आगे बढ़ रहा है, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर संदेह के बादल गहराते जा रहे हैं. जिस संस्था पर मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट (एमसीसी) को सख्ती से लागू करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है वह अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करती नहीं दिख रही है. आदर्श आचार संहिता की जिस तरह खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और अपारदर्शी तरीके से चुनाव प्रक्रिया संचालित की जा रही है वह चिंता में डालने वाली है.

एमसीसी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को ऐसी गतिविधियों में शामिल होने से रोकती है, जो विभिन्न जातियों और समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद को और अधिक बढ़ाएं या परस्पर घृणा उत्पन्न करें. इसके साथ ही राजनीतिक दलों की आलोचना उनकी नीतियों, कार्यक्रमों और पिछले कार्यों तक सीमित रखकर दूसरे दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी के ऐसे सभी पहुलओं की आलोचना का निषेध करती है, जो उनकी सार्वजनिक गतिविधियों से नहीं जुड़ी हुई हैं. असत्यापित आरोपों के आधार पर दूसरे दलों और नेताओं की आलोचना से बचने का निर्देश देती है, लेकिन वर्जित होने के बावजूद वोट हासिल करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं को भड़काया और चुनाव प्रचार में धार्मिक स्थलों और तीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है. सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने के बाद भी चुनाव आयोग जिम्मेदार दलों और नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है.

लोकतंत्र में चुनाव केवल स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होना ही नहीं चाहिए, बल्कि यह दिखाई भी देना चाहिए. लेकिन क्या ऐसा हो रहा है? चुनाव आयोग द्वारा पहले चरण के मतदान के अंतिम आंकड़े और वह भी आधे-अधूरे 11 दिन बाद जारी किए जाने पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं. विपक्ष का कहना है कि आमतौर पर ये आंकड़े मतदान के 24 घंटे के भीतर जारी कर दिये जाते हैं, लेकिन इस बार ये काफी देरी से जारी हुए हैं. उसका कहना है कि दूसरे चरण के खत्म होने के चार दिन बाद फाइनल डाटा जारी किया गया. यह प्रारंभिक आंकड़े से 5.75 प्रतिशत अधिक है, जो सामान्य नहीं लगता है. विपक्ष ने यह भी कहा है कि चुनाव नतीजों में हेरफेर की आशंका बनी हुई है, क्योंकि गिनती के समय कुल मतदाता संख्या में बदलाव किया जा सकता है. वहीं जाने-माने राजनीतिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव ने कहा है कि प्रारंभिक मतदान और अंतिम मतदान आंकड़ों के बीच तीन से पांच प्रतिशत अंकों का अंतर असामान्य नहीं है, क्योंकि ऐसा पहले भी होता रहा है. इस बार चिंताजनक बात अंतिम आंकड़े प्रकाशित करने में देरी और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र एवं उसके खंडों के लिए मतदाताओं और डाले गए वोटों की वास्तविक संख्या का खुलासा न करना है. ऐसे में यहां चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वह आगे आए और विपक्षी दलों एवं जनता के संदेह को दूर करते हुए देश को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव का भरोसा दिलाये.

इससे पहले विपक्षी दलों ने पहले चरण के मतदान के बाद राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुनावी रैली में हैरान कर देने वाली की गई टिप्पणी पर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई. विपक्ष ने 'हेट स्पीच' का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की टिप्पणी दुर्भावनापूर्ण और विभाजनकारी थी और इसके जरिए एक विशेष धार्मिक समुदाय को निशाना बनाया गया था. इसको लेकर विपक्ष के साथ-साथ अन्य वर्गों के लोगों ने भी प्रधानमंत्री के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की, लेकिन चुनाव आयोग ने कई दिनों की रहस्यमयी चुप्पी के बाद इस मामले में जैसी कार्रवाई की वैसी पहले कभी नहीं देखी गई थी. चुनाव इतिहास में पहली बार आयोग ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी नेता की जगह उसके दल के अध्यक्ष को नोटिस भेजा. हालांकि इसमें भी संतुलन साधने की कोशिश की गई और तुलनात्मक रूप से कमजोर मानी जा रही एक शिकायत पर विपक्ष के शीर्ष नेता राहुल गांधी से संबंधित पार्टी के प्रधान को भी नोटिस थमा दिया गया. इसके साथ ही यह पहला चुनाव है, जिसमें दो-दो निर्वाचित मुख्यमंत्री जेल में हैं. केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी दलों और नेताओं को लगातार निशाने पर ले रही हैं. सत्तारूढ़ दल द्वारा येन-केन-प्रकारेण विपक्षी दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों को अपना नामांकन पत्र वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है, लेकिन चुनाव आयोग मूकदर्शक बना हुआ है. इससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता संदेह के घेरे में आती है.

देश ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है. ऐसे में सबकी निगाहें भारत निर्वाचन आयोग पर टिकी हैं कि कैसे वह अपनी गौरवपूर्ण विरासत को आगे बढ़ाते हुए अपनी गतिविधियों को पारदर्शी करता है. अपने 'नियोक्ता' के किसी भी नैतिक या अनैतिक दबाव से मुक्त होने का साहस दिखाकर चुनाव प्रक्रिया में जनता का विश्वास और देश में लोकतंत्र कायम रखने में अपने हिस्से का अति महत्वपूर्ण योगदान देता है. समझने की जरूरत है कि सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के लिए लेवल प्लेइंग फील्ड और भयमुक्त माहौल उपलब्ध कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है ताकि चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## व्यक्तित्व के चार शत्रु

व्यक्तित्व के वे चार शत्रु मन के चार कषाय भाव है. यथा- क्रोध, मान (मद, अहंकार), माया (छद्म व्यवहार कपट), लोभ (लालच तृष्णा). काम वस्तुतः उसके विकृत स्वरूप में ही दूषण है. यह अपने सामान्य स्वरूप में विकार नहीं है. एक ब्रह्मचारी के लिए तो काम हर दशा में अनादेय है वहीं, जो एक साथी से वचन बद्ध है या व्रतधारी है, उनके लिए मर्यादित स्वरूप में स्वीकार्य है. वैसे भी काम के प्रति जनसामान्य में सहानुभूति है. मात्र विकृत स्वरूप से ही वितृष्णा है. अतः इसे सर्वसामान्य कथन के रूप में, व्यक्तित्व का शत्रु नहीं माना जा सकता. तथापि कामविकार को तृष्णा अर्थात लोभ में परिगणित तो माना जाता ही है. प्रत्येक आत्म के साथ मोह का प्रगाढ बंधन होता है. और ये चार कषाय, मोह से ही सक्रिय होते है. मोह के दो स्वरूप हैं राग और द्वेष. मोह से ही मन के अनुकूल स्थिति 'राग' है और मोह से ही मन के प्रतिकूल स्थिति 'द्वेष' है. इन चार कषायों में दो 'राग' प्रेरित है और दो 'द्वेष' प्रेरित. माया और लोभ राग प्रेरित है तो क्रोध व मान द्वेष प्रेरित. 'मोह' से इतना स्रोत सम्बंध होने के उपरांत भी 'मोह' इन शत्रुओं का पोषक तो है, किंतु सीधा दूषण नहीं है. इसलिए व्यक्तित्व के शत्रुओं के रूप में क्रोध, अहंकार, कपट और लोभ को चिह्नित किया जा सकता है. निसंदेह अहंकार इन चारों में अधिक प्रभावशाली और दुर्जेय है. किंतु यदि मात्र अहंकार को लक्ष्य कर उसे ही साधा जाय और शेष तीनों को खुला छोड दिया जाय तो वे अहंकार को सधने नहीं देते. वस्तुतः ये चारों कषाय एक दूसरे पर निर्भर और एक दूसरे के सहयोगी होने के बाद भी अपने आप में स्वतंत्र दूषण है. इसलिए चारों पर समरूप नियंत्रण आवश्यक है. एक को प्रधानता और दूसरे के प्रति जरा सी लापरवाही, उस एक को साधने के लक्ष्य को सिद्ध होने नहीं देती. कह सकते है यह शत्रुओं का घेरा है, जिस शत्रु को कमजोर समझा जाएगा, वह निश्चित ही पीछे से वार करेगा. चारों के साथ, समरूप संघर्ष आवश्यक है. अब बात ईर्ष्या और आलस की तो ईर्ष्या 'अहंकार' का ही प्यादा है और आलस 'लोभ' का प्यादा. ये दोनों भी, उन चार प्रमुख शत्रुओं के अधीनस्थ ही है. यदि हम गौर से देखेंगे तो स्पष्ट हो जाएगा कि क्रोध, घमण्ड, अविश्वसनीयता और प्रलोभन हमारे व्यक्तित्व को असरदार बनने नहीं देते और इन चारों के अधीनस्थ जो भी दूषण आते है वे भी सभी मिलकर हमें नैतिकता के प्रति टिकने नहीं देते.

## शांति प्रयासों से खुलतीं विकास की राहें

• सियासत

मधुरेन्द्र सिन्हा

आजादी के दशकों बाद भी पूर्वोत्तर में उग्रवाद खत्म नहीं हुआ. कई हिंसक गुट खून-खराबे पर उतरते रहे और इस सुरम्य क्षेत्र की शांति को भंग करते रहे. सरकारें कोई ठोस कदम नहीं उठा पाईं और अशांति बनी रही. लेकिन इसके बाद केन्द्र सरकार की नीतियां बदलीं और कई सार्थक परिणाम देखने में आये. असम जैसे राज्य में, जहां घुसपैठियों के कारण हालत खराब रहे और लंबे समय से अशांति रही, वहां आशातीत सफलता मिली. केन्द्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर जनवरी, 2020 को दिल्ली में दशकों पुरानी बोडो समस्या के समाधान के लिए त्रिपक्षीय समझौता किया गया. इसमें भारत सरकार, असम सरकार और बोडो आंदोलन से जुड़े उग्रवादी समूहों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए. यह समझौता इतना कारगर रहा कि लगभग 1500 सशस्त्र आंदोलनकारियों ने हथियार डाल दिये. यह एक अभूतपूर्व समझौता था, जिसके चलते असम शांत हो गया है और वहां प्रगति होती दिखाई दी. दिसंबर, 2023 में असम में उल्फा उग्रवादियों के साथ भी केन्द्र सरकार ने एक निर्णायक समझौता किया, जिसने भविष्य में शांति की गहरी उम्मीद जताई है. केंद्रीय गृहमंत्री ने इसमें व्यक्तिगत रुचि दिखाई और इस समझौते पर सरकार और उग्रवादी संगठन ने हस्ताक्षर किये. जिसके फलस्वरूप 700 से भी ज्यादा हथियारबंद युवाओं ने आत्मसमर्पण कर दिया. यह समझौता इस मायने में ऐतिहासिक है कि उल्फा उग्रवाद से राज्य को बहुत नुकसान हुआ, हत्याओं का दौर चला और बंदूकें गरजती रहीं. दोनों ओर से लोग मारे जाते रहे. लेकिन अब इस समझौते ने शांति का द्वार खोला है और असम की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है. केन्द्र सरकार वहां घुसपैठिया समस्या से निपटने के लिए कई तरह के कदम उठा रही है और उसमें काफी सफलता भी मिली है. इन सबसे राज्य में शांति आई है और राज्य सरकार के लिए कामकाज करना आसान हो गया है. पिछले साल मार्च में केन्द्रीय गृहमंत्री ने घोषणा की थी कि अफस्पा को एक जिले से हटा दिया गया है और सशस्त्र बलों को उस इलाके में अब खुली छूट नहीं है. यानी कि वे भी किसी भी तरह की हिंसात्मक घटना के लिए जिम्मेदार होंगे. पहले उन पर मुकदमे वगैरह नहीं चलाए जा सकते थे. असम में दो और समझौते हुए. एक था असम-मेघालय सीमा समझौता और दूसरा कार्बी-आंगलोंग समझौता. इन समझौतों ने राज्य में दीर्घकालीन शांति और समृद्धि के लिए एक मार्ग प्रशस्त किया है. असम के मध्य में स्थित, कार्बी आंगलोंग राज्य का सबसे

> केन्द्र सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि पूर्वोत्तर से धीरे-धीरे सशस्त्र बल सुरक्षा कानून को हटाती जायेगी क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में यहां की स्थिति में काफी सुधार हुआ है. नगालैंड, जो कभी उग्रवाद का केन्द्र था, अब बेहद शांत हो गया है. कानून-व्यवस्था की स्थिति में वहां काफी सुधार हुआ है.

बड़ा ज़िला है और नृजातीय तथा आदिवासी समूहों- कार्बी, डिमासा, बोडो, कुकी, हमार, तिवा, गारो, मान (ताई बोलने वाले), रेंगमा नागा संस्कृतियों का मिलन बिंदु है. इसकी विविधता ने विभिन्न संगठनों को भी जन्म और उग्रवाद को बढ़ावा दिया. जिसने इस क्षेत्र को विकसित नहीं होने दिया. कार्बी असम का एक प्रमुख जातीय समूह है, जो कई गुटों और इनके भागों से घिरा हुआ है. कार्बी आंगलोंग ज़िले के विद्रोही समूह जैसे पीपुल्स डेमोक्रेटिक काउंसिल ऑफ कार्बी लोंगरी (पीडीसीके), कार्बी लोंगरी एनसी हिल्स लिबरेशन फ्रंट (केएलएनएलएफ) वगैरह एक अलग राज्य बनाने की मांग कर रहे थे. यह एक महत्वपूर्ण समझौता है, जो हिंसा को समाप्त करने में मदद करेगा. यहां पर स्थानीय जनता को कुछ विधायी अधिकार देने का भी प्रस्ताव है. केन्द्र सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि पूर्वोत्तर से धीरे-धीरे सशस्त्र बल सुरक्षा कानून को हटाती जायेगी क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में यहां की स्थिति में काफी सुधार हुआ है. नगालैंड, जो कभी उग्रवाद का केन्द्र था, अब बेहद शांत हो गया है. कानून-व्यवस्था की स्थिति में वहां काफी सुधार हुआ है. नागा युवा अब राष्ट्र की मुख्य धारा में प्रवेश करते जा रहे हैं. पूर्वोत्तर के ज्यादातर बाशिंदे आदिवासी हैं और उनमें भी ज्यादातर लड़ाकू जातियों से हैं. वे दूसरों को अपने पर हावी होने देना नहीं चाहते और जरूरत पड़ने पर हिंसा करते हैं. नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, असम वगैरह राज्यों में ऐसा कई बार हुआ. यहां पर राज्य सरकार के अलावा केन्द्र सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है. उसे न केवल शांति बनाये रखना होता है बल्कि पीड़ितों के लिए समुचित व्यवस्था भी करनी होती है. ब्रू-रियांग समझौता इस दिशा में एक ऐतिहासिक समझौता रहा, जो त्रिपुरा में मिजोरम से भागकर आये हुए अल्पसंख्यक ब्रू आदिवासियों के हित में किया गया.

## छात्र आंदोलन और अमेरिकी सख्ती पर सवाल

• शिक्षा जगत

पुष्परंजन

अमेरिका में चुनाव तक गाज़ा का सवाल विश्वविद्यालयों में गूंजता रहेगा. इसकी गूंज फ्रांस के शिक्षा केंद्रों में भी होने लगी है. क्या भारत में इसका 'वायरस' फैलने वाला है? यह सवाल देश के कई कैंपसों से मिलना बाक़ी है. पिछले हफ्ते पेरिस के एक शीर्ष विश्वविद्यालय 'साइंसेज-पो' में अमेरिका की देखादेखी फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शन शुरू हुआ. इमैनुएल मैक्रों इस प्रदर्शन से इतने नाराज़ हुए कि 'साइंसेज-पो' की फंडिंग ही निलंबित कर दी. 'साइंसेज-पो' में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनके प्रधानमंत्री गाब्रिएल अट्टल पढ़ाई कर चुके हैं. लेकिन ऐसा फैसला लेते समय मैक्रों ने इसका लिहाज़ नहीं किया. गाज़ा में जारी युद्ध, फ्रांस के लिए संवेदनशील मुद्दा है. फ्रांस पश्चिमी यूरोप के यहूदियों और प्रवासी मुसलमानों के लिए घर जैसा है, इसलिए दोनों तरफ़ से टकराव की स्थिति बनी रहती है. फ्रांस के धुर वामपंथी एलएफआई (ला फ्रांस इंसोमाइज) के सांसदों ने छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है. मई दिवस के दिन ज्यों लुक मेलेन्कोल ने रूढ़िवादियों और मैक्रों सरकार के अवसरवादी व्यवहार की आलोचना की है. फ्रांसीसी प्रधानमंत्री गाब्रिएल अट्टल ने कहा कि बहस की गुंजाइश हमेशा रहती है, लेकिन 'साइंसेज-पो' के शैक्षिक माहौल को अवरुद्ध करने वाले अल्पसंख्यक छात्र, बहुसंख्यकों पर अपने विचार थोप रहे थे. ऐसी विचारधारा को हम 'अटलांटिक पार से आयातित' कह सकते हैं. लेकिन इस समय ज़ेरे बहस जो बाइडेन हैं, जिनके चुनाव के समय अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जोरदार प्रदर्शन हो रहे हैं. 1 मई तक अमेरिका के 30 से अधिक कैंपसों में हुए प्रदर्शनों में 1400 से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किये गये हैं. गज़ा में नरसंहार रोकने के सवाल पर लगातार हुए प्रदर्शन को रोकने के वास्ते और यहूदी विरोधी भावना से निपटने के लिए अमेरिकी कांग्रेस में बुधवार को एक विधेयक पास हुआ. इसके पक्ष में 320 सांसद थे, और विरोध में 91. इक्कीस रिपब्लिकन और 70 डेमोक्रेट्स ने इसके खिलाफ मतदान किया था. बहुसंख्यक अमेरिकी जनता युद्धविराम के पक्ष में है, बावजूद इसके जो बाइडेन की ज़िद कहिए कि अमेरिका इजराइल का समर्थन कर रहा है. इस समय न्यूयार्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय में तनाव की स्थिति है. बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में इजराइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने छात्र प्रदर्शनकारियों की निंदा की. गिलाद एर्दान ने कहा, 'हम हमेशा से जानते थे कि हमास स्कूलों में छिपा है. हमें यह अहसास ही नहीं हुआ कि यह सिर्फ गाजा के स्कूलों में नहीं है, बल्कि अमेरिका में

> विरोध प्रदर्शनों से निपटने के तरीके को लेकर कोलंबिया की अध्यक्ष मिनोचे शफ़ीक ने हिंसा की निंदा की और कहा कि कैंपस में शैक्षणिक स्वतंत्रता सुनिश्चित होनी चाहिए. कोलंबिया यूनिवर्सिटी में जब टैंट गाड़कर प्रदर्शनकारी अड़ गये, और पुलिस ने उसे ख़ाली कराने के लिए जिस तरह से बल प्रयोग किया, उसे कोई भी अमन पसंद व्यक्ति सराह नहीं सकता.

हार्वर्ड, कोलंबिया जैसे कुलीन विश्वविद्यालय भी इनके केंद्र हैं.' व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का मानना है कि छात्रों द्वारा एक शैक्षणिक भवन पर कब्जा करना बिल्कुल गलत है. इसे शांतिपूर्ण विरोध हम कतई नहीं कह सकते. डेमोक्रेट जमाल बोमन, जो कोलंबिया विश्वविद्यालय के पास न्यूयॉर्क जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने इसे रोकने का आह्वान किया. बोमन ने एक बयान में कहा, 'कॉलेज परिसरों का सैन्यीकरण, पुलिस की व्यापक उपस्थिति और सैकड़ों छात्रों की गिरफ्तारी, हमारे लोकतंत्र की बुनियाद के बरअक्स है. विरोध प्रदर्शनों से निपटने के तरीके को लेकर कोलंबिया की अध्यक्ष मिनोचे शफीक ने हिंसा की निंदा की और कहा कि कैंपस में शैक्षणिक स्वतंत्रता सुनिश्चित होनी चाहिए. कोलंबिया यूनिवर्सिटी में जब टैंट गाड़कर प्रदर्शनकारी अड़ गये, और पुलिस ने उसे ख़ाली कराने के लिए जिस तरह से बल प्रयोग किया, उसे कोई भी अमन पसंद व्यक्ति सराह नहीं सकता. अमेरिका में प्रदर्शनकारियों को दोनों हाथों को पीछे कर हथकड़ी लगाकर ले जाने वाले विजुअल्स पूरी दुनिया देख रही है. वह किसी भी लोकतंत्रकामी को रास नहीं आ सकता. वहीं अमेरिका भारत को लोकतंत्र की नसीहत देता है. अफ़सोस, अमेरिका की बर्बर और बेहिस पुलिस पर सवाल करने की मनाही है. अमेरिका में छोटी-छोटी बातों पर पुलिस द्वारा पिस्तौल तान देना, पटककर पीछे से हथकड़ी लगा देना सामान्य-सी बात है. भारत में जघन्य आपराधिक मामलों वाले अभियुक्त को ही हथकड़ी लगाने का कोर्ट आदेश मिलता है. 80 के दशक में साधारण अपराध मामले में हथकड़ी पर रोक लगा दी गई थी. उमर ख़ालिद को हथकड़ी लगाने के आवेदन को रद्द करते हुए दिल्ली की अदालत ने टिप्पणी की थी कि उमर कोई गैंगस्टर नहीं है. तो क्या लोकतंत्र का चौधरी बने अमेरिका को भारत से नसीहत लेने की ज़रूरत है? गाज़ा के दमन चक्र के सवाल पर अमेरिकी कैंपस कुछ हफ्तों से छिटपुट प्रदर्शनों की चपेट में थे.

### मीडिया में अन्यत्र

## पूर्वी मोर्चा : पश्चिम बंगाल में चुनावी जंग

**पश्चिम बंगाल** में भाजपा ने काफी उम्मीदें पाल रखी हैं. वर्ष 2019 में उसने राज्य में 42 में से 18 सीटें और 40 फीसदी मत हासिल किया था. वर्ष 2014 की दो सीटों से अचानक इतनी बड़ी छलांग ने पार्टी को यह आत्मविश्वास प्रदान किया कि उसने 2021 के विधानसभा चुनाव में खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में पेश किया. लेकिन, ममता बनर्जी की अगुवाई वाली ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता पर कब्जा कर लिया. विधानसभा की 294 में से 77 सीटें और 38.1 फीसदी मत हासिल करके भाजपा भारी अंतर से दूसरे स्थान पर रही. इस साल, राज्य में आम चुनाव के सातों चरणों में मतदान हो रहा है. और भाजपा ने इस उम्मीद में आकाश पाताल एक कर रखा है कि वह यहां सीटें बढ़ा सकती है जिससे अन्यत्र नुकसान होने पर उसकी भरपाई भी हो सकेगी. भाजपा ने भ्रष्टाचार, संदेशखाली में जमीन हड़प एवं यौन हमले और स्कूल भर्ती घोटाले के आरोपों से टीएमसी को रक्षात्मक मुद्रा में ला दिया है. कलकत्ता हाईकोर्ट ने 25,000 शिक्षकों की नियुक्ति रद्द कर दी है जिससे भाजपा को ताकत मिली है. भाजपा के खिलाफ टीएमसी का प्रचार नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और नयी दिल्ली द्वारा केंद्रीय योजनाओं के तहत राज्य का फंड रोके जाने पर केंद्रित है. वह महिलाओं के लिए 'लोक्खीर भंडार' [लक्ष्मी का भंडार] जैसी नकद अंतरण योजनाओं पर भी भरोसा कर रही है. महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को उभारने के लिए, भाजपा ने उस संदेशखाली विधानसभा क्षेत्र से एक महिला को लड़ाया है, जहां महिलाओं पर हमले की खबरें आयी थीं. भाजपा को उत्तर बंगाल के जिलों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है. वर्ष 2019 में उसने उत्तर बंगाल की आठ में से सात सीटें जीती थीं. वहीं तृणमूल का ज्यादा ध्यान दक्षिणी जिलों पर है जहां मुस्लिम मतदाता उच्च अनुपात में हैं. टीएमसी इसके लिए वाम-कांग्रेस गठबंधन से भी जूझ रही है. अल्पसंख्यक-बहुल जिलों मालदा और मुर्शिदाबाद की कुछ सीटों पर गठबंधन एक 'फैक्टर' बन सकता है. और, गठबंधन से अलग होने के इंडियन सेक्युलर फ्रंट के फैसले से टीएमसी को फायदा मिलने की संभावना है. भाजपा राम मंदिर, रामनवमी के जुलूस के दौरान हिंसा और भारत-बांग्लादेश सीमा के आर-पार अवैध आवाजाही को मुद्दा बना रही है. धर्म के आधार पर मतदाताओं के ध्रुवीकरण ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल की मदद की थी, जिसने वाम और कांग्रेस को मैदान से बाहर कर दिया था. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## गद्दार/देशद्रोह/विश्वासघात

**कवयित्री** शाईस्ता शकील कहती हैं-अब अपनों में ही गद्दार ढूंढे जायेंगे, हर चेहरे पर अब नक़ाब ढूंढे जायेंगे. सियासत जब रंग देगी इस मुल्क को, तब लहू के रंग पर सवाल पूछे जायेंगे. शाईस्ता ने अपनों के बीच गद्दार ढूंढे जाने की बात कही है. सच पूछा जाये तो गद्दारी वही कर सकता है, धोखा वही दे सकता है, जिस पर बहुत अधिक भरोसा होता है. जहां विश्वास ही नहीं हो, वहां भला विश्वासघात कैसे होगा. रेख्ता उर्दू हिंदी शब्दकोश के अनुसार गद्दार अरबी भाषा मूल का विशेषण शब्द है. इसका मतलब है विश्वासघाती, द्रोही, बागी, विद्रोही, राष्ट्र, संस्था या शासन के विरुद्ध होकर उसे हानि पहुंचानेवाला, किसी संगठन को नष्ट करने या हानि पहुंचानेवाला, अपने देश या जाति से दुश्मनी करनेवाला, नमक हराम, अमानत में खियानत करनेवाला, बेवफा, बहुत गहरा. गद्दार वह व्यक्ति होता है, जो अपने दोस्तों को धोखा देता है, जो अपने देश को धोखा देता है, समाज को धोखा देता है. उस व्यक्ति को गद्दार कहते हैं जो किसी अन्य व्यक्ति, किसी उद्देश्य या किसी भरोसे के साथ विश्वासघात करता है. वह व्यक्ति जो अपने देश का भरोसा तोड़ता है, विश्वासघात करता है, उसे देशद्रोही माना जाता है. जब कोई व्यक्ति अपने आपको अपने देश की भलाई के विपरीत स्थापित करता है, जब कोई किसी ऐसे व्यक्ति या राजनीतिक विचारधारा या दृष्टिकोण को अपनाता है, जो उसके देश के मूल मूल्यों के लिए अभिशाप है, जब कोई पारंपरिक मर्यादा का पालन करने से इनकार करता है और उन लोगों को शर्मिंदा करता है, जिनका वह प्रतिनिधित्व करता होता है तो वह गद्दार है. ऐसा ही शब्द है देशद्रोह या राजद्रोह और विश्वासघात भी. यह किसी के द्वारा देश, परिवार या निकटतम लोगों को धोखा देने के अर्थ में सामान्य शब्द है. इसमें दो शब्द हैं-विश्वास और घात. विश्वास का मतलब भरोसा और घात का मतलब प्रहार, हत्या. जब भरोसे की हत्या होती है, तब विश्वासघात होता है.

## राजनीति में झोली, बोली और गोली

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय

झोली, बोली और गोली की वजह से देश व समाज तबाह है. बहुत सी समस्याएं इन्हीं के कारण उत्पन्न होती हैं. इन पर नियंत्रण हो जाए तो अधिकांश समस्याएं अपने आप नौ दो ग्यारह हो जाएं. लेकिन इन पर नियंत्रण हो पाना बहुत ही मुश्किल है. खैर जितना अपने वश की बात हो उतना ही करना चाहिए. नहीं तो लेने के देने भी पड़ सकते हैं. वैसे लेना-देना तो लगा ही रहता है. कम से कम लेना तो चलता ही रहता है. रही बात देने की तो लोग इसकी आदत कम डालते हैं. क्योंकि देने का अभ्यास न हो तो ज्यादा आसानी रहती हैं. कहते हैं कि लेने से अच्छा और देने से बुरा कुछ भी नहीं होता. सच है कि बूंद-बूंद से गागर भरता है. देने से झोली खाली होती है. और लेने से भरती है. अतः लोग ले-लेकर झोली भरते रहते हैं. यदि झोली भरना हो तो किसका, कैसे, कितना, ऐसे-वैसे आदि का विचार छोड़कर जैसे-तैसे और जितना हो सके उतना माल इकट्ठा करना ही पड़ेगा. आचार और विचार को बिना ताक पर धरे झोली एक सीमा से अधिक नहीं भर सकती. और आचार-विचार का दिनों-दिन अभाव होता ही जा रहा है. ऐसा हो क्यों रहा है, झोली के ही कारण. हमारे पूर्वज कहते थे कि मीठा बोलो. जब भी मुंह खोलो मीठा-मीठा बोलो. लेकिन आजकल लोग मीठा खाते तो बहुत हैं. और बोलते भी बहुत हैं मगर मीठा नहीं बोलते. जिह्वा पर मिठाई का असर ही नहीं होता और शरीर के अन्य अंग जैसे गुर्दे आदि इसका भरपूर फायदा उठाते हैं. बदले में लोग भारी हो जाते हैं. फूल जाते हैं. बाद में पता चलता है कि मधुमेह हो गया है. कुछ लोगों को तो ताज्जुब होता है कि मधु को तो हमने हाथ भी नहीं लगाया, तब ऐसा कैसे हो गया ? हाथ आये तब तो लगाएं. देखने को भी नहीं मिलता और शरीर में मधुमेह हो जाता है. खैर ऐसी बोली बोलते हैं कि लोग अपना आपा खो बैठते हैं. न अपने को शीतलता मिलती है और न ही दूसरों को. मार-पीट की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है. बोली से भी गोली चलने की नौबत आ जाती है. कोई किसी को बोली बोलता है तो कोई किसी को बोली मारता है. सास की बोली बहू को और बहू की बोली सास को गोली की तरह लगती है. और गोली लगने पर क्या होता है, यह तो जग जाहिर है. इसी तरह बाप-बेटे, पड़ोसी, नाते-रिश्तेदार व अन्य सगे सम्बन्धी भी एक दूसरे की बोली से ऐसा परेशान होते रहते हैं कि होली पर भी नहीं मिलते. बस एक दूसरे को देख कर जलते हैं.




# जयंती विशेष

*कवीन्द्र रवीन्द्र का अयस्कान्तीय व्यक्तित्व हम सबको मंत्रमुग्ध करता है, उनका कृतित्व हम सभी को अभिभूत करता है. कला, साहित्य एवं संगीत की त्रिवेणी उनके व्यक्तित्व में समाहित है. उनके व्यक्तित्व के अनेक पहलू हैं. भारतीय साहित्य, संस्कृति, शिक्षा, अध्यात्म एवं कला के विशद् क्षेत्र में अप्रतिम योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता. जीवन का ऐसा कोई भी इलाका नहीं जो महाकवि टैगोर की लेखनी से वर्णित न हुआ हो. भारतीय कला और साहित्य के सभी क्षेत्रों में उनका योगदान असीम एवं अमर है. बंगाल में जन्में टैगोर बंगाल के ही होकर नहीं रहे, प्रौढावस्था में वे पूरे भारत के कवि ने और बाद में संपूर्ण विश्व के कवि के रुप में समादृत हुए.*

## महामानव, कर्मयोगी

# रवीन्द्र नाथ टैगोर







डॉ. कमल कुमार बोस

कुशल शिल्पी, श्रेष्ठ साहित्यकार, प्रखर चिन्तक, कवि गुरु, कला गुरु, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी महामानव कवि की रचनाएं आज भी बेहद प्रासंगिक हैं. समग्रता में रवीन्द्रनाथ टैगोर का व्यक्तित्व में अनुप्राणित करता है. उनकी प्रतिभा से निःसृत रचनाएं देश की विरासत हैं जो हमें गर्वगन्धित करती हैं. उनका व्यक्तित्व सम्पूर्ण संस्कृति कर्मी के रुप में हमारे देश की शान हैं. जिनके कृतित्व के कलेवर बहुविध हैं, विस्तृत हैं. गुरुदेव का जीवन दर्शन उनकी रचनाओं में समाहित है उनकी उच्चकोटि की काव्यकृतियों में व्याप्त. उनके लिए कला हैं. बुद्धि -विलास वैभव की अभिव्यक्ति मात्र नहीं है बल्कि मनुष्य के जीने की कला की सीख है, बेहतरीन जीवन जीने का मूल मन्त्र भी है. कर्मयोगी रविन्द्रनाथ हम सबकी प्रेरणा के स्रोत हैं. अपने निबंध 'आत्म परिचय' में गुरुदेव ने अपना परिचय देते हुए लिखा है- जो लोग मिट्टी की गोद में जन्म लेते हैं जिनका जीवन मिट्टी से जुड़ा हुआ है, जो मिट्टी में चलना सीखकर मिट्टी में ही अपना जीवन समाप्त कर देते हैं-मैं उन लोगों का मित्र हूं मैं कवि हूं.₹ धरती और धरातल के साथ सदैव जुड़े रहे गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर.

### मानवता के प्रणेता

उन्होंने आदर्श राष्ट्र की कामना और कल्पना की थी. आदर्श राष्ट्र का उनका सपना अनोखा था उनका कहना था- ₹अगर एक ऐसे राष्ट्र का गठन किया जाए जहां ब्राह्मण का ज्ञान, क्षत्रिय की सभ्यता एवं रक्षण प्रवृत्ति, वैश्य की संप्रसारण शक्ति एवं शुद्र को साम्य आदर्श का समन्वय हो, लेकिन उनकी त्रुटियां न रहे, तभी एक आदर्श राष्ट्र का गठन होगा. रवींद्र नाथ का कर्मसंकुल जीवन, उनका कर्मक्षेत्र व्यापक या विस्तृत था. एक और वे बड़े कलमकार थे विश्वस्तरीय कवि - साहित्यकार थे, दूसरी ओर थे एकनिष्ठ कर्मयोगी, ऋषिकल्प रवींद्रनाथ टैगोर परहित साधक थे, मानवता के लिए प्रणेता समर्थित था उनका जीवन. यह विश्वजगत् रवींद्रनाथ के लिए सर्वभूत था और उन्हीं सर्वभूतों में कवि गुरु ने स्वयं को देखा था, खुद के होने का अनुभव किया था. अद्वैतवादियों पर तंज कसते हुए उन्होंने लिखा था कि अद्वैतवादी मानव सत्ता की उपेक्षा कर, दोनों आंखों को बंद कर ईश्वर की साधना आराधना करें : इस सत्य की विवेचना या पड़ताल करें कि यह विश्व सत्य है या मिथ्या पर मैं तो अपनी दोनों आंखों से इसी खूबसूरत विश्व के सौंदर्य में डूबकर, उसमे आनन्द निमग्न होकर इस सृष्टि का अवलोकन करुंगा, अवगाहन करुंगा. सृष्टि परमेश्वर की अनुपम कृति है. दृष्यमान जगत् अति सुन्दर है, मनुष्य इस वृहत सुन्दर सृष्टि का अहम हिस्सा है इसलिए मनुष्य सुंदर है. उनका मानव धर्म था सर्वभूत की सेवा करना. गुरुदेव ने महसूस किया कि भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है. उन्होंने गांव को देश का प्राणकेंद्र माना. इसलिए गांवों को विकसित करना उनके जीवन का लक्ष्य बना. कठिन परिश्रम कर पैदल ही नित्य गांव-गांव घूमकर गावों के पुनर्गठन के लिए बड़ी भूमिका निभायी. सामूहिकता में ही विकास पथ मजबूत होता हैं, आपस में मिलने-जुलने से सहयोगिता एवं सहभागिता के भाव को सदा ही बल मिलता है. आपसी संवाद करने का सिलसिला जारी रहे-उसके लिए मेले आदि के आयोजन पर बल दिया गया. अनेक संभ्रान्त एवं शिक्षित लोगों का साथ और हाथ मिला . आज भी शान्तिनिकेतन में व्यापक रूप में आयोजित पूस मेला असंख्य लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है.

### शान्तिनिकेतन, श्रीनिकेतन और विश्वभारती

गुरुदेव के पिता श्री महर्षि देवेन्द्र नाथ ठाकुर ने 22 दिसम्बर 1864 ई० को बोलपुर में शान्तिनिकेतन की स्थापना की. बोलपुर में स्थापित शांतिनिकेतन का एक ही लक्षय था, ब्रह्म उपासना के लिये अनुकूल आश्रम निर्मित किया जाय. सैंतीस वर्षों के बाद 22 दिसम्बर 1901 ई० को , शांतिनिकेतन में प्राचीन भारतीय शिक्षा-पद्धति के अनुसार ब्रह्मचर्य विद्यालय आश्रम की स्थापना गुरुदेव ने की. मात्र 5 छात्रों को लेकर मिशन और संकल्प का बड़ा कार्य संपन्न हुआ. रवींद्रनाथ अपनी सारी कमाई और अन्य स्रोतों से प्राप्त राशि एवं नोबेल प्राइज की राशि से प्राप्त ब्याज का उपयोग आश्रम के सारे काम में लगाते. उनकी सह धर्मिणी मृणालिनी देवी की उदारता की दाद देनी होगी, जिन्होने गुरुदेव के इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ने में अपने सारे जेवरात बेच दी . शांतिनिकेतन में पढ़ने वालोंकी संख्या बढ़ने लगी. शांतिनिकेतन के करीब स्थित संथाल पल्ली में जाकर नियमित रूप से वहां के छात्र-छात्रों को शिक्षा देने का काम करते थे. 1940 ई० में गांधी जी ने फिर शांतिनिकेतन का भ्रमण, किया. शांतिनिकेतन को विस्तारित होते देखना और इस कर्म यज्ञ की ज्योति कभी ना बुझ पाये, इस संकल्प का उत्साह सब में दिखाई पड़ा गांधी जी अति आह्लादित हुए. 23 दिसंबर 1921 ई० को बोलपुर में विश्व भारती की स्थापना की. गुरुदेव का सपना था विश्व भारती जहां विश्व के लोग एक ही छत के नीचे आकार शिक्षा ग्रहण करे. शांतिनिकेतन प्राच्य - पाश्चात्य का शिक्षादर्श बना. कुछ समय बीतने पर गुरुदेव का बड़ा सपना एवं प्रयास पूरा हुआ सार्थक हुआ जब देश विदेश की छात्राओं का प्रवेश होने लगा. 10 जुलाई 1919 ई० को विश्व भारती में नियमित रूप से अध्ययन-अध्यापन का कार्य होने लगा. ज्ञान-विज्ञान, साहित्य, संगीत, नाटक, कला, नृत्य आदि विभिन्न विधाओं में देश के नामचीन गुरुओं के सान्निध्य में पारंगतता प्राप्त करने का अनोखा -अनुपम संस्थान बना विश्व भारती. रवीन्द्र नाथ के कर्म जीवन की एक नायाब स्थापना है शांति निकेतन जिसे सन् 1991 ई० में केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्वीकृति मिली. विश्व भारती के तीन भाग हैं - पाठ भवन (यह विद्यालय विभाग है), शिक्षा भवन (महाविद्यालय विभाग है) और विद्या भवन (यह उच्चतर शिक्षा विभाग है).

गुरुदेव ने शांति निकेतन की स्थापना के पहले 1895 ई० में शिलाईदह और पतिसर के निकटवर्ती गांव के उद्धार के लिए ग्राम पुनर्गठन केंद्र के स्थापना कर महान कार्य किया. शांति निकेतन की स्थापना के बाद यहां से 3 किलोमीटर की दूरी पर सुरुल की कोठी में 1922 ई० की 6 फरवरी को ग्राम पुनर्गठन केंद्र की स्थापना की, इस केंद्र को नाम दिया गया श्री निकेतन. इस केंद्र में ग्रामीणों को कृषि के साथ कुटीर शिल्प में प्रशिक्षण देने की सार्थक व्यवस्था की गयी. विभिन्न देशों के कृषि विशेषज्ञों की सहायता ली गयी. ग्रामीणों को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से श्री निकेतन में अनेक उपयोगी विषयों के प्रशिक्षण दिए जाने लगे. जैसे कृषि कार्य, गो-पालन, मधुमक्खी पालन, हस्तशिल्प, चारुशिल्प आदि. इसके लिए अनेक शोध केंद्र भी खोले गए.

> गुरुदेव का व्यक्तित्व बहुआयामी है. वे विश्व कवि के साथ एक कर्म योगी भी थे. गीता के कर्म योग के वे अनूठे मिसाल थे. सारस्वत साधना के साथ निष्काम कर्म साधना उनके जीवन का आदर्श था, इसलिए गुरुदेव के शांति निकेतन को उपनिषद का ज्ञान कांड तथा उनके श्री निकेतन को वेदों के कर्मकांड नाम से अभिहित किया गया.

> रवीन्द्र नाथ सौंदर्य के उपासक, मानवता के पुजारी एवं भगवत् साधना के दिव्य एवं सिद्ध पुरुष थे. उनकी धारणा थी कि मृत्यु जीवन का अंत नहीं है, यह तो जीवन को पूर्णता देती है, और नए जीवन के आरंभ का कारण बनती है. उन्होंने कहा कि मृत्यु जीवन का परम आत्मीय है वह आत्मा का प्रणयी है.

### संगीत के सच्चे साधक

भारतीय संगीत में रवींद्र संगीत का स्थान अहम है. उनके साहित्य में कभी चित्र धर्मिता है , कभी संगीत धर्मिता है, तो कभी भाव धर्मिता है. रवींद्र नाथ के जीवन में संगीत का महत्व अप्रतिम था. एक सार्थक गीतकार, प्रभावशाली सुरकार एवं बड़े उम्दा गायक थे रवींद्रनाथ टैगोर. संगीत के बड़े अच्छे और सच्चे साधक थे. संगीत रचना में, साहित्य सर्जना में उन्हें बेहद खुशी होती थी. वेदों और उपनिषदों की वाणी को संगीत में मुखरित किया. उन्होंने अनेक नाट्य रचनाएं भी की- चित्रांगदा, चंडालिका, श्यामा आदि नृत्य नाट्यों में नृत्य के लिए उपयुक्त संगीत की रचना भी इन्होंने की है. संगीत के माध्यम से मुक्ति की साधना ही रवींद्र संगीत की मर्म वाणी है.

---



पंकज मित्र

विश्व में ऐसे उदाहरण बहुत ही विरल हैं जब एक संस्कृति पुरुष ने साहित्य , संगीत, संस्कृति, चित्रकला, शिक्षा सबको इतना प्रभावित किया है. दो राष्ट्रों के राष्ट्र गानों की रचना की, साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले इकलौते भारतीय बने, विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान का निर्माण किया और ऐसी संगीत रचनाएं की जो उनके नाम का पर्याय बन गई. यह संस्कृति पुरुष और कोई नहीं हमारे गौरव रवींद्रनाथ ठाकुर थे. 1913 में गीतांजलि के लिए नोबेल पुरस्कार मिला जो मूल रूप से गीत रचनाएं हैं और जिसका संगीत भी उन्होंने ही तैयार किया. रवींद्र संगीत के नाम से यह संगीत ऐसा प्रसिद्ध हुआ कि बंगाल के घर घर में छा गया. इन संगीत रचनाओं की प्रसिद्धि का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विवाहेच्छु लड़कियों के लिए इसका गायन आवश्यक योग्यता बन गया. यही वह दौर भी था जब हिंदी फिल्म संगीत की मकबूलियत बढ़ रही थी और रवींद्र संगीत ने हिंदी फिल्म संगीत को भी गहरे प्रभावित कर रही थी.



# रवींद्र संगीत से प्रभावित रही है हिंदी फिल्म

### रवींद्र को अपनाने वाले पहले संगीतकार थे पंकज

हिंदी फिल्म संगीत में रवींद्र संगीत का प्रयोग करने वाले पहले व्यक्ति थे पंकज कुमार मलिक जिन्होंने 1941 में फिल्म डॉक्टर के लिए रविंद्र संगीत की एक धुन का उपयोग किया. दिलचस्प बात यह है कि पंकज कुमार मलिक ही वह गायक /संगीतकार थे जिन्होंने उस वक्त के सितारे कुंदन लाल सहगल को न सिर्फ बांग्ला शब्दों के उच्चारण सिखाए बल्कि रवींद्र संगीत के लिए जरूरी सुरों के उतार-चढ़ाव की भी जानकारी दी और कुंदन लाल सहगल रवींद्र संगीत गाने वाले पहले गैर बंगाली गायक बन गए. मलिक ने वायु वायु मेघे की धुन का इस्तेमाल जलजला फिल्म के मशहूर गीत ₹पवन चले जोर ₹ में किया. उस दौर के कई मशहूर संगीतकारों ने रवींद्र संगीत का प्रभाव अपनी संगीत रचनाओं में ग्रहण किया और खास बात यह कि इनमें सभी संगीतकार बांग्ला भाषी नहीं थे. रवींद्र नाथ ठाकुर ने 1927 में गीत लिखा "मोने रॉबे कि ना रॉबे आमारे" जिस का स्पष्ट प्रभाव 1951 में आई दीदार के मशहूर गीत "बचपन के दिन भुला न देना" पर दिखाई देता है. रचना शकील बदायूनी की थी और संगीत दिया था नौशाद ने.

### ओ रे गृहोबाशी! खोल द्वार खोल

होली के अवसर पर शांतिनिकेतन में गाया जाने वाला गीत "ओ रे गृहोबाशी ! खोल द्वार खोल" गीत की धुन पर संगीतकार अनिल विश्वास ने वारिस (1954) में सुरैया और तलत महमूद से गीत गवाया- राही मतवाले , तू छेड़ एक बार मन का सितार. अनिल विश्वास ने ही अंगुलिमाल फिल्म के गीत "मेरे चंचल नैना" में मशहूर रविंद्र संगीत "मधु गंधे भरा" की धुन का उपयोग किया. एक और रविंद्र संगीत जिसे बंगाली समाज के हर सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य गीत की तरह गाया जाता है - मोमो चित्ते नित नृत्ये,के जे नाचे ता ता थई थई ता ता थई थई" का प्रयोग "मेरे मन की धड़कन" गीत में किया था. सचिन देव बर्मन जो अपनी संगीत रचनाओं को मूल रूप से बांग्ला एवं असमिया लोक धुनों पर आधारित रखते थे. उन्होंने भी कई गीतों में रविंद्र संगीत का इस्तेमाल किया जो हिंदी फिल्म संगीत की मधुर थाती साबित हुए- "मेरा सुंदर सपना बीत गया" ( दो भाई 1947) "ओरे माने ना माना" पर आधारित है. बर्मन दादा के संगीत निर्देशन में ही सुरैया का गाया अफसर (1950 )के गीत "नैन दीवाने" की धुन पूरी तरह "शेदिन दूजोने ,दुलेछीनू बोने" से प्रेरित है बल्कि फिल्म टैक्सी ड्राइवर 1954 की मधुर रचना - जाएं तो जाएं कहां, जिसके लिए एस डी बर्मन को पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला , यह गीत भी " हे क्षणिकेर अतिथि" से प्रभावित है. सुजाता (1959) का तलत महमूद का गाया गीत -जलते हैं जिसके लिए" रवींद्र नाथ ठाकुर की रचना एकदा तुमि प्रिये से, तो अभिमान (1973) का गीत तेरे मेरे मिलन की यह रैना (लता किशोर) जोदि तारे नाइ चिनी से , और शर्मीली फिल्म का मशहूर गीत "मेघा छाए आधी रात" के अंतरे में "लहो लहो तुले लहो" का सुंदर इस्तेमाल किया गया.



### राहुलदेव बर्मन से पंचम दा तक

राहुल देव बर्मन या पंचम दा भी रविंद्र संगीत के खजाने से मोती चुनने में पीछे नहीं थे. आप की कसम (1974 )के गीत- जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं जो मकाम, जागोरणे जाए विभावरी से, जुर्माना फिल्म में छोटी सी एक कली खिली, बसंते फूल गांथलों से, और पंचम दा की आखिरी फिल्म 1942 ,ए लव स्टोरी के कई गीत- कुछ ना कहो, यह सफर बहुत है कठिन मगर ,प्यार हुआ चुपके से- इन सभी गानों पर रवींद्र संगीत की छाया है. हेमंत कुमार ने संगीतकार के रूप में रवींद्र संगीत के कई धुनों का उपयोग किया. राजेश रोशन ने- छूकर मेरे मन को (याराना 1981) तोमार होलो शुरू , आमार होलो सारा, फिल्म युगपुरुष के गीत -बंधन खुला पंछी उड़ा, में मशहूर रवींद्र संगीत पागला हावार बादोल दिने का प्रयोग दिखता है तो परिणीता (2005) के मधुर गीत-पीयू बोले, पिया बोले में संगीतकार शांतनु मोइत्रा ने फूले फूले दोले दोले से प्रेरणा ग्रहण की है. इसके अलावा सलिल चौधरी, कनु रॉय, बप्पी लाहिरी आदि संगीतकारों ने रवींद्र संगीत का व्यापक इस्तेमाल कर पूरे भारतवर्ष को रवींद्र संगीत की मधुरता से परिचित कराया और हिंदी फिल्म संगीत इस अर्थ में गुरुदेव का ऋणी रहेगा.

# गिरिडीह में ही कही थी एकला चलो की बात



नीरज नीर

झारखंड के वन-प्रांतर, यहां का मौसम और संजीवनी हवाएं बंगाल के खासकर कोलकाता के भद्रलोक को हमेशा ही सम्मोहित करता रहा है. बंगाल के साहित्यकारों, कलाकारों की यह पसंदीदा भूमि रही है. ऐसा कहा जाता है कि गुरुदेव ने गीतांजलि की कई कविताओं को झारखंड में रहने के दौरान लिखा था. गिरिडीह में ही उन्होंने एकला चलो की बात कही थी. अपने गिरिडीह प्रवास के दौरान उन्होंने शिवाजी उत्सव लिखा था. टैगोर के मित्र शिरीषचंद्र मजूमदार गिरिडीह में रहते थे. उनको होमियोपैथी की अच्छी समझ थी. गिरिडीह प्रवास के दौरान उन्होंने कई बीमारों को होमियोपैथी के इलाज से ठीक किया. नतीजन वहां लोगों ने उन्हें डाक्टर साहब कहना शुरू कर दिया. छोटानागपुर में रहने के दौरान ही उन्होंने एक लंबी मार्मिक प्रेम कविता कैमेलिया लिखी थी.

रवींद्र नाथ ठाकुर के उपन्यास "नौका डूबी" में हम पाते हैं कि उपन्यास का मुख्य पात्र जब लॉ की पढ़ाई के बाद वकालत करने के लिए हजारीबाग आता है. वास्तव में नायक का हजारीबाग आना यूं ही नहीं होता, बल्कि हजारीबाग से रवींद्रनाथ ठाकुर का एक लगाव रहा. उन्होंने नौका डूबी उपन्यास की शुरुआत यहीं की थी. हजारीबाग की यात्रा और यहां देखे दृश्य उनके अवचेतन में गहरे दर्ज रहे. वे पहली बार 1885 में हजारीबाग आए थे. उन्होंने अपने लेख दस दिनेर छुट्टी में हजारीबाग के बारे में लिखा कि एक बड़े मैदान के बीचों-बीच साफ सुथरा हज़ारीबग़ शहर अवस्थित है, जहां आदमी कम और जगह ज्यादा है. मक्खी-मच्छर, धूल-गर्द, हो-हल्ला कहीं नहीं है. यहां के लोगों के जीवन में कोई हड़बड़ी नहीं थी. उन्होंने यहां कचहरी की कारवाई भी देखी और उसे दर्ज किया. उन्होंने लिखा कि कोर्ट के भीतर जब दो वकील बहस कर रहे थे तो उनके मुवक्किल बाहर में बैठकर आपस में हंस बतिया रहे थे. वहीं कचहरी के बाहर पीपल के पेड़ पर पपीहा लगातार बोल रहा था.

गिरिडीह और मधुपुर के बीच एक स्टेशन है, महेशमुंडा. इस स्टेशन पर एक कुआं है. कहते हैं इस कुएं के पानी में औषधीय गुण है और इस कुएं का पानी रवींद्रनाथ ठाकुर और उनका परिवार पीया करता था, जिसके लिए महेशमुंडा से पानी भरके ट्रेन के द्वारा कोलकाता ठाकुर परिवार के घर पहुंचाया जाता था. जब क्षय रोग पीड़ित बेटी रेणुका को लेकर वे मधुपुर-गिरीडीह आए थे तो भी इस कुएं का पानी उपयोग में लाते थे.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी





### महिला और पुरुष 4X400 मीटर रिले टीमों ने पेरिस का कटाया टिकट

# विश्व एथलेटिक्स रिले: दूसरे स्थान पर आकर भारतीय टीम ने कर दिखाया कमाल




**एजेंसी। नासाउ (बहामास)**

भारतीय महिला और पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया. रूपल चौधरी, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकेंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया. भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकेंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी. बाद में पुरुष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकाल कर अमेरिका (2 : 59 . 95) के बाद दूसरे स्थान पर रही. दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया. महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा क्योंकि फोकस पुरुष टीम पर था जिसने तोक्यो ओलंपिक और 2023 विश्व चैम्पियनशिप में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा था. इसके अलावा 2023 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता था. पहले दौर में पुरुष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था. राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े. भारतीय पुरुष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया. भारतीय टीम ने तोक्यो ओलंपिक में 3: 00 . 25 में रेस पूरी करके एशियाई रिकार्ड तोड़ा था. इसके बाद विश्व चैम्पियनशिप 2023 में 2 : 59 . 05 का समय निकाल कर दूसरा स्थान हासिल किया था. भारत ने चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले से दूसरे दौर की हीट में नाम वापिस ले लिया क्योंकि रमेश फिट नहीं थे. उन्होंने रविवार को चार गुणा 400 मीटर मिश्रित और पुरुष दोनों वर्गों में भाग लिया था. मिश्रित रिले का आगाज तोक्यो ओलंपिक से हुआ और भारत ने भी इसमें क्वालीफाई किया था. भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी. पहली बार लॉस एंजिलिस में 1984 खेलों में महिला चार गुणा 400 मीटर रिले की शुरुआत के बाद से भारतीय टीम आठवीं बार उतरेगी. वहीं पुरुष टीम चौथी बार भाग लेगी क्योंकि इस वर्ग की स्पर्धा 2000 सिडनी ओलंपिक से ही शुरू हुई है.अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं. एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी.

> **19** खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भाला फेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं.

---

## ब्रीफ खबरें

### रूबलेव ने पहली बार मैड्रिड ओपन जीता

**मैड्रिड।** बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रेइ रूबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया. रूबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4 . 6, 7 . 5, 7 . 5 से हराया. जीत के बाद उन्होंने कहा, मेरे पास शब्द नहीं हैं.अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था. नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे. कार्लोस अल्काराज दाहिने हाथ में सूजन से जूझ रहे थे और रफेल नडाल जल्दी हारकर बाहर हो गए थे. इगा स्वियातेक ने पहली बार महिला वर्ग में यह खिताब जीता.

### भा. जू महिला टीम की कप्तान होंगी ज्योति

**नयी दिल्ली।** डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिए भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान होंगी. भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी. ज्योति ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, टीम में अच्छा तालमेल हैं. हम सभी एक दूसरे को बखूबी जानते हैं. सभी हुनरमंद और प्रतिभाशाली हैं. विदेश में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना सीखने के लिए बहुत अच्छा होगा. भारतीय टीम 21 मई को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश से पहला मैच खेलेगी और 22 मई को ब्रेडा में ही बेल्जियम से खेलेगी.

### गेंदबाज के प्राइवेट पार्ट पर लगी बॉल, मौत

**पुणे।** क्रिकेट का खेल देखने और खेलने जितना सुखदायक है, कभी-कभी यह खेल उतना ही खतरनाक भी साबित होता है. क्रिकेट में अक्सर खिलाड़ी गेंद लगने से घायल हो जाते हैं. कई बार तो गेंद लगने से खिलाड़ी की मौत भी हो जाती है. अब एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक बल्लेबाज़ ने ऐसा शॉट मारा कि गेंद बॉलर के प्राइवेट पार्ट पर लगी और उसने वहीं दम तोड़ दिया. यह मामला महाराष्ट्र के पुणे से सामने आया है. पुणे के लोहगांव में क्रिकेट खेलते वक्त एक बच्चे के प्राइवेट पार्ट पर गेंद लगी, जिससे उसकी मौत हो गई. बच्चे को शौर्य उर्फ शंभू कालिदास खांडवे के रूप में पहचाना गया.

---

### आज के मुकाबले में नजरें मैकगुर्क और ऋषभ पंत पर

# रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी. दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं. बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिये शायद काफी नहीं हों. केकेआर (11 मैचों में 16 अंक) और रॉयल्स (10 मैचों में 16 अंक) के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (11 मैचों में 12 अंक), सनराइजर्स हैदराबाद (दस मैचों में 12 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (11 मैचों में 12 अंक) 16 अंक के पार जा सकती हैं. ऐसे में दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धौनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाये अरुण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिए दोहरी चुनौती होगी. वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा. अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा. उनके पास आस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है. ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं. दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी. युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा. उनके अलावा संदीप शर्मा के रूप में रॉयल्स के पास एक और उपयोगी गेंदबाज है. राजस्थान के गेंदबाजों का इकॉनामी रेट भी अच्छा रहा है लेकिन दिल्ली के पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ही ऐसे गेंदबाज हैं जिनका इकॉनॉमी रेट नौ से नीचे रहा है. खलील अहमद, मुकेश कुमार, लिजाड विलियम्स और एनरिच नॉर्किया काफी महंगे साबित हुए हैं. पिछली बार दोनों टीमें मार्च में जयपुर भिड़ी थी जिसमें दिल्ली को पराजय का सामना करना पड़ा था.







**टीमें**

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन.

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप.

---

# केकेआर की जीत से पॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में रविवार को डबल हेडर खेले गए. इसके तहत पहला मुक़ाबला पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया. वहीं दूसरा मैच दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेला गया. इन दोनों मुकाबलों के बाद अंक तालिका में बड़ा बदलाव हुआ है. पहले मुक़ाबले चेन्नई ने पंजाब को 28 रन से हरा दिया. वहीं दूसरे मैच में केकेआर ने 98 रनों से बड़ी जीत दर्ज़ की. यह आईपीएल 2024 में कोलकाता की 8वीं जीत थी. इसी के साथ उनके 11 मैच में 16 अंक हो गए हैं और वह राजस्थान रॉयल्स को पछाड़ टेबल के टॉप पर पहुंच गई है. राजस्थान के भी 16 अंक हैं, लेकिन केकेआर का नेट रनरेट 1.453 है. वहीं लखनऊ सुपर जाएंट्स एक स्थान नीचे खिसक कर पांचवे नंबर पर आ गया है. लखनऊ के 11 मैच में 12 अंक हैं. लखनऊ की हार से चेन्नई को फायदा हुआ है. चेन्नई पंजाब को हराने के बाद चौथे स्थान पर आ गई थी. लेकिन लखनऊ की हार के बाद उसे एक स्थान का और फायदा हुआ है. चेन्नई ने अबतक 11 मैचों में में से छह में जीत हासिल की है और 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है. चेन्नई का नेट रन रेट 0.700 है. उनके अलावा सनराइजर्स के 10 मैच में 12 और लखनऊ के भी 11 मैच में 12 अंक हैं. लेकिन सनराइजर्स का बेट रन रेट 0.072 और लखनऊ का नेट रनरेट -0.371 है.

> चेन्नई की टॉप-4 में एंट्री, लखनऊ की हार से कई टीमों को फायदा

**आईपीएल 2024 प्वांइट टेबल**

| टीम | पी | डब्लयू | एल | एनआर | पीटी | एनआरआर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| केकेआर | 11 | 8 | 3 | 0 | 16 | 1.453 |
| आरआर | 10 | 8 | 2 | 0 | 16 | 0.622 |
| सीएसके | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.700 |
| एसआरएच | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.072 |
| एलएसजी | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | -0.371 |
| डीसी | 11 | 5 | 6 | 0 | 10 | -0.442 |
| आरसीबी | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -0.049 |
| पीबीकेएस | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -0.187 |
| जीटी | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -1.320 |
| एमआई | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.356 |

---

# पीएम ने किया खुलासा : टी20 विश्वकप को मिली आतंकी धमकी

**एजेंसी। पोर्ट आफ स्पेन**

वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है. त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया है. जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है. एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं. मीडिया रपटों के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है. वेस्टइंडीज में प्रारंभिक दौर के कुछ मैचों के अलावा पूरा सुपर आठ चरण, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा. रोले ने त्रिनिदाद डेली एक्सप्रेस से कहा, यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग अलग रूपों में बना हुआ है. उन्होंने किसी संगठन का नाम नहीं लिया लेकिन रपटों में कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट ने अपने चैनल के जरिये यह धमकी दी है. आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, टूर्नामेंट में हर किसी की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिये व्यापक तथा मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है. इसने कहा, हम मेजबान देश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं.. किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किये जा रहे हैं. रोले ने कहा, किसी भी जोखिम से निपटने के लिए स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हम मुस्तैद हैं.



---

### नंबर 9 पर बैटिंग करने उतरे माही पर हरभजन सिंह ने बोला तीखा हमला

# एमएस धौनी से अच्छा एक तेज गेंदबाज...

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




महेंद्र सिंह धौनी इस सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए फिनिशर की भूमिका निभा रहे हैं और वह आमतौर पर मैच के आखिरी 1-2 ओवर में बल्लेबाजी करने आते हैं. लेकिन आईपीएल के 53वें मैच में वह पंजाब किंग्स के खिलाफ 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए. इस फैसले से पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ज्यादा प्रभावित नहीं हुए और उन्होंने माही पर तीखा हमला बोला. पंजाब किंग्स के खिलाफ एमएस धौनी ने खुद से पहले मिचेल सैंटनर और शार्दूल ठाकुर को बल्लेबाजी का मौका दिया और खुद 9वें ओवर में बल्लेबाजी करने आए. पिच पर आते ही हर्षल पटेल ने धौनी को बोल्ड कर दिया और धौनी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए. इसके बाद स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए हरभजन सिंह ने एमएस धौनी पर तीखा हमला बोला.

स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए हरभजन सिंह ने कहा- अगर एमएस धौनी 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करना चाहते हैं, तो उन्हें नहीं खेलना चाहिए. उनके स्थान पर तेज गेंदबाज को टीम में शामिल करना बेहतर होगा. वह टीम के फैसले लेने वाले खिलाड़ी हैं और उन्होंने बल्लेबाजी के लिए जल्दी ना आकर टीम को निराश किया है. आगे हरभजन सिंह कहते हैं- शार्दूल ठाकुर उनसे पहले बल्लेबाजी करने आए. ठाकुर कभी भी धौनी की तरह छक्के नहीं लगा सकते और मुझे समझ नहीं आता कि धौनी ने ये गलती क्यों की. उनकी मंजूरी के बिना कुछ नहीं होता है और मैं यह मानने के लिए तैयार नहीं हूं कि उन्हें नंबर 9 पर खिलाने का फैसला किसी और ने लिया हो. इसके बाद हरभजन सिंह कहते हैं- चेन्नई सुपर किंग्स को तेज रनों की जरूरत थी और धौनी ने पिछले मैचों में ऐसा ही किया है. यह चौंकाने वाली बात थी कि वह पंजाब किंग्स के खिलाफ अहम मुकाबले में देर से बल्लेबाजी करने आए. भले ही चेन्नई भले जीत जाता, मैं फिर भी धौनी को बाहर निकाल देता. लोग कुछ भी कहें. मैं वही कहूंगा जो सही है.

---

**आईपीएल**

### पूर्व दक्षिण अफ्रीकी कप्तान ग्रीम स्मिथ ने क्यों दिया इतना बड़ा तमगा

# सुनील नरेन हैं इस साल के प्लेयर ऑफ द सीजन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने जिस अंदाज में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को उनके ही होम ग्राउंड पर बड़े अदब से हराया, उसके बाद से उन्हें आईपीएल खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है. केकेआर ने 11 में से आठ मैच जीते हैं और 16 पॉइंट्स के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर हैं. केकेआर के लिए आईपीएल 2024 में सुनील नरेन तुरुप का इक्का साबित हुए हैं नरेन जिस तरह से पारी का आगाज कर रहे हैं, शुरू से ही विरोधी गेंदबाजों को काफी ज्यादा दबाव में डाल दे रहेहैं.. बैट से तबाही मचा रहे सुनील नरेन ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया है और यही वजह है कि साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने उन्हें अभी तक खेले गए मैचों के आधार पर आईपीएल 2024 का प्लेयर ऑफ द सीजन करार दिया है.

जियो सिनेमा पर ग्रीम स्मिथ ने कहा, लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस मैच में जो भी प्लान बनाया था, वह लागू होता नहीं दिखा. उन्होंने लेंथ, हाफ-वॉली गेंदबाजी की और सुनील नरेन ने उन्हें मैदान के चारों ओर बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया. एक बार जब वह अपनी पारी में गति पकड़ लेता है और जम जाता है, तो वह बहुत खतरनाक हो जाता है. वह इस सीजन में अच्छे प्रदर्शन के माध्यम से बहुत आत्मविश्वास से भरा हुआ है और इसमें कोई शक नहीं है कि वह इस समय तक प्लेयर ऑफ द सीजन रहा है. रमनदीप सिंह की परफॉरमेंस पर स्मिथ ने कहा, यह शानदार है... रमनदीप, 6 गेंदों पर 25 रन, एक चौका, तीन छक्के, यह कितना अच्छा है? बस अंत में, यह एक शानदार पारी थी और उसने मैदान के चारों ओर पावर के साथ मजबूती से पारी समाप्त की. पारी के अंत में ऐसा करने की क्षमता रखना एक खास टैलेंट. ब्रेट ली ने केकेआर के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को लेकर अपनी बात रखी, उसने साफ तौर से शानदार काम किया, है न? उसने 3.1 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए उसका इकॉनमी रेट शानदार था, लेकिन यह उसकी गेंदबाजी का आक्रामक तरीका था. उसने कुछ बेहतरीन बंपर गेंदबाजी की, उसने अच्छी लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी की, और यह भी दिखाया कि उसके पास गति में अच्छा बदलाव है, जो इसके साथ-साथ चलता है.



> **3.1** ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए उसका इकॉनमी रेट शानदार था

## ब्रीफ खबरें

### किशोरी ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली

**नवादा ।** नवादा जिले में 13 वर्षीय एक किशोरी का शव दुपट्टे से फांसी लगाकर झूलता हुआ पुलिस ने सोमवार को बरामद किया है. जिसे पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया है. वहीं परिजन ने कहा कि यह एक दुर्घटना,जिसमें किशोरी को उसी के दुप्पटे से फांसी लगा और मौत हो गई. हालांकि पूरा मामला जांच का विषय है. नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के गारो बीघा गांव में फांसी के फंदे से लटका एक किशोरी का शव पुलिस ने बरामद किया है. शव मिलते ही इलाके सनसनी फैल गई.

### चलती कार में लगी आग, झुलसा ड्राइवर

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के केसरिया-कल्याणपुर मार्ग पर चलती एक कार में आग लग गई, जिसमें ड्राइवर गंभीर रूप से झुलस गया और कार पूरी तरह जलकर राख हो गई. घटना केसरिया कल्याणपुर पथ के बहुआरा सुजान गांव के अवध पेट्रोल पंप के समीप की है. घायल ड्राइवर केसरिया थाना क्षेत्र की दरमाहा पंचायत के भुसौलवा के शैलेंद्र सिंह का 23 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है. जानकारी के अनुसार राहुल अपनी स्विफ्ट कार से केसरिया से अपने घर लौट रहा था. इसी बीच पेट्रोल पंप के पास अचानक गाड़ी में आग लग गई. आग लगने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई.

### मुंगेर में कूड़े के ढेर पर मिला हैंड ग्रेनेड

**मुंगेर ।** मुंगेर हथियारों का शहर के नाम से राज्य ही नहीं, बल्कि देश में विख्यात है. ऐसे में शहर में हथियारों के अलावा बम मिलना एक बड़ी बात है. जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 19 के रायसर टोला में कूड़े के ढेर के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे. इस दौरान अजीब सा सामान देखकर बच्चों ने हल्ला किया. हालांकि यह बात इलाके में आग की तरह फैल गई और पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया. स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस बात की सूचना वासुदेवपुर थाना को दिया गया. जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा तुरंत इलाके को सील करते हुए इस बात की जानकारी मुंगेर एसपी को दी.

## पटना में पहली बार रोड शो करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# हाजीपुर, वैशाली और सारण में भी करेंगे जनसभा

**संवाददाता ।पटना**



फाइल फोटो

बिहार के चुनावी समर में पीएम मोदी की ताबड़तोड़ चुनावी रैली हो रही है. लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने अबतक सात बार बिहार दौरा किया है और अलग-अलग जगहों पर जनसभा को संबोधित किया है. बीते 4 मई को प्रधानमंत्री ने दरभंगा के राज मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया था. वहीं 12 मई को एक बार फिर नरेंद्र मोदी दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं. यहां पटना में पीएम मोदी का करीब करीब आधे घंटे का रोड शो होगा. यह रोड शो आयकर गोलंबर से शुरू होगा, जो डाकबंगला चौराहा होते हुए कदमकुआं में समाप्त होगा. बता दें कि यह पहला मौका होगा, जब नरेंद्र मोदी पटना में रोड शो करेंगे.

**हाजीपुर, वैशाली व सारण में विपक्षी पर निशाना साधेंगे पीएम :** पीएम मोदी के जारी कार्यक्रम के अनुसार, पीएम मोदी रोड शो करने के बाद पटना में ही रात्रि विश्राम करेंगे.इसके बाद 13 मई को वो राज्य के तीन लोकसभा क्षेत्रों (हाजीपुर, वैशाली के मोतीपुर और सारण) में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. इस दौरान वो लालू यादव, तेजस्वी, राहुल गांधी समेत विपक्ष के नेताओं के खिलाफ निशाना साधेंगे. हाजीपुर में पीएम की सुबह 9:30 बजे चुनावी जनसभा होगी. इसके बाद वैशाली के मोतीपुर में 10:30 बजे और सारण में 12:30 बजे मोदी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे.

**पीएम के रोड शो को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** बता दें कि भाजपा ने पटना में पीएम मोदी के रोड शो के लिए पीएमओ को प्रस्ताव भेजा था. जिसकी मंजूरी पीएमओ ने दे दी है. मंजूरी मिलने के बाद पीएम के रोड शो की तैयारियां शुरू हो गयी है. पटना जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों अपनी-अपनी तैयारियों में लगे हैं. पीएम के रोड शो को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी किये जा रहे हैं. बिहार भाजपा भी पीएम के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से कर रही है.

## बिहार में मौसम का मिजाज बदला

# अगले पांच दिनों तक तेज आंधी व बारिश के आसार

**संवाददाता ।पटना**



बिहार में मौसम का मिजाज बदल गया है. सोमवार से अगले पांच दिनों तक बिहार के अधिकतर इलाकों में तेज आंधी और बारिश के आसार हैं. जिससे अधिकतम तापमान में 5 से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है. पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सोमवार को उत्तर बिहार के कुछ जगहों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है. इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है. मंगलवार को पटना समेत राज्य के ज्यादातर जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है. इसको लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. आंधी और बारिश की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. इसके साथ ही किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल को सुरक्षित कर लें. आईएमडी ने राज्य के लोगों से अपील की है कि वे आपदा प्रबंधन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें. बिजली चमकने या मेघगर्जन के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें.

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव पर कसा तंज, बोले-

# ये लोग गड़बड़ी करनेवाले थे, इसीलिए साथ छोड़ दिया

**संवाददाता ।मुंगेर**



13 मई को मुंगेर में लोक सभा चुनाव का मतदान है, जहां ललन सिंह एनडीए के उम्मीदवार हैं. ललन सिंह की जीत को सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रचार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंगेर संसदीय क्षेत्र के पंडारक में आयोजित चुनावी सभी में पहुंचे. उस चुनावी सभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंच पर मोकामा विधायक नीलम देवी भी मौजूद थी.

नीतीश कुमार अपने भाषण के दौरान कहा कि बीच में थोड़ा-बहुत इधर-उधर हो गये थे लेकिन अब देखिए वह भी साथ आ गई हैं. इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाहुबली अनंत सिंह की भी जमकर तारीफ की. वहीं, मुख्यमंत्री ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि यह लोग पूरा गड़बड़ कर रहा था. माल कमाने के चक्कर में था, इसलिए हमने उन लोगों का साथ छोड़ दिया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद तो हम जांच तो करायेंगे ही. मुख्यमंत्री ने कहा कि 1995 से हम लोग भाजपा के साथ हैं. बीच में दो बार हम इधर-उधर हो गये थे, लेकिन अब हम साथ साथ हैं. सीएम ने जदयू प्रत्याशी ललन सिंह को जीताने की अपील की. इस दौरान उन्होंने कहा कि आपलोगों ने हमें पांच बार जीताकर संसद भेजा है, उसी तरह से अब ललन सिंह यहां से आपके सांसद हैं. इन्होंने बिना किसी की कोई जाति को देखते हुए सबके लिए काम किया है. इसलिए आपलोग इनकी जीत को सुनिश्चित कीजिये.

### अनंत सिंह से पुराना संबंध था हमारा

मुख्यमंत्री ने विधायक नीलम देवी की ओर देखते हुए कहा कि इनके पति से हमारा संबंध पुराना है. बीच में थोड़ा बहुत इधर-उधर हुआ, लेकिन वह खत्म होकर फिर दोबारा आ गए हैं. इनके पिताजी से हमारे पिताजी का पुराना रिश्ता था. हम लोग 95 से साथ हैं.

### तेजस्वी बोले

#### नफरत को बढ़ावा देने वाली बातें कर रहे प्रधानमंत्री मोदी

**पटना ।** बिहार की पांच सीटों पर मतदान से एक दिन पहले तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर कहा कि पीएम मोदी अपनी चुनावी सभाओं ने नकारात्मक बातें ही करतें हैं. वह पिछले 10 साल का हिसाब नहीं दे रहे हैं. देश में नौकरी, शिक्षा, चिकित्सा, विकास जैसे मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की बजाय पीएम मोदी केवल नफरत और ईर्ष्या बांट रहे हैं. तेजस्वी ने पीएम पर झूठ बोलने का फिर से आरोप लगाया. तेजस्वी ने आगे लिखा कि बचपन से सुनते आए है कि समाज के बड़े-बुजुर्ग ज्ञान-ध्यान और काम की बातें करते है लेकिन यहां तो पीएम बुजुर्ग होने के बावजूद चुनाव में एक भी काम की बात नहीं कर रहे हैं.

# निर्दलीय प्रत्याशी को फंदे से लटकाकर पीटा

**संवाददाता ।सुपौल**



सुपौल लोकसभा सीट पर सात मई को चुनाव होने वाला है. ऐसे में चुनाव से पहले निर्दलीय प्रत्याशी मो. कलीम खान की बदमाशों ने हत्या की कोशिश की है. फिलहाल सदर अस्पताल में कलीम खान का इलाज चल रहा है. बताया जाता है कि रविवार की देर रात करीब दो बजे तीन बदमाश मो. कलीम खान को घर से उठा ले गए. काले रंग की स्कॉर्पियो से बगीचे में ले जाने के बाद फंदे से लटकाकर उन्हें मारने की कोशिश. सोमवार सुबह बगीचे से बेहोशी की हालत में गांव वालों ने मो. कलीम खान को देखा. इसके बाद इलाज के सदर अस्पताल में भर्ती कराया. उनकी हालत खतरे से बाहर है. दरअसल यह पूरा मामला पीपरा थाना इलाके के ठाढी भवानीपुर का बताया जाता है. निर्दलीय प्रत्याशी मो. कलीम खान ने बताया कि उन्होंने रविवार को प्रचार-प्रसार समाप्त होने के बाद लोगों के साथ देर रात तक बैठक की थी. इसके बाद खाना खा कर वह सोने चले गए. इसी बीच रात के करीब दो बजे कुछ लोगों ने आवाज दी. वो जब बाहर निकले तो उन्हें हथियार के बल पर एक काले रंग की स्कॉर्पियो में ले जाकर बदमाशों ने बंद कर दिया जहां उनके साथ मारपीट की गई.

कलीम खान ने बताया कि बदमाश गांव के ही एक बगीचे में ले गए. वहां एक पेड़ पर फंदे से लटका दिया और मारने की कोशिश की. इसी दौरान पेड़ की टहनी टूट गई और उनकी जान बच गई. सुबह लोगों ने उन्हें बेहोशी की हालत में देखा जिसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया.

# स्कार्पियो चलाना सीख रहे युवक ने दादा-पोता को रौंदा

**संवाददाता ।पूर्वी चंपारण**

जिले में बंजरिया थाना क्षेत्र के अजगरी पंचायत के चूरिहरवा टोला गांव में स्कॉर्पियो सीखे रहे एक युवक ने सड़क किनारे खड़े दादा व पोता को ठोकर मार दी. जिसमें दादा की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि घायल पोते का गंभीर स्थिति में इलाज चल रहा है. घटना के बाद स्कार्पियो सीख रहे युवक व चालक घटनास्थल पर गाड़ी छोड़ फरार हो गया. घटना में मृतक की पहचान अजगरी पंचायत के चूरिहरवा टोला निवासी 55 वर्षीय महंगू मियां के रूप में हुई. जबकि घायल बच्चा मृतक का दो वर्षीय पोता मोहम्मद अली बताया गया है. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चैलाहां-फुलवार मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. साथ उक्त स्कार्पियो को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. स्कॉर्पियो सीख रहे युवक के पिता शेख मुमताज को पकड़ कर जमकर पिटाई कर दी.

### गोपालगंज से सॉल्वर गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**गोपालगंज ।** नीट यूजी एग्जाम में एक सॉल्वर गैंग के सदस्य को गिरफ्तार किया गया है. पटना के शास्त्रीनगर नगर थाने में रविवार को एफआईआर के बाद अब गोपालगंज के नगर थाने में भी प्राथमिकी दर्ज हुई है. गोपालगंज में पुलिस ने सीबीएसई परीक्षा केंद्र से एक सॉल्वर को रविवार को पकड़ा है. गिरफ्तार सॉल्वर की पहचान राजस्थान के बाड़मेर जिले के कुडला थाना क्षेत्र के रिको निवासी सुरंग कुमार के पुत्र सतीश कुमार के रूप में हुई है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

## कारोबार

### भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मार्च में बढ़ी है

**नयी दिल्ली ।** भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं. एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है. मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई. खरीद प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है.

### वन 97 कम्युनिकेशंस के शेयर 5% गिरे

**नयी दिल्ली ।** वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में सोमवार को पांच प्रतिशत की गिरावट आई. वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है. कंपनी के चेयरमैन एवं मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता के इस्तीफा देने के बाद शेयरों में गिरावट आई. बीएसई पर फिनटेक कंपनी के शेयर 4.99 प्रतिशत गिरकर 351.70 रुपये पर आ गया. एनएसई पर यह पांच प्रतिशत गिरकर 351.40 रुपये पर आ गया. एक आधिकारिक बयान में गुप्ता के इस्तीफा देने की जानकारी दी गई थी.

### एनर्जी का आईपीओ नौ मई को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 131-138 रुपये प्रति शेयर तय किया है. कंपनी ने सोमवार को बयान में यह जानकारी दी. कंपनी का 41 करोड़ रुपये का निर्गम नौ मई को खुलकर 13 मई को बंद होगा. कंपनी के शेयर एनएसई एसएमई के मंच इमर्ज पर सूचीबद्ध किए जाएंगे. आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, निर्गम के तहत 10 रुपये अंकित मूल्य के 29.82 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल नहीं है. कंपनी निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल अपनी विस्तार योजनाओं के वित्तपोषण के लिए करना चाहती है.

## बर्कशायर की बैठक में अमेरिकी अरबपति वॉरेन बफे ने भारत में निवेश करने का इरादा जताया

# भारतीय बाजार में अवसरों की भरमार : बफे

### रिलायंस कंपनी का मार्केट कैप 231.78 अरब डॉलर है

**भाषा ।नयी दिल्ली**



वॉरेन बफे

- हैथवे के पास 189 अरब डॉलर का रिकॉर्ड कैश है
- मुकेश की रिलायंस देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है

भारत इन दिनों के लिए एक बेहतर उभरता बाजार है. इस पर यूरोप से लेकर अमेरिका तक के कारोबारियों की नजर है. हर कोई यहां निवेश करने को लेकर गंभीर है. इसके लिए जहां निवेश को लेकर बैठक होती है, वहां पर भारत की चर्चा होती है. सवाल किये जाते हैं और कारोबारी भारत को केंद्र में रखते हैं.

वहीं बर्कशायर की सालाना बैठक में भारतीय इक्विटी में निवेश करने वाले यूएस-आधारित हेज फंड, दूरदर्शी एडवाइजर्स के राजीव अग्रवाल ने उनसे दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी भारत में बर्कशायर की निवेश संभावनाओं के बारे में पूछा था. इस पर अमेरिका के अरबपति निवेशक वॉरेन बफे ने कहा कि भारतीय बाजार में अवसरों की भरमार है. उनकी कंपनी बर्कशायर हैथवे भविष्य में इन अवसरों को तलाश करेगी. बता दें कि बर्कशायर हैथवे जीईआईसीओ और फ्रूट ऑफ द लूम सहित कई व्यवसायों के लिए एक होल्डिंग कंपनी है. इसके अध्यक्ष और सीईओ वॉरेन बफेट हैं. बर्कशायर हैथवे का मुख्यालय अमेरिका के ओमाहा में है. बर्कशायर हैथवे के पास 189 अरब डॉलर का रिकॉर्ड कैश है. यह रिलायंस इंडस्ट्रीज को छोड़कर भारत की सभी दूसरी कंपनियों के मार्केट कैप से ज्यादा है.

मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है. इसका मार्केट कैप 231.78 अरब डॉलर है. वहीं बर्कशायर हैथवे का कैश जून में 200 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद है. बफे की इस कंपनी का मार्केट कैप 865.43 अरब डॉलर है. यह दुनिया की आठवीं वैल्यूबल कंपनी है. बफे 132 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के नौवें सबसे अमीर शख्स हैं. इस साल उनकी नेटवर्थ में 12.3 अरब डॉलर की तेजी आई है. बैठक में पूछे गये सवाल पर बफे ने कहा कि मुझे यकीन है कि भारत जैसे देशों में बहुत सारे अवसर हैं. बर्कशायर हैथवे के को-फाउंडर, चेयरमैन और सीईओ ने कहा कि हालांकि, सवाल यह है कि क्या हमारे पास भारत में उन बिजनस के बारे में जानकारी है या कोई संपर्क है जो बर्कशायर के निवेश के लिए ट्रांजैक्शन को संभव बनाएगा. इसे बर्कशायर में अधिक ऊर्जावान मैनेजमेंट आगे बढ़ा सकता है.

93 साल के बफे ने कहा कि बर्कशायर हैथवे की दुनियाभर में अच्छी प्रतिष्ठा है. उन्होंने कहा कि जापान में उनका अनुभव शानदार रहा है. भारत में छिपा हुआ या अनछुआ मौका हो सकता है. लेकिन भविष्य में इसका फायदा उठाया जा सकता है. बर्कशायर की सालाना बैठक में सबसे ज्यादा चर्चा आईफोन बनाने वाली दिग्गज ऐपल में हिस्सेदारी कम करने को लेकर हुई. बफे ने साफ किया इसका शेयर के बारे में कंपनी के लॉन्ग टर्म व्यू से कोई लेना-देना नहीं है. उन्होंने शेयरधारकों को यह भी बताया कि वाइस-चेयरमैन ग्रेग एबेल और अजीत जैन ने अपनी उपयोगिता साबित की है. बफे ने कहा कि उनके जाने के बाद ये लोग बर्कशायर का नेतृत्व करने उपयुक्त लोग हैं. जहां तक दुनिया के टॉप रईसों में शामिल वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे के बाजार मूल्य की बात है वह बेहतर है. कंपनी ने दो महीने पहले ही अपनी चौथी तिमाही का रिजल्ट जारी किया था. इसमें कंपनी का कैश बेलेंस 167.6 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. पूरे साल की बात करें तो 2023 में कंपनी की ऑपरेटिंग अर्निंग्स 17% उछलकर 37.9 अरब डॉलर पहुंच गई जो पिछले साल 30.9 अरब डॉलर थी. हैथवे का स्टॉक दुनिया का सबसे महंगा स्टॉक है. इसके क्लास ए स्टॉक की कीमत 6,32,820 डॉलर यानी करीब 5,24,49,418 रुपये है. अगर किसी के पास इस कंपनी का एक शेयर है तो उसका करोड़पति बनना तय है.

### अरविंद लिमिटेड का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 104.42 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली ।** कपड़ा विनिर्माता कंपनी अरविंद लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.32 प्रतिशत बढ़कर 104.42 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 97.3 करोड़ रुपये रहा था. अरविंद लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 2,074.51 करोड़ रुपये रही जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 1,880.76 करोड़ रुपये थी.

कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 3.75 रुपये प्रति शेयर का अंतिम लाभांश और एक रुपये प्रति शेयर का एकमुश्त विशेष लाभांश कुल मिलाकर 10 रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर के लिए 4.75 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है. इसके लिए आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी आवश्यक होगी. वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 352.63 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 में 413.17 करोड़ रुपये था. वित्त वर्ष 2023-24 में परिचालन आय 7,737.75 करोड़ रुपये रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 8,382.48 करोड़ रुपये थी.

# बीएसएनएल देशभर में अगस्त से शुरू करेगी 4जी सेवाएं

- 4जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबीट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अधिकतम गति दर्ज करने का दावा किया है

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**




सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल इस साल अगस्त से पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित 4जी सेवाएं देशभर में शुरू कर देगी. आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी. बीएसएनएल के अधिकारियों ने 4जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबीट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अधिकतम गति दर्ज करने का दावा किया है. इसे पायलट या प्रायोगिक चरण के दौरान 700 मेगाहर्ट्ज के प्रीमियम स्पेक्ट्रम बैंड के साथ 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड में भी पेश किया गया है.

कंपनी ने सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और दूरसंचार अनुसंधान संगठन सी-डॉट के नेतृत्व वाले गठजोड़ द्वारा स्वदेशी स्तर पर विकसित प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए पंजाब में 4जी सेवाएं शुरू की हैं और वह लगभग आठ लाख ग्राहकों को अपने साथ जोड़ चुकी है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सी-डॉट का बनाया हुआ 4जी कोर पंजाब में बीएसएनएल नेटवर्क में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है. इसे पिछले साल जुलाई में स्थापित किया गया था. ऐसी जटिल प्रौद्योगिकी की सफलता साबित करने में 12 महीने लग जाते हैं लेकिन सी-डॉट कोर 10 महीने के भीतर ही स्थिर हो गया है.

अधिकारी ने कहा, बीएसएनएल अगस्त में पूरे देश में आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी की पेशकश करेगा. कोर नेटवर्क एक ऐसा समूह है जिसमें दूरसंचार सेवा से जुड़े नेटवर्क हार्डवेयर, उपकरण और सॉफ्टवेयर शामिल होते हैं. टीसीएस, तेजस नेटवर्क और सरकारी स्वामित्व वाली आईटीआई को 4जी नेटवर्क तैनात करने के लिए बीएसएनएल से लगभग 19,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है. तेजस नेटवर्क के कार्यकारी निदेशक अर्नब रॉय ने हाल ही में कहा था कि बीएसएनएल का मोबाइल नेटवर्क विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है.

## एफपीओ | 4जी इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के लिए वीआई 13,000 करोड़ खर्च कर सकती है

# नोकिया व एरिक्सन के साथ बातचीत में लगी वीआई

**भाषा ।नयी दिल्ली**




### बातचीत जारी

- जून-जुलाई में वीआई पर्चेजिंग ऑर्डर दे सकती है
- वीआई कर्ज के जरिए 25,000 करोड़ जुटाने में लगी

कारोबार के क्षेत्र में फंड जुटाने का एक माध्यम फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) होता है. टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) इसी रास्ते पर चल रही है. एक रिपोर्ट के अनुसार वीआई अपने 4जी नेटवर्क को अपग्रेड करने के लिए यूरोपीय वेंडर नोकिया और एरिक्सन के साथ बातचीत कर रही है. रिपोर्ट के अनुसार, 18,000 करोड़ के एफपीओ के बाद बातचीत में तेजी आई है. 4जी इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के लिए कंपनी लगभग 13,000 करोड़ खर्च कर सकती है. चुनाव के बाद जून-जुलाई में कंपनी पर्चेजिंग ऑर्डर दे सकती है. इसमें 5जी डील भी शामिल हो सकती है. हालांकि, कंपनी ने अभी तक ऑफिशियल रूप से इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी है. एफपीओ के जरिए फंड जुटाने के अलावा टेलीकॉम कंपनी कर्ज के जरिए 25,000 करोड़ जुटाने की कोशिश कर रही है. इसके अलावा कंपनी ने प्रेफरेंशियल शेयर इश्यू के जरिए प्रमोटर यूनिट से 2,075 करोड़ जुटाने की पहले ही मंजूरी दे दी थी. रिपोर्ट के अनुसार, वोडाफोन आइडिया को 5जी शुरू करने से पहले चार नेटवर्क को अपग्रेड करना होगा. बताया जाता है कि वोडाफोन आइडिया के 4जी नेटवर्क में चीनी वेंडर्स की बड़ी हिस्सेदारी है, लेकिन चीनी फर्म को 5जी नेटवर्क के लिए अनुमति नहीं है. इसलिए टेलीकॉम कंपनी को पहले यूरोपीय वेंडर्स के माध्यम से 4जी नेटवर्क को अपग्रेड करना होगा. फिर 5जी रोलआउट की योजना बनानी होगी. दरअसल इन दिनों वोडाफोन आइडिया वित्तीय दिक्कतों से जूझ रही है. जिस पर 210000 करोड़ का कर्ज है. वोडाफोन आइडिया अपने कॉम्पिटिटर्स जियो और भारती एयरटेल के साथ कॉम्पिटिशन करने के लिए अपनी सर्विस और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना चाहती है. कंपनी अभी इन दोनों कॉम्पिटिटर्स से काफी पीछे है. बता दें कि एफपीओ एक ऐसी प्रोसेस है जिसके ऐसी कंपनी जो पहले से शेयर बाजार में लिस्ट है, वह निवेशकों या मौजूदा शेयर होल्डर्स, आम तौर पर प्रमोटर्स को नए शेयर इश्यू करती है. आसान भाषा में समझें तो शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियां सेकेंडरी मार्केट में नए शेयर इश्यू करके फंड जुटाती हैं.

# सुपरप्लम ने निवेशकों से जुटाए 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

प्रीमियम ताजे फल बेचने वाले कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप सुपरप्लम ने अपने कारोबार के विस्तार के लिए निवेशकों से 1.5 करोड़ डॉलर जुटाए हैं. कंपनी ने सोमवार को जानकारी दी कि उसने 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाने के लिए 'सीरीज ए फंडिंग राउंड' पूरा कर लिया है. सीरीज ए फंडिंग एक स्टार्टअप द्वारा पूंजी जुटाने की प्रक्रिया के चरणों में से एक है. इस वित्त पोषण दौर का नेतृत्व कंपनी के नवनिर्वाचित चेयरमैन एरिक रैगेट्ज़ ने किया. रैगेट्ज़ वैश्विक निजी इक्विटी कंपनी हेलमैन एंड फ्रीडमैन के पूर्व साझेदार एवं वर्तमान वरिष्ठ सलाहकार हैं. कंपनी के अनुसार, सुपरप्लम सीरीज ए फंडिंग के जरिए जुटाए गए धन का इस्तेमाल भारत में बुनियादी ढांचे के निर्माण तथा उत्पाद आपूर्ति श्रृंखलाओं को बदलने के लिए करेगी. सुपरप्लम की स्थापना 2019 में की गई थी. यह भारत के 22 राज्यों में किसानों के साथ काम करती है. साथ ही पूरे वर्ष 25 फलों के लिए आधुनिक सोर्सिंग और आपूर्ति श्रृंखला चलाती है. यह आम, लीची, सेब, अंगूर, चेरी और बेर जैसे फल बेचता है. एरिक रैगेट्ज़ ने कहा, सुपरप्लम के पास पास एक अविश्वसनीय रूप से मूल्यवान उद्यम बनाने का अवसर है. कंपनी के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शोभित गुप्ता ने कहा, तेजी से बढ़ते भारतीय उपभोक्ता बाजार में मांग तेज है.

▼ ब्रीफ खबरें

## दक्षिण ब्राजील में बाढ़ 75 की मौत, 103 लापता

**रियो डी जेनेरियो ।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांड डो सुल में भयावह बाढ़ में पिछले सात दिन में कम से कम 75 लोगों की मौत हो गई है और 103 अन्य लापता हैं. अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ से संबंधित घटनाओं में कम से कम 155 लोग घायल हो गए, जबकि 88,000 से अधिक लोगों को बेघर होना पड़ा है. लगभग 16,000 लोगों ने विद्यालयों, व्यायामशालाओं और अन्य अस्थायी आश्रयों में शरण ली है. बाढ़ के कारण राज्य में जगह-जगह भूस्खलन, सड़कें बह जाने और पुलों के ढह जाने की खबरें हैं.

## कुएं से मिले तीन शवों की हुई पहचान

**मेक्सिको सिटी ।** मेक्सिको के बाजा प्रायद्वीप में 'सर्फिंग' करने निकले तीन लोगों के शव एक कुएं से मिले हैं और उनकी पहचान परिजनों के द्वारा कर ली गई है. इनमें दो ऑस्ट्रेलियाई नागरिक और एक अमेरिकी व्यक्ति था. मेक्सिको के अधिकारियों ने बताया कि वे पिछले सप्ताहांत में लापता हो गए थे. बाजा कैलिफोर्निया राज्य के अभियोजकों ने कहा कि रिश्तेदारों ने लगभग 50 फीट (15 मीटर) गहरे एक कुएं से बरामद लाशों को देखा और उन्हें अपने परिजनों के रूप में पहचाना.

## इजराइली सेना ने रफाह खाली करने को कहा

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने फलस्तीनियों को पूर्वी रफ़ाह को खाली करने के लिए कहा है जिससे संकेत मिलते हैं कि वहां जल्द ही जमीनी हमला हो सकता है. इजराइली रक्षा बल के एक बयान के अनुसार, लोगों से कहा गया है कि वे तट के पास इजराइल द्वारा घोषित मानवीय क्षेत्र मुवासी में चले जाएं. सेना ने कहा कि उसने क्षेत्र में अस्पताल, तंबू, भोजन और पानी सहित सहायता का विस्तार किया है. यह घोषणा नाजुक दौर से गुजर रही संघर्ष विराम वार्ता के बीच की गई है. आशंका है कि इजराइल जल्द ही जमीनी हमला करेगा.

## श्रीलंका-तमिलनाडु से नौका सेवा फिर शुरू

**कोलंबो।** भारत में तमिलनाडु के नागप्पट्टिनम और श्रीलंका के उत्तरी प्रांत जाफना जिले के कांकेसंथुराई (केकेएस) शहर के बीच यात्रियों के लिए नौका सेवा 13 मई से फिर से शुरू होने जा रही है. भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को यह जानकारी दी. लगभग 40 वर्षों के बाद पिछले साल अक्टूबर में शुरू की गई यह सेवा खराब मौसम के कारण कुछ दिनों बाद ही बंद कर दी गई थी. आर्थिक साझेदारी के दृष्टिकोण में भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री संपर्क को मजबूत करना एक महत्वपूर्ण हिस्सा था.

## बंगाल में बम विस्फोट में किशोर की मौत

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को एक बम विस्फोट में एक किशोर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. घटना हुगली जिले के पांडुआ में एक तालाब के पास घटी जहां कुछ लड़के खेल रहे थे तभी विस्फोट हो गया. पुलिस ने बताया कि विस्फोट में घायल हुए एक लड़के की पांडुआ के एक अस्पताल में मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल किशोरों को बेहतर उपचार के लिए चिनसुराह के एक अस्पताल में भेजा गया है. पुलिस ने कहा कि जांच शुरू हो गई है.




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए एक रोड शो के दौरान उत्तर पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार कन्हैया कुमार कांग्रेस और आप समर्थकों के साथ. -पीटीआई : फोटो

अमेठी में कांग्रेस कार्यालय के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़

# एक दर्जन गाड़ियां क्षतिग्रस्त पार्टी ने भाजपा पर लगाया आरोप

एजेंसी। अमेठी (उप्र)



अमेठी के गौरीगंज में कांग्रेस कार्यालय के बाहर खड़ी गाड़ियों में कथित तौर पर तोड़फोड़ किये जाने का मामला सामने आया है. कांग्रेस ने इस घटना के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराया है. कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने सोमवार को बताया कि कांग्रेस के गौरीगंज स्थित कार्यालय के बाहर खड़ी करीब एक दर्जन गाड़ियों पर कुछ अराजक तत्वों ने हमला कर तोड़फोड़ की. एक कार से आए छह लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है.

उन्होंने भाजपा पर इस हमले का आरोप लगाते हुए कहा कि यह भाजपा की छटपटाहट का परिणाम है. सिंह ने बताया कि घायल लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है. मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की जायेगी. पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कल रात सूचना दी थी कि गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर खड़ी गाड़ियों पर पथराव कर उनके शीशे तोड़ दिए गए हैं. सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारियों को मौके पर भेजा गया और पुलिस बल तैनात किया गया साथ ही इस मामले में मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है.

केमिकल से तैयार मसालों की दो फैक्ट्रियों पर हुई छापेमारी

# दिल्ली में मिलावटी मसाले की 20 फैक्ट्रियां सील, 20 टन माल जब्त

▪ मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

एजेंसी। नयी दिल्ली

राजधानी दिल्ली में मिलावटी मसालों के एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है. उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में सड़े हुए चावल, लकड़ी के बुरादे व केमिकल से तैयार मसालों की दो फैक्ट्रियों पर छापा. पुलिस ने छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से 20 हजार किलो मिलावटी मसाले और कच्चा माल बरामद किए हैं. आरोपियों की पहचान करावल नगर निवासी दिलीप सिंह उर्फ बंटी (46), मुस्तफाबाद निवासी सरफराज (32) और सप्लायर लोनी निवासी खुर्शीद मलिक (42) के रूप में हुई. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिलावटी मसालों का खुलासा होने के बाद खारी बावली, सदर बाजार और पुल मिठाई एरिया में हड़कंप मच गया. फूड और सेफ्टी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दुकानदारों की मौजूदगी में ही सैंपल लिया जा सकता है. आरोपी खारी बावली, सदर बाजार, पुल मिठाई, लोनी के अलावा लगभग पूरे एनसीआर और अन्य राज्यों में मिलावटी मसालों की सप्लाई कर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे थे.






### ऐसे तैयार करते थे मसाले

1. **अमचूर पाउडर:** सड़े हुए चावल, जामुन, लकड़ी का बुरादा, साइट्रिक एसिड के अलावा कई अन्य केमिकल व मिट्टी मिलाकर इन्हें पीसा जाता था. बाद में बड़े-बड़े कट्टों में डालकर बेच दिया जाता था.
2. **मिर्च पाउडर:** खराब मिर्च, मिर्च के डंटल, सड़े हुए चावल, कलर और कुछ अन्य केमिकल मिलाकर मिर्च पाउडर तैयार किया जाता था। बाद में इनको 50-50 किलो के कट्टों में भरकर बाजार में भेजा जाता था.
3. **धनिया पाउडर :** बेहद खराब क्वालिटी के 10 फीसदी असली धनिया में लकड़ी का बुरादा, सड़ा हुआ बाजरा, चोकर व केमिकल मिलाकर धनिया पाउडर बना दिया जाता था.
4. **गर्म मसाला:** यूकलिप्टस के पत्ते, सड़े हुए जामुन, काली मिर्च की भूसी, जीरे की डंडी, लौंग की डंडी, पॉलिश, चोकर व कुछ पेड़ों की छाल का इस्तेमाल किया जाता था.
5. **हल्दी पाउडर:** सड़ी हुई हल्दी, सड़े हुए चावल, मिट्टी, सड़का हुआ बाजरा, कलर और केमिकल की मदद से हल्दी पाउडर तैयार किया जाता था.

### नकली मसालों से बचने के लिए बरतें ये सावधानियां

1. कोशिश करें कि साबुत मसाले लाकर घर में ही ग्राइंडर या सिल बट्टे पर पीस लें. ऐसा करने से मिलावट का खतरा खत्म हो जाता है.
2. यदि आप साबुत मसाले लाकर बाहर चक्की पर पिसवाते हैं, तो कोशिश करें कि सामने देखते रहें.
3. किसी बड़े ब्रांड के मसाले खरीदें. इनमें मिलावट की संभावना कम रहती है.
4. कभी बाजार से खुले मसाले न खरीदें. इनमें सबसे ज्यादा मिलावट होती है.

सड़े हुए चावल, बाजरा, नारियल, जामुन, लकड़ी का बुरादा, चोकर, कई पेड़ों की छाल, केमिकल, रंग आदि से मसाले तैयार किए जा रहे थे। इन मसालों को 50-50 किलो के बड़े कट्टों में भरकर भेजा जाता था.

ओडिशा की जनता की अनदेखी करने का लगाया आरोप

# भाजपा ने ओडिशा के केंद्रीय वित्तपोषण में कटौती की है: जयराम रमेश

एजेंसी। नयी दिल्ली



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओडिशा की जनता की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि भाजपा ने राज्य को केंद्र से प्राप्त होने वाले धन में कटौती की है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ओडिशा में प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों से पहले उनसे कुछ प्रश्न किए.

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ओडिशा को केंद्र से मिलने वाली फंडिंग लगातार कम क्यों हो गई? क्या प्रधानमंत्री एससी-एसटी उप-योजना को कानूनी दर्ज़ा देने की प्रतिबद्धता जताएंगे? क्या सीतलापल्ली वैगन फैक्ट्री कभी पूरी होगी? कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने ओडिशा की घोर उपेक्षा की है. उन्होंने कहा, भाजपा ने हाल के वर्षों में ओडिशा की केंद्र से होने वाली फंडिंग में लगातार कमी की है. कैग रिपोर्ट के अनुसार, राजस्व प्राप्ति के प्रतिशत के रूप में केंद्रीय हस्तांतरण लगातार घटकर 2017-18 में 57 प्रतिशत से 2021-22 में 38 प्रतिशत रह गया है.

उन्होंने कैग का हवाला देते हुए कहा कि इसी तरह राज्य की राजस्व प्राप्तियों के प्रतिशत के रूप में केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 2018-19 से 2021-22 तक लगातार घटती रही है. रमेश ने कहा, पंद्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत अनुदान में भी हाल में कमी आई है. प्रधानमंत्री के पसंदीदा नारे सबका साथ-सबका विकास का क्या हुआ?

## सुप्रीम कोर्ट ने उमर अंसारी को दी जमानत

**नयी दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत गैंगस्टर-नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 के यूपी विस चुनाव के दौरान दर्ज एक आपराधिक मामले में सोमवार को जमानत दे दी. मामला आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन का है. न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने उमर से मामले के सिलसिले में निचली अदालत में पेश होने को कहा. शीर्ष अदालत ने 25 जनवरी को उमर को मामले में गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया था. इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले साल 19 दिसंबर को उमर अंसारी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी थी. इस संबंध में चार मार्च, 2022 को मऊ जिले के कोतवाली थाने में 150 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हुआ था.

# दो आरोपियों के घर ध्वस्त ट्रैक्टर मालिक हुआ गिरफ्तार

मप्र में अवैध रेत खनन व पुलिसकर्मी की हत्या का मामला

एजेंसी। शहडोल (मध्य प्रदेश)

मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में अवैध खनन कर निकाली गई रेत ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से पुलिसकर्मी की कुचलकर हत्या करने के मामले में अधिकारियों ने दो आरोपियों के घर ध्वस्त कर दिए हैं. यह जानकारी सोमवार को एक अधिकारी ने दी. पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने बताया कि पुलिस ने फरार ट्रैक्टर-ट्रॉली मालिक सुरेंद्र सिंह को भी रविवार देर रात गिरफ्तार कर लिया. ब्योहारी थाना क्षेत्र के बड़ौली गांव में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात को हुई इस घटना के सिलसिले में पहले ही सुरेंद्र सिंह के बेटे आशुतोष सिंह और वाहन चालक राज रावत को गिरफ्तार किया जा चुका है. आशुतोष घटना के वक्त ट्रैक्टर चला रहा था.

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मृतक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) महेंद्र बागड़ी के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता देने का प्रस्ताव को मंजूरी के लिए चुनाव आयोग को भेजा जाएगा. जिला कलेक्टर तरुण भटनागर ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक सुरेंद्र सिंह के 10 लाख रुपये और चार लाख रुपये कीमत के दो मकान भी ध्वस्त कर दिए गए.

## यौन शोषण की पीड़िताओं के लिए एसआईटी ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**बेंगलुरु ।** हासन से जनता दल (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न किए जाने की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है जिसके माध्यम से पीड़ित उससे संपर्क कर सकते हैं. एसआईटी प्रमुख बी के सिंह ने एक बयान में कहा कि हेल्पलाइन नंबर पर पीड़ित फोन कर सकते हैं. सिंह ने कहा कि पीड़ितों को एसआईटी कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि टीम उन्हें राहत देने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क करेगी. एसआईटी ने लोगों को चेतावनी दी कि रेवन्ना द्वारा महिलाओं के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ करने वाले वीडियो व सोशल मीडिया या व्यक्तिगत मैसेंजर एप्लिकेशनों पर साझा न करें.

# 8.37 करोड़ रुपये का सोना जब्त, 10 लोग गिरफ्तार हुए

एजेंसी। मुंबई

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार दिन तक चलाए अभियान के दौरान 8.37 करोड़ रुपये मूल्य का 12.47 किलोग्राम सोना और इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया और 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया. एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि यह अभियान यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 29 अप्रैल से दो मई तक चलाया गया. जब्त किया गया सोना विभिन्न यात्रियों ने अलग-अलग तरीकों से छिपाया हुआ था. अधिकारी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस संबंध में पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने हवाई अड्डे



पर अनुबंधित कर्मचारी के रूप में काम कर रहे एक भारतीय नागरिक को पकड़ा और उसे सीमा शुल्क अधिकारियों को सौंप दिया.

विज्ञप्ति के अनुसार, व्यक्ति की तलाशी के दौरान उसकी पानी की बोतल में 2.58 किलोग्राम सोने के आठ टुकड़े मोम के रूप में बरामद किए गए. उसे गिरफ्तार कर लिया गया. एक अन्य मामले में दुबई से आ रहे चार भारतीय नागरिकों को रोका गया और उनके अंतर्वस्त्रों तथा शरीर में छिपाकर रखा गया 3.335 किलोग्राम सोना जब्त किया गया.

## अदालत ने के. कविता की जमानत याचिकाएं खारिज कीं

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले के संबंध में भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं. इन मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है. सीबीआई और ईडी अदालत की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि इस स्तर पर राहत देना सही नहीं है. कविता ईडी तथा सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं. ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद में कविता (46) के बंजारा हिल्स स्थित आवास से उन्हें गिरफ्तार किया था और वह मामले में न्यायिक हिरासत में हैं.




**गुवाहाटी:** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की पूर्व संध्या पर चुनाव सामग्री लेकर मतदान अधिकारी चुनाव ड्यूटी के लिए रवाना हो गए. -पीटीआई : फोटो

चुनावी टक्कर | दोनों पति-पत्नी क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का कर रहे हैं वादा

# विष्णुपुर लोस सीट पर तलाकशुदा दंपती के बीच मुकाबला

एजेंसी। बांकुड़ा

पश्चिम बंगाल की बिष्णुपुर लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला है जहां तलाकशुदा दंपती भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर आमने-सामने हैं तथा दोनों ही यहां की पेयजल समस्या और खस्ताहाल सड़कों की समस्या दूर करने के वादे कर रहे हैं. बिष्णुपुर लोकसभा सीट से सौमित्र खान भाजपा के टिकट पर और उनकी तलाकशुदा पत्नी सुजाता मोंदाल तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर अपनी किस्मत आजमा रही हैं. बिष्णुपुर लोकसभा सीट साल 2014 तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (एम) का गढ़ थी. इसके बावजूद सौमित्र खान ने 2014 में पहली बार तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर यह सीट जीतने में कामयाबी हासिल की. साल 2019 में भाजपा में शामिल होने के बाद फिर से खान ने अपनी जीत दोहराई. स्थानीय लोग बारजोरा, सोनामुखी और ओंदा आदि इलाकों में जल संकट का जिक्र करते हैं और तृणमूल उम्मीदवार सुजाता मोंदाल कहती हैं कि इस समस्या के हल के प्रयास किए जा रहे हैं.



• *सौमित्र खान ने 2014 में 45.5 प्रतिशत वोट हासिल की थी : बिष्णुपुर से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे सौमित्र खान ने 2014 में 45.5 प्रतिशत वोट हासिल किए थे. इसके मुकाबले पिछले चुनाव में उन्होंने 46.25 प्रतिशत वोट लेकर अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को 78,000 मतों के अंतर से हराया था.*

### सौमित्र खान 2019 में अपनी सीट बरकरार रख पाए

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सुजाता के अथक प्रयासों की वजह से सौमित्र खान 2019 में अपनी सीट बरकरार रख पाए. इसके बाद दोनों अलग हो गए. दिसंबर 2020 में सुजाता यह दावा करते हुए तृणमूल कांग्रेस में चली गईं कि भाजपा ने उनके अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें वह नहीं दिया जिसकी वह हकदार थीं. उन्होंने हुगली जिले की आरामबाग विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर 2021 का विधानसभा चुनाव लड़ा पर हार गईं.

### सांसद को कभी देखा भी नहीं

उन्होंने कहा, यह मेरी मातृभूमि है और लोग मुझे जानते है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बारजोरा में केवल 857 मिमी वार्षिक वर्षा होती है, जो जिले में सबसे कम है. सोनामुखी की शंपा गोस्वामी कहती हैं इलाके के ज्यादातर नलों में पानी की एक बूंद नहीं है. हमारी मुख्य मांग है कि इस चुनाव में हमारी पेयजल की समस्या का समाधान किया जाए. निवर्तमान सांसद सौमित्र खान को उनकी कथित अनुपस्थिति और अधूरे वादों के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है.

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से पांच नाबालिगों की मौत

**जबलपुर (मप्र) ।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में सोमवार की सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने के कारण 10 से 15 साल की उम्र के पांच नाबालिगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए. शहर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) सुनील नेमा ने बताया कि यह घटना सोमवार को सुबह जबलपुर जिले के चरगवां पुलिस थाना क्षेत्र के तिनहेता देवरी गांव में हुई. उन्होंने बताया कि जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली में बच्चे जा रहे थे, उसके पलट जाने से 10 से 15 साल की उम्र के पांच लड़कों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. नेमा ने बताया कि ये बच्चे एक शादी समारोह के लिए ट्रैक्टर में पानी का टैंकर लेकर जा रहे थे. उन्होंने बताया कि चालक लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था तथा नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन पलट गया.

# हत्या मामले में भाजपा के पूर्व सांसद समेत छह बरी

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात उच्च न्यायालय ने 2010 में सूचना का अधिकार (आरटीआई) कार्यकर्ता अमित जेठवा की हत्या के मामले में सीबीआई ने अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के खिलाफ भाजपा के पूर्व सांसद दीनू सोलंकी और छह अन्य की अपील सोमवार को स्वीकार कर ली. न्यायमूर्ति एएस सुपेहिया और न्यायमूर्ति विमल के व्यास की खंडपीठ ने सीबीआई अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें उपरोक्त सभी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी. उच्च न्यायालय ने गौर किया कि निचली अदालत ने दोषी ठहराने की पूर्व निर्धारित धारणा के साथ कार्यवाही की और प्रतीत होता है कि अपराध को लेकर की गई जांच में शुरुआत से ही सावधानी नहीं बरती गई तथा यह पूर्वाग्रहपूर्ण है. उच्च न्यायालय परिसर के बाहर 20 जुलाई 2010 को जेठवा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

सोलंकी और छह अन्य को हत्या तथा आपराधिक साजिश के मामले में 2019 में सीबीआई अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और 15 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया था. उच्च न्यायालय ने बाद में दीनू सोलंकी और इस मामले में दोषी ठहराए गए उनके भतीजे की आजीवन कारावास की सजा पर रोक लगा दी थी. उच्च न्यायालय ने मामले के मुख्य आरोपी दीनू सोलंकी और छह अन्य की अपील को सोमवार को स्वीकार कर लिया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाने वाले सीबीआई अदालत के आदेश को रद्द कर दिया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)